# देशबन्धु

जबलपुर, रविवार 10 सितंबर 2023 । वर्ष – 67 । अंक – 304 । पृष्ठ – 12 । मूल्य – 3.00 रु.

■ रूपा (कहानी)
■ स्त्री जीवन की धड़कनों... 04

■ तुर्की के फारूक ओजर को 11 हजार साल...
■ हांगकांग में 140 साल में सबसे ज्यादा बारिश 09

■ मानसून में देरी के बावजूद धान का रकबा...
■ आयकर अधिकारी स्टार्टअप निवेशकों... 11

■ बारिश से खलल की आशंका..
■ घरेलू मैदान पर विश्वकप.. 10




पाठकों को सलाह दी जाती है कि वे इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में पैसे भेजने, किसी भी कीमत का भुगतान करने या किसी भी अनुरोध या दावों का पालन करने से पहले उचित पूछताछ करें और उचित परामर्श प्राप्त करें। पत्रकार प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड (देशबन्धु) और विज्ञापन एजेंसी, सेवाओं के संबंध में किए गए दावों की जिम्मेदारी नहीं लेते हैं। पत्रकार प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड (देशबन्धु), मुद्रक, प्रकाशक और संपादक और मालिक - पत्रकार प्रकाशन प्राइवेट लिमिटेड और विज्ञापन एजेंसी को किसी भी परिणाम के लिए जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है यदि विज्ञापनदाता ऐसे दावों का सम्मान नहीं करता है।

# जी-20 नई दिल्ली घोषणा पत्र आम सहमति से पारित

## विश्व में भरोसे का संकट, बातचीत से करेंगे दूर : मोदी





## घोषणा पत्र में 9 बार आतंकवाद,4 बार यूक्रेन का किया गया जिक्र

## अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर हुई चर्चा

**नई दिल्ली,देशबन्धु।** नई दिल्ली में जारी जी-20 सम्मेल के पहले दिन ही साझा घोषणा पत्र पर सहमति बन गई है। शनिवार को दूसरे सेशन की शुरुआत में प्रधानमंत्री मोदी ने बतौर अध्यक्ष सभी सदस्य देशों की सहमति से नई दिल्ली घोषणा पत्र पारित कर दिया। घोषणा पत्र पास होने के बाद विदेश मंत्री एस जयशंकर ने कहा कि सभी देशों ने नई दिल्ली घोषणा पत्र मंजूर किया है।

सभी लीडर्स ने माना है कि जी-20 राजनीतिक मुद्दों पर बहस करने का प्लेटफॉर्म नहीं है। लिहाजा अर्थव्यवस्था से जुड़े अहम मुद्दों पर चर्चा की गई । हालांकि इस घोषणा पत्र में यूक्रेन जंग का 4 बार जिक्र हुआ है। साझा घोषणा पत्र पर सभी देशों की सहमति इसलिए खास है, क्योंकि नवंबर 2022 में इंडोनेशिया समिट में जारी घोषणा पत्र में रूस-यूक्रेन युद्ध को लेकर सदस्य देशों के बीच सहमति नहीं बन पाई थी। तब रूस और चीन ने अपने आप को युद्ध के बारे में की गई टिप्पणियों से अलग कर लिया था। तब घोषणा पत्र के साथ ही इन देशों की लिखित असहमति शामिल की गई थी।

### संगठन का सदस्य बना अफ्रीकन यूनियन

प्रधानमंत्री ने अपने उद्घाटन भाषण में मोरक्को भूकंप में मारे गए लोगों को श्रद्धांजलि दी। उन्होंने कहा- दुख की घड़ी में हम मोरक्को के लोगों के साथ हैं और उनकी हरसंभव मदद करेंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि कोरोना के बाद विश्व में विश्वास का संकट पैदा हो गया है। युद्ध ने इस संकट को और गहरा कर दिया है।

जब हम कोरोना को हरा सकते हैं तो आपसी चर्चा से विश्वास के इस संकट को भी दूर सकते हैं। ये सभी के साथ मिलकर चलने का समय है। आज हम जिस जगह इकट्ठा हुए हैं, यहां से कुछ किमी दूर ढाई हजार साल पुराना स्तंभ है। इस पर प्राकृत भाषा में लिखा है कि मानवता का कल्याण सदैव सुनिश्चित किया जाए। ढाई हजार साल पहले भारत की धरती ने यह संदेश पूरी दुनिया को दिया था। 21वीं सदी का यह समय पूरी दुनिया को नई दिशा देने वाला है।

( पृष्ठ 2 पर भी विस्तृत खबरें )

### घोषणा पत्र के मुख्य प्रस्ताव

- सभी देशों को यूएन चार्टर के नियमों के मुताबिक काम करना चाहिए।
- बायो फ्यूल अलायंस बनाया जाएगा।
- एक धरती, एक परिवार, एक भविष्य पर जोर दिया जाएगा।
- मल्टीलैट्रल डेवलपमेंट बैंको को मजबूती दी जाएगी।
- ग्लोबल साउथ की प्राथमिकताओं पर जोर दिया जाएगा।
- क्रिप्टोकरेंसी को लेकर एक ग्लोबल पॉलिसी बनाने पर बात होगी।
- कर्ज को लेकर बेहतर व्यवस्था बनाने पर जोर दिया है।
- दुनिया में तेजी से विकास करने वाले शहरों को फंड किया जाएगा।
- ग्रीन और लो कार्बन एनर्जी टेक्नोलॉजी पर काम किया जाएगा।
- सभी देशों ने आतंकवाद के हर रूप की आलोचना की है।

# राम मंदिर में 22 जनवरी को विराजेंगे रामलला

## मोदी को भेजा न्यौता



**अयोध्या।** अयोध्या में 22 जनवरी 2024 को राम मंदिर में रामलला विराजेंगे। 15 जनवरी से मंदिर में प्राण प्रतिष्ठा समारोह शुरू होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को इस कार्यक्रम के लिए न्योता दिया जा चुका है। सूत्रों के मुताबिक समारोह के अंतिम दिन यानी 22 जनवरी को पीएम मोदी की मौजूदगी में राम मंदिर में रामलला को विराजमान किया जाएगा। शनिवार को राम मंदिर से जुड़ी भवन निर्माण समिति की दूसरे दिन बैठक में इन सभी बातों पर चर्चा हुई।

## मोरक्को भूकंप 632 की मौत

**मोरक्को।** मोरक्को में आए 6.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 632 हो गई है, जबकि 329 लोग घायल हो गए। बड़ी संख्या में लोग इमारतों के नीचे दबे हुए हैं, जिन्हें बचाने के लिए बड़े स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मरने वालों का आकड़ा और बढ़ सकता है।

### बिरादरी की बात

**चूहा-सुनती हो**-मुख्यमंत्री ने लाड़ली बहना आवास योजना भी स्वीकृत कर दी है।

**चुहिया- हां प्रिये**- इस घोषणा से बहनें भर नहीं बहनोई भी खुश हुए।

## शिवराज आज फिर डालेंगे लाड़ली बहनों के खाते में 1-1 हजार, अक्टूबर से 1250 आएंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री शिवराज आज एक बार फिर प्रदेश की लाड़ली बहनों के खातों में 1-1 हजार रुपए की चौथी किस्त जारी करेंगे। इस बार 1.32 करोड़ लाड़ली बहनें लाभान्वित होंगी। यह कार्यक्रम ग्वालियर में आयोजित हो रहा है। दोपहर 2 बजे मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना की राशि अंतरित की जाएगी। इस कार्यक्रम में शामिल होने के लिए लाड़ली बहनें अलग अलग जगह से एकत्र होंगी और संवाद में भी शामिल होंगी। अक्टूबर से लाड़ली बहनों के खाते में 1250 रुपये भेजे जाने की घोषणा मुख्यमंत्री ने की।

### मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय

- प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना के रसोईयों के मासिक मानदेय में दोगुनी वृद्धि
- बैकलॉग / कैरी फारवर्ड पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान में 1 वर्ष की वृद्धि
- अतिथि शिक्षकों का मानदेय दोगुना करने को भी हरी झंडी

# मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना स्वीकृति



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री अंत्योदय आवास योजना अब मुख्यमंत्री लाड़ली बहना आवास योजना के रूप में जानी जायेगी। इस योजना को सभी वर्गों के आवासहीन पात्र परिवारों के लिये मान्य किया जायेगा। भविष्य में जब-जब प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण अंतर्गत आवास निर्माण की इकाई लागत वृद्धि होगी तब-तब इस योजना के अंतर्गत भी इकाई लागत में वृद्धि की जायेगी।

यह निर्णय आज यहां मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद की बैठक में लिया गया । बैठक मुख्यमंत्री निवास समत्व भवन में संपन्न हुई। प्रधानमंत्री पोषण मंत्रि-परिषद ने पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग के अन्तर्गत संचालित प्रधानमंत्री पोषण शक्ति निर्माण योजना में संलग्न रसोईयों के

➤➤शेष पृष्ठ 2 पर




केवल 18+ | इस खेल में आर्थिक जोखिम तत्व संबद्ध है और इसकी आदत लग सकती है. कृपया ज़िम्मेदारी से और अपने जोखिम पर खेलें.

पाठकों को सलाह दी जाती है कि वे इस प्रकाशन में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन के संबंध में होने वाले किसी भी खर्च या किसी भी व चनबद्ध दावे के निष्पादन के संबंध में पैसे भेजने से पूर्व उचित पूछताछ करें और उचित परामर्श लें. Patrakar Prakashan Pvt. Ltd. और विज्ञापन एजेंसी विज्ञापनदाता द्वारा उसके उत्पादों और सेवाओं के संबंध में किए गए दावों की कोई ज़िम्मेदारी नहीं लेते हैं. Patrakar Prakashan Pvt. Ltd. के स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक और संपादक यदि विज्ञापनदाता द्वारा ऐसे दावों को पूरा नहीं किया जाता है तो इससे संबंधित किसी भी परिणाम के लिए Deshbandhu को ज़िम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता है.

# देश-विदेश

## त्रिपुरा के धर्मनगर में भूकंप के झटके, 4.4 की तीव्रता के साथ कांपी धरती

**धर्मनगर।** त्रिपुरा के धर्मनगर के उत्तर पूर्व में 72 किमी की दूरी पर 4.4 तीव्रता के साथ शनिवार को भूकंप के झटके महसूस किये गए। राष्ट्रीय भूकंप विज्ञान केंद्र ने भूकंप आने के बाद यह जानकारी दी। बताया जा रहा है कि भूकंप जब आया अचानक से घर हिलने लगे। जिससे डरकर लोग घरों से निकलकर भागने लगे और भूकंप जाने के कुछ देर बार लोग डरे सहमे अपने घरों में दोबारा गये। फिलहाल अब ताकि जो खबर है। उसके अनुसार किसी जान-माल के नुकसान की खबर नहीं है। लेकिन लोगों के चेहरे पर डर साफ झलक रहा है।




# जी-20 शिखर सम्मेलन : 37 पेज का है घोषणा पत्र

## जी-20 में देश के नाम की पट्टी पर 'भारत' कोणार्क चक्र के सामने किया मेहमानों का स्वागत

**नई दिल्ली।** वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने कहा कि हमें चुनौतीपूर्ण समय में भारत को जी-20 शिखर सम्मेलन की अध्यक्षता मिली। जी-20 का साझा घोषणा पत्र कुल 37 पेज का है। इसमें कुल 83 पैराग्राफ हैं। वित्तमंत्री ने मीडिया के समक्ष विस्तार से इनका जिक्र किया।

सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में जब उद्घाटन भाषण दिया, तो जो तस्वीर सामने आई उसने सबका ध्यान खींचा। पीएम मोदी के आगे देश का नाम इंडिया नहीं भारत लिखा था। ये पहला मौका है जब किसी अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन प्रधानमंत्री की सीट के सामने देश का नाम इंडिया नहीं लिखा गया है। पिछली जी 20 बैठक इंडोनेशिया के बाली में 14 से 16 नवंबर को हुई थी। तब पीएम मोदी के आगे देश का नाम इंडिया ही लिखा था। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दिल्ली के 'भारत मंडपम' में जी-20 समिट में आए विश्व नेताओं का स्वागत किया। मोदी जिस जगह मेहमानों का स्वागत कर रहे थे, वहां बैकग्राउंड में कोणार्क मंदिर का सूर्य चक्र बना हुआ था। जब बाइडन वहां पहुंचे तो मोदी ने स्वागत किया। बाइडन की नजर चक्र पर पड़ी तो प्रधानमंत्री उनका हाथ पकड़कर सूर्य चक्र के बारे में बताने लगे। बाइडन भी उनकी बात सुनते नजर आए। मोदी ने ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ऋषि सुनक का गले लगाकर स्वागत किया। जर्मनी के चांसलर ओलाफ शोल्ज की आंख पर लगी चोट को लेकर उनका हालचाल जाना। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव पहुंचे, तो मोदी ने आगे बढ़कर उनका गर्मजोशी से स्वागत किया।




## मोदी की छवि चमकाने को असलियत पर डाला पर्दा : कांग्रेस

**नई दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि दिल्ली में चल रहे जी-20 के सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की छवि चमकाने के लिए असलियत पर पर्दा डालने का काम हुआ है और इसके लिए हजारों झुग्गी वालों को बेघर किया गया है। कांग्रेस संचार विभाग के प्रभारी जयराम रमेश ने शनिवार को यहां जारी एक बयान में कहा कि जी20 का उद्देश्य सकारात्मक पहल के लिए विश्व की प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं का एक मंच पर आना है। इसका उद्देश्य वैश्विक समस्याओं को सहयोगात्मक ढंग से निपटना है। उन्होंने कहा कि सरकार का जोर सिर्फ इस बात पर है कि किसी भी तरह से प्रधानमंत्री की छवि को चमकाने में कोई कमी नहीं रह जाए। दिल्ली के लोगों की असलियत जी-20 सम्मेलन में नजर नहीं आए इसके लिए झुग्गियों को या तो ढक दिया गया है या ध्वस्त कर दिया गया है। सरकार की इस कार्रवाई से दिल्ली के हज़ारों लोग बेघर हो गए और उन्हें भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

## बड़ी तबाही लेकर आया मोरक्को का भूकम्प, लगातार बढ़ रही मृतकों की संख्या

**अल-हौज।** मोरक्को में आया भूकम्प भारी तबाही लाया है और मृतकों की संख्या लगातार बढ़ती जा रही है। 6.8 तीव्रता के शक्तिशाली भूकंप से मरने वालों की संख्या बढ़कर 632 से ज्यादा हो गई है, जबकि 329 लोग घायल हो गए। स्टेट टीवी ने शनिवार को यह जानकारी दी। बड़ी संख्या में लोग इमारतों के नीचे दबे हुए हैं, जिन्हें बचाने के लिए बड़े स्तर पर रेस्क्यू ऑपरेशन चलाया जा रहा है। मरने वालों का आकड़ा और बढ़ सकता है। भूकंप के बाद चारों तरफ अफरा-तफरी का माहौल देखा गया।

### बचाव कार्य जारी, मोदी ने दिया हर संभव मदद का भरोसा

मोरक्को के आंतरिक मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि अल-हौज, मराकेश, उआरजाजेट, अजीलाल, चिचौआ और तरौदंत के प्रांतों और नगर पालिकाओं से मौतों की सूचना मिली है। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण के अनुसार, भूकंप का केंद्र मराकेश से 71 किमी दक्षिण-पश्चिम में हाई एटलस माउंटेन में 18.5 किमी की गहराई पर था। भूकंप रात 11.11 बजे आया और सोशल मीडिया पर वीडियो में लोगों को सड़कों पर भागते हुए देखा गया। प्रधानमंत्री मोदी ने गहरा दुख जताते हुए हर संभव मदद का भरोसा दिया है। उन्होंने एक्स पर पोस्ट करते हुए गहरी संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

### चमत्कार! मलबे में जिंदा मिला बच्चा



इसी बीच रेस्क्यू ऑपरेशन का एक दर्दनाक वीडियो सामने आया है, जिसमें एक बच्चा मलबे में फंसा हुआ है। गनीमत ये है कि बच्चा अभी भी जिंदा है। उसे बचाने का काम तेजी से चलया गया। ढही हुई इमारत के मलबे के नीचे एक बच्चा फंसा हुआ दिख रहा है। बच्चा रो रहा है और मदद की गुहार लगा रहा था।

## जी-20 शिखर सम्मेलन : आकर्षण का केंद्र बना डिजिटल एक्सपीरियंस जोन

**नई दिल्ली।** जी-20 शिखर सम्मेलन आयोजन में आयोजन स्थल पर डिजिटल एक्सपीरियंस जोन को देखकर लोग काफी तारीफ कर रहे हैं। इसे आकर्षण का केंद्र बनने के पीछे की कई बड़ी वजहें है। इसमें डिजिटल इंडिया की झलक के साथ क्या खास है आइए जानते हैं।

सोशल मीडिया पर त्र20 शिखर सम्मेलन की तस्वीरें और वीडियो आनी शुरू हो गई है। इसमें सबसे ज्यादा जिस चीज को लेकर चर्चा हो रही है वह डिजिटल ट्री है। ये डिजिटल एक्सपीरियंस जोन में मौजूद है। इसे आयोजन स्थल पर हॉल नंबर 4 और 14 में रखा गया है। डिजिटल ट्री को एक पेड़ की तरह डिजाइन किया गया है। इसके चारों तरफ एआई ऐप, चैटबॉट, यूपीआई पेमेंट के साथ ही डिजिटल पब्लिक इन्फ्रास्ट्रक्चर देखने को मिल रहे हैं।

**डिजिटल एक्सपीरियंस जोन में ये डिजिटल इन्फ्रास्ट्रक्चर हैं शामिल-** डिजिटल एक्सपीरियंस जोन में एआई ऐप, भाषिणी ट्रांसलेशन वेबसाइट, आधार, डिजीलॉकर, दीक्षा पोर्टल, ई-संजीवनी और आरबीआई इनोवेशन हब पैविलियन को शामिल किया गया है। यहां देश- विदेश के आम नागरिक भी ले सकते हैं। इसके लिए स्मार्टफोन में जी 20




### डिजिटल एक्सपीरियंस जोन में डिजिटल ट्री है बेहद खास

कई बड़े नेता इन चीजों का एक्सपीरियंस ले रहे हैं। इसे चलाने के साथ ही इन ऐप्स की जानकारी भी ले सकते हैं।

**जी-20 ऐप पर मिलेगी सभी सुविधाएं-** इन सुविधाओं का लाभ केवल जी-20 में शामिल होने वाले ही नहीं बल्कि मोबाइल ऐप डाउनलोड करें ये, सभी यूजर्स के लिए फ्री में उपलब्ध है। इसके अलावा यूजर्स नेविगेशनल टूल की मदद से भारत मंडपम की सैर भी कर सकते हैं। इस ऐप में कुल 24 भाषाओं का सपोर्ट दिया गया है।

## प्रथम पृष्ठ का शेष

### मुख्यमंत्री लाडली बहना......

वर्तमान मासिक मानदेय 2 हजार रूपये में वृद्धि करते हुये नवीन मानदेय 4 हजार रूपये प्रतिमाह करने का निर्णय लिया है। इससे 2 लाख 10 हजार रसोईये लाभान्वित होंगे। मंत्रि-परिषद द्वारा अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, अन्य पिछड़े वर्गों तथा दिव्यांगजनों के बैकलॉग / कैरी फारवर्ड पदों की पूर्ति के लिए विशेष भर्ती अभियान की समय-सीमा में 1 जुलाई, 2023 से 30 जून, 2024 तक एक वर्ष की वृद्धि की गई है। मंत्रि-परिषद ने अतिथि शिक्षकों को दिये जाने वाले मासिक मानदेय में दोगुनी वृद्धि की स्वीकृति दी है। वर्ग-1 को वर्तमान में प्राप्त मानदेय 9 हजार रूपये से बढ़ाकर 18 हजार, वर्ग-2 के मानदेय 7 हजार रूपये से बढ़ाकर 14 हजार रूपये और वर्ग-3 के मानदेय 5 हजार रूपये से बढ़ाकर 10 हजार रूपये किया गया है।

**म.प्र. मॉब लिंचिंग पीड़ित प्रतिकर योजना 2023 लागू किये जाने का निर्णय-** मंत्रि-परिषद द्वारा प्रदेश में मॉब लिंचिंग के अपराध पीड़ितों और उनके आश्रितों को राहत व पुनर्वास के लिये म.प्र. मॉब लिंचिंग पीड़ित प्रतिकर योजना 2023 लागू किये जाने का निर्णय लिया है। इस योजना के तहत मॉब लिंचिंग के अपराध में पांच या अधिक व्यक्तियों की भीड़ द्वारा किसी व्यक्ति या व्यक्तियों को, धर्म, जाति, लिंग, जन्म स्थान, भाषा, खानपान, यौन अभिरूचि, राजनीतिक संबद्धता, जातीयता अथवा अन्य ऐसे आधार या आधारों पर हानि या क्षति कारित करने के लिये हिंसा का कोई कृत्य या कृत्यों की कोई श्रृंखला को शामिल किया गया है। योजना के तहत मॉब लिंचिंग की घटना में पीड़ितों को प्रतिकर राशि प्रदान किये जाने का प्रावधान किया गया है। मंत्रिपरिषद ने लाड़ली बहनों को श्रावण मास की गैस रिफिल 450 रूपये में उपलब्ध कराने की स्वीकृति भी दी है। इसके साथ ही एनएफएसयू भोपाल को शैक्षणिक प्रयोजन के लिये भूमि आवंटन और शासकीय महाविद्यालयों के लिये 240 नवीन पदों के सृजन की स्वीकृति दी। मेधावी विद्यार्थी योजना अन्तर्गत जेईई मेन्स परीक्षा में रैंक प्राप्त करने की बाध्यता की समाप्ति,सिविल अस्पताल कैलाश नाथ काटजू को 300 बिस्तरीय सिविल अस्पताल में उन्नयन की स्वीकृति,चिकित्सकों के आकर्षक समयमान / चयन वेतनमान की स्वीकृति प्रदान की है। वहीं केन-बेतवा लिंक परियोजना के प्रभावितों को विशेष पुनर्वास पैकेज का निर्णय लिया गया है।

**अन्य निर्णयों में-** मंत्रि-परिषद द्वारा मध्यप्रदेश सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम विकास नीति 2021 में संशोधन कर तेल उत्पादक सॉल्वेंट, एक्सट्रेक्शन प्लांट एवं एक्सपेलर इकाईयों को नीति अंतर्गत सुविधाओं के लाभ के लिये पात्र किया गया है। इसके अतिरिक्त केन्द्र या राज्य सरकार द्वारा विनिर्माण के लिये प्रतिबंधित उत्पादकों को नीति अंतर्गत सुविधाओं के लाभ के लिये अपात्र किया गया है। साथ ही नीति में उल्लेखित राज्य स्तरीय साधिकार समिति के सदस्यों में परिवर्तन कर उसे पुनर्गठित किया गया है।

## भारत के प्रस्ताव पर 55 अफ्रीकी देशों का संगठन अफ्रीकन यूनियन शामिल होने से जी-20 का कुनबा बढ़ा

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** भारत में चल रहे जी-20 बैठक का आगाज शानदार हुआ है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रस्ताव पर सदस्य देशों ने 55 अफ्रीकी देशों के संगठन अफ्रीकन यूनियन को भी इसमें शामिल करने की मंजूरी दे दी है। मोदी ने जून माह में ही अफ्रीकी यूनियन को जी-20 में शामिल करने के लिए सदस्य देशों को खत लिखकर इसकी पहल कर दी थी। अपने स्वागत भाषण में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि 'सबका साथ' की भावना से भारत ने यह प्रस्ताव रखा था,जिस पर सदस्य देशों ने अपनी सहमति दे दी। उन्होंने इसकी घोषणा करते हुए कहा, मेरा विश्वास है कि इस प्रस्ताव पर हम सबकी सहमति है। आप सबकी सहमति से आगे की कार्यवाही शुरू करने से पहले,मै अफ्रीकन यूनियन के अध्यक्ष को जी-20 में स्थायी सदस्य के रूप में अपना स्थान ग्रहण करने के लिए आमंत्रित करता हूं। इसके बाद प्रधानमंत्री मोदी ने अफ्रीकन यूनियन के अध्यक्ष अजाली असौमानी का गले लगाकर स्वागत किया।


## नाम में उपनाम ( सरनेम ) जोड़ने की सूचना

मैं SHANKAR LAL NAGDEV S/O BISHEN DAS यह सूचित करता हूं कि मेरे पासपोर्ट नंबर K9461075 जारी दिनांक 29.01.2013 वैद्यता दिनांक 28.01.2023 में मेरा नाम SHANKAR LAL लिखा हुआ है, जिसे सुधार कर मैंने अपना नाम SHANKAR LAL NAGDEV रख लिया है। जो कि मेरे आधार कार्ड, पेन कार्ड, आदि में लिखा हुआ है।

अतः मेरे नाम को SHANKAR LAL NAGDEV ही पढ़ा लिखा एवं समझा जावे।

पूर्व नाम- SHANKAR LAL
वर्तमान नाम-SHANKAR LAL NAGDEV
पता- 847, ACHE MIYA KA BADA, SITALAMAI GHAMAPUR, JABALPUR (M.P.)
R.No. 1140 482001

## नाम परिवर्तन/संशोधन सूचना

यह कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम मोहम्मद मतीन MOHAMMED MATEEN पिता मोहम्मद अलीम MOHAMMAD ALEEM माता का नाम कमरुन बी KAMRUN BEE पत्नी का नाम SALMA KHAN एवं पता 1112/2 नया मोहल्ला ओमती जबलपुर म.प्र. 1112/2 NAYAMOHALLA OMTI JABALPUR लिखा है। एवं मेरे आधार एवं सभी दस्तावेजों में मेरा नाम मोहम्मद मतीन खान MOHAMMAD MATEEN KHAN पिता मोहम्मद अलीम खान MOHAMMAD ALIM KHAN माता का नाम कमरुन बी KAMRUN BEE पत्नि का नाम SALMA KHAN एवं पता 1112 बंद कुआ के सामने नया मोहल्ला पोस्ट आफिस जोन्स गंज, जबलपुर म.प्र. 1112 OPPOSITE BAND KUA NAYAMOHALLA POST OFFICE JONS GANJ JABALPUR MADHYA PRADESH 482001 लिखा हुआ है/दर्ज है।

हस्ताक्षर
मोहम्मद मतीन खान 1112 बंद कुआ के सामने नया मोहल्ला पोस्ट आफिस जोन्सगंज जबलपुर म.प्र.
र.नं. 1139 9827442004

## न्यायालय नायब तहसीलदार गोरखपुर जबलपुर

रा.प्र.क्र. 0423/अ -6/2023-24

### इश्तहार

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि राजकुमार मिन्हास पिता करम सिंह मिन्हास निवासी गोरखपुर जिला जबलपुर द्वारा पंजीकृत विक्रय पत्र दिनांक .... के माध्यम से मौजा हाथीताल नं.ब. 753 प.ह.नं. 24/2 ख.नं. 149/2, 150/2, 155/1, 156/1 रकवा 1016 वर्गफुट विक्रेता आम जनता, मेसर्स सत्य प्रकाश बिल्डर्स लिमिटेड द्वारा चेयरमेन से क्रय की गई भूमि पर राजस्व अभिलेखों में अपना नाम दर्ज कराने पंजीकृत विक्रय पत्र एवं नक्शा बंटाक की छायाप्रति संलग्न कर आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। अतः उपरोक्त नामांतरण स्वीकृत किये जाने में यदि किसी व्यक्ति/संस्था को कोई आपत्ति हो तो वह अपनी लिखित आपत्ति पेशी दिनांक 11/09/23 तक स्वयं अथवा अपने विधिक प्रतिनिधि के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। समयावधि पश्चात प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा। न्यायालय की मुहर एवं मेरे हस्ताक्षर से आज दिनांक 22/08/2023 को जारी।

**जारी दिनांक 22/08/2023**
**पेशी दिनांक 11/09/2023**

नायब तहसीलदार एवं कार्यपालिक दण्डाधिकारी, गोरखपुर जबलपुर
र.नं. 1141

## कार्यालय मुख्य अभियंता, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर

ई-मेल - cephedjab@nic.in, दूरभाष क्रमांक 0761 2347195, 2344457

निविदा आमंत्रण सूचना क्रमांक 46-53 / नि.प्र. / मु.अ. / लोस्वायाँवि / 2023-24 जबलपुर दिनांक 05.09.2023

निम्न कार्यों हेतु निविदा का आनलाईन वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर आमंत्रित की गई है। ऑनलाईन निविदा विक्रय करने की अंतिम तिथि 18.09.2023 सायं 05.30 बजे तथा निविदा खुलने की तिथि 20.09.2023 11.00 बजे है। निविदा में संशोधन की स्थिति में वेबसाईट पर ही संशोधन देखा जा सकेगा । विस्तृत निविदा आमंत्रण सूचना व अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट पर देखी जा सकती है।

Name of Work - New Piped Water Supply Scheme Under Jal Jeevan Mission at as various Villages and Blocks in Distt. BALAGHAT based on Tube well including installation of electric submersible/centrifugal water motor pump, construction of R.C.C. Sump well, Construction of R.C.C. Over Head tank, including cost of all materiall and labour with 90 Days Trial Run/Commissioning period of entire scheme.

| S.No | Tender ID | Name of Block | PAC (Rs. in Lakhs) | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_PHED_305286_1 | Katangi | 854.51 | 854510/- | 20000/- |
| 2 | 2023_PHED_305292_1 | Waraseoni | 597.42 | 597420/- | 20000/- |
| 3 | 2023_PHED_305294_1 | Waraseoni | 520.73 | 520730/- | 20000/- |
| 4 | 2023_PHED_305298_1 | Baihar | 862.30 | 862300/- | 20000/- |
| 5 | 2023_PHED_305301_1 | Baihar | 916.65 | 916650/- | 20000/- |
| 6 | 2023_PHED_305307_1 | Kirnapur | 817.90 | 817900/- | 20000/- |
| 7 | 2023_PHED_305315_1 | Katangi | 781.37 | 781370/- | 20000/- |

Name of Work - Providing manpower and all required chemicals as per BOQ and performing Operation and Maintenance of 16.92 MLD Lalbarra Grouped Piped Water Supply Scheme for 102 Villages in Block Lalbarra of District Balaghat comprising Raw Water & Clear Water Pumping Stations, Water Treatment Plant and 33 KV Electric Sub Station at Lalbarra, D.I. Gravity Main & Distribution in the Respective Villages for 2 years (2nd call)

| S.No | Tender ID | Name of Block | PAC (Rs. in Lakhs) | e-EMD in Rs. | Cost of Tender in Rs. |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_PHED_305283_1 | Lalbarra | 783.50 | 783500/- | 20000/- |

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

G-19486/23

मुख्य अभियंता
लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग जबलपुर परिक्षेत्र जबलपुर


## निविदा/नियुक्ति/जाहिरात


### मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड
### कार्या. कार्यपालन अभियंता ( संचालन/संधारण ) संभाग जबलपुर

PHONE-2620779 EMail-eeonmjabalpur@gmail.com

क्रमांक : का.अ./सं.सं./क्रय कक्ष/1511 जबलपुर, दिनांक 9/9/2023

**विद्युत आपूर्ति बंद रहने की सूचना**

विद्युत लाइन में अतिआवश्यक कार्य हेतु निम्नानुसार उपकेन्द्रों से संबंधित क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति बंद रखी जाएगी।

| आपूर्ति बंद रहने का दिनांक | समय | प्रभावित क्षेत्र | संबंधित अधिकारी का नाम | मो. नंबर |
|---|---|---|---|---|
| 11/09/2023 | सुबह 10.00 से दोपहर 04.00 बजे तक। | 33/11 के.व्ही. नारायणपुर उपकेन्द्र से निकलने वाले 11 के.व्ही. जोतपुर घरेलू फीडर, 11 के.व्ही. जोतपुर कृषि फीडर, 11 के.व्ही. मानेगांव घरेलू फीडर, 11 के.व्ही. मंगेली घरेलू फीडर से संबंधित समस्त उच्चदाब एवं निम्नदाब उपभोक्ता। 33/11 के.व्ही. नारायणपुर उपकेन्द्र से निकलने वाले 33 के.व्ही. बरगी आउटगोईंग एवं 33 के.व्ही. आउटगोईंग उमरिया - डुंगरिया से संबंधित समस्त उच्चदाब उपभोक्ता । | Mr. Neeraj Tiwari (JE) | 9425802717 |

"बिजली संबंधी शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए 1912 डायल करें"

नोट - आवश्यकतानुसार उक्त समयावधि बढ़ाई/घटाई जा सकती है

कार्यपालन अभियंता (संचा/संधा) संभाग
म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. जबलपुर

## कार्यालय नगर पालिका परिषद पाटन, जिला जबलपुर म.प्र.

फोन नं. :07621-220435 ईमेल - cmopatan@mpurban.gov.in

क्र. 1455/PWD/ NP/2023 **द्वितीय निविदा सूचना** पाटन, दिनांक-05/09/2023

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदारों से ऑन लाईन निविदायें आमंत्रित की जाती है । निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट https://www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है ।

| टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं ईएमडी | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|
| 2023_UAD_ 305045_1 दि. 29-06-2023 | वार्ड क्रं. 05 में दस्सू पटेल के मकान से बुद्ध चौधरी के मकान तक सी.सी. सड़क निर्माण कार्य | 3 माह 4,65,727/- | 2,000/- 5,700/- | 20/09/2023 |
| 2023_UAD_ 305046_1 दि. 29-06-2023 | वार्ड क्रं. 09 में मुख्य मार्ग से गोठल पटेल के मकान तक सी.सी. सड़क व रैम्प निर्माण कार्य | 3 माह 6,66,510/- | 2,000/- 6,700/- | 20/09/2023 |

**शर्त**-निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन https://www.mptenders.gov.in की वेबसाईड पर किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा ।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर परिषद पाटन जिला जबलपुर

## कार्यालय कार्यपालन यंत्री, लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग क्र.-2, जबलपुर

AN ISO 9001 : 2015 CERTIFIED OFFICE

इंदिरा गांधी मार्ग, साऊथ सिविल लाईन, जबलपुर ( म.प्र. ) पिन- 482001 फोन नं. एवं फैक्स नं.: 0761-2622333 ई-मेल : eepwd2jbp@nic.in

निविदा आमंत्रण सूचना क्र.14/व.ले.लि./2023-24 जबलपुर, दिनांक-5/9/2023

### निविदा आमंत्रण सूचना क्र.-14

निम्नलिखित कार्यों हेतु ई-टेंडरिंग के मार्फत निविदा आमंत्रित की जाती हैं। उल्लेखित कार्य वेबसाईट http://mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है। निविदा प्रपत्र उक्त वेबसाईट पर ऑनलाईन भुगतान करने पर वेबसाईट के माध्यम से प्राप्त हो सकेंगे।

| सं. क्र. | टेण्डर आई.डी. | कार्य का नाम | आमंत्रण | ठेके की अनु. राशि | अमानत राशि | निविदा प्रपत्र राशि | समयावधि |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2023_PWDRB_ 304867_pack1 | उपसंभाग क्र. 2, जबलपुर के अंतर्गत मेडीकल कॉलेज कैम्पस के आवासीय भवनों में मरम्मत एवं रखरखाव कार्य। | प्रथम | 20.00 लाख | 40000/- | 2000/- | 6 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 2 | 2023_PWDRB_ 304869_pack1 | पचपेढी उपखण्ड के अंतर्गत विभिन्न बंगलों में विट्रीफाईड की मरम्मत, ग्लेस्ड टाईल्स, ग्रिल्स एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 लाख | 20000/- | 2000/- | 6 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 3 | 2023_PWDRB_ 304870_pack1 | पचपेढी उपखण्ड के अंतर्गत सिविल लाईन स्थित ऑफीसर्स बंगलों में प्लास्टर मरम्मत, सेनेटरी, वाटर सप्लाई, एल्युमिनियम का कार्य एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.98 लाख | 40000/- | 2000/- | 6 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 4 | 2023_PWDRB_ 304871_pack1 | सिहोरा उपसंभाग के अंतर्गत आबकारी कार्यालय भवन में प्रोफाईल शीट लगाना, नवीन टॉयलेट का निर्माण एवं रेनेवोशन का कार्य। | प्रथम | 14.22 लाख | 28500/- | 2000/- | 6 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 5 | 2023_PWDRB_ 304872_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 के अंतर्गत भवनों में वाटर प्रूफिंग एवं अन्य मरम्मत कार्य। | प्रथम | 19.99 लाख | 40000/- | 2000/- | 6 माह (वर्षा ऋतु सहित) |
| 6 | 2023_PWDRB_ 304873_pack1 | उपसंभाग क्र. 1 के अंतर्गत शंकर शाह नगर स्थित आवासीय भवनों में रखरखाव एवं मरम्मत का कार्य। | प्रथम | 20.00 लाख | 40000/- | 2000/- | 6 माह (वर्षा ऋतु सहित) |

टीप- (1) निविदा प्रपत्र क्रय करने एवं निविदा ऑनलाईन अपलोड करने की तिथि दिनांक 09/09/2023 समय 10.30 से दिनांक 16/09/2023 समय 17.30 बजे तक है। इलेक्ट्रानिक ई.एम.डी. (RTGS/NEFT) के माध्यम से एवं अन्य दस्तावेज केवल ऑनलाईन ही स्वीकार किये जावेंगे। (2) अन्य विस्तृत विवरण एवं संशोधन ऑनलाईन पोर्टल पर देखी जा सकती है। किसी भी प्रकार के संशोधन का पुनः प्रकाशन नहीं कराया जावेगा।

G-19467/23

दुर्घटना से रखनी दूरी है तो हेलमेट सबसे जरुरी है।

कार्यपालन यंत्री,
लोक निर्माण विभाग(भ/स) संभाग क्रमांक-2 जबलपुर

# देश-प्रदेश

उवाच

## विश्व में गुंजायमान हो रहा वसुधैव कुटुम्बकम् का मंत्र



**भोपाल, देशबन्धु।** मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में जी-20 की बैठक दुनिया भर से भारत आए राष्ट्र प्रमुखों की उपस्थिति में हो रही है। भारत का विश्व में सम्मान बढ़ा है। मध्यप्रदेश केबिनेट की ओर से इन राष्ट्र प्रमुखों का स्वागत है। जी-20 की यह बैठक भारत के लिए गर्व का विषय है। मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि वसुधैव कुटुम्बकम् का मंत्र विश्व में गुंजायमान हो रहा है। यह बैठक दुनिया की समस्याओं के समाधान का माध्यम भी बनेगी।

## खरगोन में शिवराज की बड़ी घोषणा




## मध्य प्रदेश में हर परिवार को 450 रुपये में मिलेगा एलपीजी सिलेंडर

**खरगोन।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने बड़ी घोषणा करते हुए कहा कि अब केवल उज्ज्वला योजना वालों को ही नहीं गैर उज्ज्वला योजना वालों को भी 450 रुपये में घरेलू गैस सिलेंडर दिया जाएगा।

भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा शनिवार को खरगोन जिले की बड़वाह विधानसभा के सनावद पहुंची। इस यात्रा में शामिल मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान भी शामिल हुए। सीएम शिवराज के अलावा, बीजेपी के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय, खरगोन सांसद गजेंद्र सिंह पटेल, खंडवा सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, बड़वाह विधायक सचिन बिरला समेत कई अन्य नेता भी कार्यक्रम में शामिल हुए।

## चंद्रबाबू नायडू भ्रष्टाचार के मामले में गिरफ्तार



**अमरावती, एजेंसी।** एक बड़े घटनाक्रम में, आंध्र प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री और तेलुगु देशम पार्टी (टीडीपी) प्रमुख एन. चंद्रबाबू नायडू को राज्य पुलिस के अपराध जांच विभाग (सीआईडी) ने शनिवार को कौशल विकास निगम भ्रष्टाचार मामले में नंद्याल जिले में गिरफ्तार कर लिया। टीडीपी प्रमुख को पुलिस उपाधीक्षक एम.धनंजयडु के नेतृत्व में सीआईडी टीम ने सुबह करीब छह बजे गिरफ्तार किया।

### मेरी गिरफ्तारी असंवैधानिक

टीडीपी सुप्रीमो चंद्रबाबू नायडू ने शनिवार को कहा कि उनकी गिरफ्तारी 'अलोकतांत्रिक और असंवैधानिक' है। नायडू ने कहा कि 'अधिकारी उनके अवैध काम या उस मामले में शामिल होने के सबूत नहीं दिखा रहे हैं।'

नायडू ने दावा किया, 'मुझे निशाना बनाया जा रहा है, क्योंकि मैं लोगों के मुद्दे उठा रहा हूं।'

### हड़ताली पटवारियों के बीच पहुंचे पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ, कहा

## सरकार बनते ही पटवारियों का पे-ग्रेड 28 सौ रुपए होगा

**भोपाल/ छिंदवाड़ा।** अपनी विभिन्न मांगों को लेकर आंदोलनरत हड़ताली पटवारियों से मिलने आज पूर्व मुख्यमंत्री और प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ पहुंचे। उनकी लंबित मांगों पर चर्चा करने के बाद पूर्व मुख्यमंत्री ने भरोसा दिलाया कि कांग्रेस सरकार बनते ही सबसे पहले पटवारियों का पे-ग्रेड 28 सौ रुपए कर दिया जाएगा। पटवारियों की अन्य मांगों का भी कमलनाथ ने समर्थन किया।

श्री कमलनाथ ने कहा कि सभी अधिकारियों, कर्मचारियों के संघर्ष में वे उनके साथ हैं, उन्होंने यह भी कहा कि हर वर्ग के साथ न्याय होना चाहिए। पटवारियों से संवाद करते हुए श्री कमलनाथ ने कहा कि एक पटवारी का रोल कितना महत्वपूर्ण होता है, वह कितने विभागों का काम अकेला करता है, यह बात सभी जानते हैं। सभी के साथ न्याय हो ऐसी सरकार होनी चाहिए। उन्होंने कांग्रेस सरकार बनते ही हम पुरानी पेंशन स्कीम लागू करने का भी आश्वास न दिया और कहा कि सभी सरकारी अधिकारियों, कर्मचारियों के साथ न्याय हो ऐसी सरकार स्थापित की जाएगी। कमलनाथ



ने कहा कि भाजपा सरकार कर्ज लेकर बड़े-बड़े ठेके दे रही है, ताकि उनका कमीशन बन सके, सरकार द्वारा लिए गए कर्ज से किसी कर्मचारी का, आशा, उषा बहनों का, आउटसोर्स कर्मचारियों का पटवारियों का, किसी का भला नहीं हो रहा है। यदि भला हो रहा है तो चंद ठेकेदारों और भाजपा नेताओं का। उन्होंने कहा कि आप सबको भी जागरूक बनना पड़ेगा और आम जनता को भी जागरुक होना होगा।

## निर्वाचन आयोग ने लोकसभा चुनाव की तैयारियां की तेज

**कोलकाता, (एजेंसियां)।** भारतीय चुनाव आयोग (ईसीआई) का एक प्रतिनिधिमंडल आगामी लोकसभा चुनावों की तैयारियों की समीक्षा करने के लिए रविवार को कोलकाता जाएगा। सूत्रों ने कहा कि ईसीआई प्रतिनिधिमंडल में दो वरिष्ठ उप चुनाव आयुक्त धर्मेंद्र शर्मा और नितेश कुमार व्यास शामिल होंगे।

पश्चिम बंगाल मुख्य निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के एक अधिकारी ने कहा, मुख्य एजेंडा 2024 के लिए चुनाव तैयारियों का जायजा लेना है। दो वरिष्ठ अधिकारी उन क्षेत्रों पर प्रकाश डालेंगे जिन पर अधिक ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि सोमवार को बैठक का विशेष फोकस मतदाता सूची में संशोधन पर होगा।

### चुनाव की तैयारियों की समीक्षा के लिए बंगाल जाएगी टीम, मतदाता सूची में संशोधन पर होगा विशेष फोकस

दोनों वरिष्ठ अधिकारी नए मतदाताओं के नाम शामिल करने, मृत मतदाताओं के नाम हटाने और डुप्लिकेट ईपीआईसी कार्डों को रद्द करने की दिशा में प्रगति पर रिपोर्ट मांग सकते हैं। अधिकारी ने कहा, राज्य में हाल ही में संपन्न पंचायत चुनावों में बड़े पैमाने पर हिंसा की पृष्ठभूमि में दिल्ली के दो अधिकारी चुनाव के दौरान सुरक्षा मुद्दों पर चर्चा की मांग कर सकते हैं, हालांकि इसकी निगरानी और संचालन ईसीआई द्वारा नहीं की गई थी। पश्चिम बंगाल में स्टॉक में मौजूद इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीनों की स्थिति और अतिरिक्त ईवीएम की आवश्यकताओं के मूल्यांकन के बारे में भी चर्चा होने की संभावना है।

### जी-20 डिनर में न्योता नहीं मिलने पर बोले खड़गे

## केंद्र को ऐसी लो लेवल राजनीति नहीं करनी चाहिए

**नई दिल्ली।** राजधानी दिल्ली में जी-20 समिट जारी है। इसके तहत सबसे पहले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भारत मंडपम में सभी राष्ट्राध्यक्षों का स्वागत किया। साथ ही समिट की कार्यवाही शुरू करवाई। वहीं आज शाम राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ओर से एक डिनर आयोजित किया गया है, जिसको लेकर राजनीति हो रही।

इस डिनर में सभी राष्ट्राध्यक्षों और देश की बड़ी हस्तियों को बुलाया गया है। इसके लिए कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को न्योता नहीं दिया गया, ऐसे में उनकी पार्टी नाराज हो गई। साथ ही बीजेपी और केंद्र पर पलटवार कर रही। इस मामले में मीडिया से बात करते हुए खड़गे ने कहा कि इस पर मैं पहले भी प्रतिक्रिया दे चुका है। मेरी पार्टी का भी बयान इस पर आ चुका है। ये अच्छी बात नहीं है। ऐसी लो लेवल पॉलिटिक्स केंद्र सरकार को नहीं करना चाहिए।

**चिदंबरम भी केंद्र पर बरसे**-खड़गे को निमंत्रण नहीं मिलने पर कांग्रेस नेताओं ने आपत्ति जताई है। मामले में पूर्व केंद्रीय मंत्री पी. चिदंबरम ने कहा कि मैं कल्पना नहीं कर सकता कि किसी लोकतांत्रिक देश की सरकार विश्व नेताओं के लिए आयोजित राजकीय रात्रिभोज में विपक्षी दलों को निमंत्रण ही नहीं देगी।

### कांग्रेस की सदस्यता लेने से पहले भाजपा के पूर्व दिग्गज नेता का बयान

## कहा- भाई के सामने न चुनाव लड़ेंगे, न करेंगे प्रचार

**नर्मदापुरम ।** मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव से पहले बीजेपी में इस्तीफों की झड़ी लगी हुई है। बीजेपी नेताओं का अन्य दलों में जाने का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। अभी तक तो बीजेपी के नेता और कार्यकर्ता कांग्रेस की शरण ले रहे है, इसी के चलते नर्मदापुरम संभाग में बड़े नेता और बीजेपी के पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा ने पिछले शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी छोड़ने की घोषणा की थी ।

**10 सितंबर को लेंगे कांग्रेस की सदस्यता**- अब खबर आ रही है कि वह 10 सितंबर को कांग्रेस की सदस्यता लेने जा रहे है । जिसके लिए वह समर्थकों के साथ बड़ी संख्या में भोपाल कांग्रेस कार्यालय पहुंचेंगे। यह भी कहा जा रहा है कि इस दिन वह अपना शक्ति प्रदर्शन भी करने वाले है और करीब 200 से ज्यादा गाड़ियों से उनके समर्थकों शर्मा भोपाल पहुंच अपनी ताकत दिखाएंगे । इसपर जब उनसे बातचीत की गई तो उन्होने कहा कि मेरा लक्ष्य अब नर्मदापुरम जिले से भाजपा का सूफड़ा साफ करना है अगर टिकट मिलेगी तो सोहागपुर से मैदान में भी उतरूंगा । लेकिन होशंगाबाद से अगर भाजपा उम्मीदवार मेरे भाई डॉक्टर सीतासरन शर्मा होंगे तो टिकट के बाद भी नही लड़ूंगा और ना ही वहा प्रचार करूंगा ।

**शुक्रवार 1 सितंबर को भारतीय जनता पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी थी**-दरअसल, मध्यप्रदेश मे इन दिनों पुराने भाजपाइयों का भाजपा से मोहभंग होते दिख रहा है इसी क्रम मे नर्मदापुरम संभाग से बीजेपी के पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी छोड़ने की घोषणा कर दी है।

आप को गिरिजाशंकर शर्मा को 2013 में भाजपा से निष्कासित कर दिया गया था । यह निष्कासन बगावत कर नर्मदापुरम से नगर पालिका अध्यक्ष का चुनाव लड़ रहे निर्दलीय प्रत्याशी डॉ, नरेंद्र पांडे का समर्थन करने के लिए किया गया था लेकिन 2018 मे पूर्व विधायक गिरिजाशंकर शर्मा की भाजपा में वापसी हुई थी।

## राजद्रोह कानून पर सुप्रीम कोर्ट में 12 को सुनवाई

### केंद्र सरकार ने कहा था, कानून की समीक्षा कर रहे

**नई दिल्ली।** 152 साल पुराने राजद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका पर सुप्रीम कोर्ट 12 सितंबर को सुनवाई करेगा। इस मामले की सुनवाई चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच करेगी।

इससे पहले 1 मई को केंद्र सरकार ने सुप्रीम कोर्ट से कहा था कि राजद्रोह को अपराध बनाने वाली आईपीसी की धारा 124 ए की समीक्षा की जा रही है। इसके बाद कोर्ट ने सुनवाई स्थगित कर दी थी। हालांकि, सुनवाई की तारीख आने से पहले ही 11 अगस्त 2023 को गृहमंत्री अमित शाह ने लोकसभा में 163 साल पुराने 3 कानूनों में बदलाव के लिए बिल पेश किया। इसमें राजद्रोह कानून खत्म करना भी शामिल है। लॉ कमीशन ने 2 जून को सरकार को अपनी रिपोर्ट सौंपी थी। आयोग का कहना था कि भारतीय दंड संहिता की धारा 124 ए को आईपीसी में बनाए रखने की आवश्यकता है। इसको हटाने का कोई वैलिड रीजन नहीं है। हालांकि, कानून के उपयोग को लेकर ज्यादा स्पष्टता बनी रहे इसके लिए कुछ संशोधन किए जा सकते हैं।

### विधि आयोग ने कहा, राजद्रोह कानून जरूरी

**सुप्रीम कोर्ट ने लगा दी थी रोक**- सुप्रीम कोर्ट ने 2022 में एक आदेश दिया है कि जब तक आईपीसीएकी धारा 124 ए की समीक्षा पूरी नहीं हो जाती, तब तक इसके तहत कोई मामला दर्ज नहीं होगा। कोर्ट ने पहले से दर्ज मामलों में भी कार्रवाई पर रोक लगा दी थी। कोर्ट ने यह भी कहा था कि इस धारा में जेल में बंद आरोपी भी जमानत के लिए अपील कर सकते हैं। एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया, टीएमी सांसद महुआ मोइत्रा समेत पांच पक्षों की तरफ से राजद्रोह कानून को चुनौती देने वाली याचिका दायर की गई थी। मामले में याचिकाकर्ताओं का कहना है कि आज के समय में इस कानून की जरूरत नहीं है।

### देवेन्द्र सूद और डॉ. वाजपेयी को मिला डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान

## भारत की संस्कृति और पहचान को बचाने में पुरातत्वविदों का अहम योगदान-उषा

**भोपाल, देशबन्धु।** संस्कृति, पर्यटन और धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व मंत्री सुश्री उषा ठाकुर ने कहा कि भारत की संस्कृति और पहचान को बचाने में पुरातत्वविदों का अहम योगदान है। सुश्री ठाकुर शनिवार को राज्य संग्रहालय सभागार में डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान समारोह को संबोधित कर रही थी।



सुश्री ठाकुर ने समारोह में देवेन्द्र सिंह सूद को वर्ष 2020-21 और डॉ. शिवाकांत वाजपेयी को वर्ष 2021-22 के डॉ. विष्णु श्रीधर वाकणकर राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित किया। उन्हें सम्मान स्वरूप शाल, श्रीफल और प्रशस्ति पत्र से सामान के साथ दो लाख रुपए की सम्मान राशि प्रदान की गई। इसके साथ ही संचालनालय पुरात्व द्वारा आयोजित जश्ने-आज़ादी का सफ़रनामा प्रदर्शनी के विजेताओं को भी सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सुश्री ठाकुर ने सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की भावनाओं को अंतर्राष्ट्रीय क्षितिज पर स्थापित करने के लिए सम्मानित हस्तियों की तपस्या को नमन किया। और` पुरातत्व की प्रमाणिकता को जन-जन तक पहुंचाने के लिए सभी पुरातत्वविदों को धन्यवाद दिया। उन्होंने विदिशा के शैलचित्र पर आधारित पुस्तक शैलाश्रय का विमोचन भी किया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए प्रमुख सचिव संस्कृति और पर्यटन शिव शेखर शुक्ला ने कहा कि भारत की ऐतिहासिक धरोहर को संरक्षित करने का अहम कार्य करने वाले पुरातत्वविदों को सम्मानित कर संस्कृति विभाग गौरवान्वित हुआ है। उन्होंने कहा कि विरासत संरक्षण की दिशा में कामयाब होने के लिए एएसआई, संस्कृति विभाग, पुरातत्व को संयुक्त प्रयासों के साथ-साथ आमजन का भी सहयोग लेना होगा। उन्होंने धरोहर के संरक्षण की दिशा में शासन द्वारा किए जा रहे हैं प्रयासों की भी जानकारी दी। समारोह में आयुक्त पुरातत्व श्रीमती उर्मिला शुक्ला, उपसंचालक रमेश यादव सहित संबंधित अधिकारी और पुरातत्वप्रेमी उपस्थित रहें।उल्लेखनीय है कि सम्मानित होने वाले देवेन्द्र सिंह सूद भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण भोपाल मण्डल से उप अधीक्षण अभियंता के पद से सेवानिवृत हुए है। और वर्तमान में सलाहकार के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे है। उनका मंदसौर में यशोवर्मन के सोंधनी स्तंभ, धार की बाघ की गुफाएं, भोजशाला और मांडू के स्मारक, मुरैना के ककनमठ मंदिर और रायसेन के सांची स्तूप जैसे अनेक स्मारकों के संरक्षण में विशेष योगदान रहा है।

कंबोडिया में अंकोरवाट मंदिर, ताप्रोम मंदिर और अन्य स्मारकों के संरक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्यो के लिए कंबोडिया के शाही शासन द्वारा 2018 में चैविलियर और 2022 में ऑफिसर के सम्मान से सम्मानित किया गया था। वहीं डॉ. शिवाकांत वाजपेयी वर्तमान में भारतीय पुतत्व सर्वेक्षण जबलपुर वृत्त में अधीक्षण पुरातत्वविद के पद पर सेवारत है। उनका भीमबैठका (मध्यप्रदेश), श्रावस्ती (उत्तरप्रदेश), ढलेवां (पंजाब), राखीगढ़ी (हरियाणा), बालाथल (राजस्थान), हथनूर (महाराष्ट्र) में पुरातात्त्विक उत्खननों सर्वेक्षणों में अहम योगदान रहा। उनके द्वारा लगभग 50 से अधिक महत्त्वपूर्ण शोध पत्रों एवं 10 पुस्तकों का लेखन, प्रकाशन एवं संपादन किया जा चुका है। इसके साथ ही उनकी छत्तीसगढ़ के विलुप्त इतिहास की कड़ियाँ जोड़ने वाले पुरास्थल डमरू (जिला बलौदाबाजार) के उत्खनन के निदेशक के तौर पर विशिष्ट पहचान है। डॉ. बाजपेयी ने देश का प्रतिनिधित्व करते हुए नेपाल. ब्रिटेन, श्रीलंका तथा इटली की अकादमिक यात्राएँ एवं अंतर्राष्ट्रीय सेमीनारों में सहभागिता भी की है।

## गहलोत-बघेल बोले-जी-20 में शामिल होने के लिए लैंडिंग की अनुमति नहीं मिली

**रायपुर/जयपुर।** दिल्ली में जी20 समिट के पहले दिन डिनर के लिए सभी राज्य के मुख्यमंत्रियों को निमंत्रित किया गया है। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और राजस्थान के सीएम अशोक गहलोत ने दिल्ली में लैंडिंग की इजाजत नहीं मिलने का दावा किया है। कांग्रेस शासित दोनों राज्यों के सीएम के बयान पर केंद्रीय गृह मंत्रालय ने सफाई दी है। मंत्रालय ने कहा है कि यह कहना सच नहीं है। सीएम के मूवमेंट पर रोक नहीं है। केंद्र ने शनिवार को छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल के इस दावे को खारिज कर दिया कि वह दिल्ली और उसके आसपास हवाई प्रतिबंधों के कारण शनिवार को जी20 रात्रिभोज में शामिल नहीं होंगे, और स्पष्ट किया कि उनके राज्य के विमानों पर राज्यपालों और मुख्यमंत्रियों की आवाजाही प्रतिबंधित नहीं है।

### दावे को गृह मंत्रालय ने किया ख़ारिज

दरअसल, छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को कहा था कि वह राष्ट्रपति के साथ जी20 डिनर में शामिल नहीं होंगे। छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को कहा था कि वह राष्ट्रपति के साथ जी-20 डिनर में शामिल नहीं होंगे।

## पूर्व मंत्री राजेंद्र गुढ़ा शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल

**जयपुर।** पूर्व मंत्री और राजस्थान के उदयपुरवाटी निर्वाचन क्षेत्र से कांग्रेस विधायक राजेंद्र गुढ़ा शनिवार को शिवसेना के शिंदे गुट में शामिल हो गए। गुढ़ा ने लाल डायरी को लेकर राज्य सरकार के खिलाफ मोर्चा खोला था। राजेंद्र गुढ़ा महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की मौजूदगी में अपने पैतृक गांव गुढ़ा (नीमकाथाना) में पार्टी में शामिल हुए। उन्हें संयोजक की जिम्मेदारी दी गई है।


### नाम परिवर्तन सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मै,Dakkatha Padmasri पत्नी Dakkatha Narasimha Murty उम्र 43 वर्ष निवासी- House No 4-4-57 Golla Veedhi , Post office / Town- Ichapuram जिला- Srikakulam, राज्य-Andhra Pradesh , पिन कोड-532312 मेरे पति का आर्मी नंबर-JC376748N, Rank- Subedar Major & Honorary Lieutenant, Dakkatha Narasimha Murty, है मेरे पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम D Padmasri दर्ज है जो कि गलत है जबकि मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम Dakkatha Padmasri दर्ज है जो सही है दोनों एक ही व्यक्ति हैं। पति के आर्मी सर्विस रिकॉर्ड में मेरा नाम D Padmasri के स्थान पर Dakkatha Padmasri दर्ज किया जाकर लिखा व पढ़ा जावे ।

जबलपुर - 09/09/2023

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं आर्मी नं. JC-453685Y, RANK- NB SUB, NAME- SURENDER SINGH, UNIT- 5 GRENADIERS निवासी VILLAGE- RAMBASS, POST- RAMBASS, TEH- MAHENDRAGARH, DISTT - MAHENDRAGARH, STATE- (HARYANA) PIN- 123027 शपथपूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पत्नी का नाम SUMAN DEVI दर्ज है जो कि गलत है मेरी पत्नी का सही एवं वास्तविक नाम SUMAN YADAV हैं जो कि मेरी पत्नी के आधार कार्ड एवं अन्य कागजातों में दर्ज है, एवं मेरी पत्नी के इस नाम SUMAN YADAV को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावें।

गलत नाम - SUMAN DEVI

सही नाम - SUMAN YADAV

### नाम परिवर्तन सूचना

मैं ARMY NO JC-451652P, RANK- SUB MAJ & HONY CAPT, NAME- SULTAN KHAN, UNIT- 14 GRENADIERS निवासी VILLAGE- JABASAR, POST- JABASAR, TEH- MALSISAR, DISTT - JHUNJHUNU, STATE- RAJASTHAN, PIN- 331026 शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि मेरे सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम ISHRA दर्ज है जो कि गलत है मेरी पुत्री का सही एवं वास्तविक नाम ISHRA BANO है जो कि मेरी पुत्री के आधार कार्ड, मार्कशीट एवं अन्य कागजातों में दर्ज है. एवं मेरी पुत्री के इस नाम ISHRA BANO को पढ़ा व सुना एवं मेरे सर्विस रिकार्ड में दर्ज किया जावे।

गलत नाम- ISHRA

सही नाम- ISHRA BANO

### संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 78

दिनांक 08/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्रीमती दीप्ति जैन, पति- श्री अभिषेक जैन के द्वारा वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1004603364 के पंजीकृत स्वामी श्री शंकर पटेल, पिता- श्री जवाहर पटेल, के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 227/1 करमेता प्लाट रकवा 1500 व.फु., निर्मित तल मंजिल 1200 व.फु., के पंजीकृत स्वामी के के बहै.मु.आम श्री संदीप शर्मा पिता श्री मुन्नी लाल शर्मा से क्रय की गई संपत्ति के क्रेता श्री हरिवंश अग्रवाल पिता श्री बद्री प्रसाद अग्रवाल के द्वारा मौजा करमेता का भूमि खसरा नं. 227/1/2/2 का भाग 1500 व.फु. में से, विक्रय एवं क्रय प्लाट रकवा 1000 व.फु. क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, लिंक रजिस्ट्री, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी

संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

### संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 77

दिनांक 08/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि राशि श्रीवास्तव, पिता- श्री राजेन्द्र कुमार श्रीवास्तव के द्वारा वार्ड 75 शहीद बिरसामुण्डा वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000623749 के पंजीकृत स्वामी श्री बृजमोहन अरोरा, पिता- स्व. श्री सीताराम अरोरा, के नाम से दर्ज एच.आई.जी. ए-18 दर्ज निर्मित तल मंजिल 1000 व.फु., विक्रय/क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी

संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

### संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 76

दिनांक 08/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्रीमती शशिप्रभा सोनी, पति- श्री श्यामबिहारी सोनी के द्वारा वार्ड 76 गुरू गोविंद सिंह वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1000471947 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती विद्या पटेल, पति- श्री अर्जुन पटेल के नाम से दर्ज भारत कालोनी मढई का दर्ज निर्मित तल मंजिल 750 व.फु., जिसका मौजा मढई भूमि खसरा नं. 133/1 का भाग का प्लाट रकवा 1000 व.फु., जिस पर निर्मित तल मंजिल 800 व.फु., विक्रय/क्रय की गई सम्पत्ति पर निम्न दस्तावेज ई-पंजीयन प्रमाण पत्र, टैक्स रसीद, खसरा प्रति एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी

संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

### संभागीय कार्यालय संभाग क्र.-15 सुहागी, नगर निगम, जबलपुर

प्रकरण क्र./संभा.अधि./राजस्व/एम 75

दिनांक 08/09/2023

**भवन नामांतरण सूचना**

सर्वसाधारणको सूदित किया जाता है कि श्री विजय शंकर जायसवाल, पिता- स्व. श्री लक्ष्मी प्रसाद जायसवाल के द्वारा वार्ड 73 भगवान परशुराम वार्ड के निगम सम्पत्ति आई.डी. क्र. 1002747801 के पंजीकृत स्वामी श्रीमती आशा जायसवाल, पति- श्री राकेश कुमार जायसवाल, के नाम से दर्ज भूमि खसरा नं. 244 वर्तमान खसरा नं. 244/49 मौजा करमेता का दर्ज प्लाट रकवा 4800 व.फु., में से दान किया गया प्लाट रकवा 3350 व.फु., आवासीय उपयोग भूमि पर निम्न दस्तावेज ई-पंजीयन दानपत्र, टैक्स रसीद, आधार कार्ड एवं राजस्व नामांतरण शुल्क के आधार पर नगर निगम राजस्व कम्प्यूटर रिकार्ड में अपना नाम दर्ज किये जाने नामांतरण हेतु आवेदन दिया गया है जिस किसी को भी आपत्ति हो तो वे इस प्रकाशन तिथि से 15 दिन के अंदर संभागीय कार्यालय क्रं- 15 सुहागी में दस्तावेज / प्रमाण सहित आपत्ति आवेदन प्रस्तुत करें।

संभागीय अधिकारी

संभाग क्रं.-15, सुहागी नगर पालिक निगम, जबलपुर

### नाम सुधार सूचना

मै सत्यम सोनी उम्र 26 वर्ष पिता श्री राम मनोहर सोनी निवासी-161/5 ग्राम बेलखाडू तहसील पनागर जिला जबलपुर मध्यप्रदेश 482001 का निवासी हूं मेरे शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम SATYAM KUMAR SONI पिता श्री RAMMAMOHAR लिखा है। परंतु मेरा आधार कार्ड और पेन कार्ड में SATYAM SONI पिता RAM MANOHAR SONI लिखा है। अतः अब मुझे SATYAM SONI पिता RAM MANOHAR SONI के नाम से जाना-पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम

SATYAM KUMAR SONI

पिता श्री RAMMAMOHAR

नया नाम

SATYAM SONI

पिता-RAM MANOHAR SONI

### नाम सुधार सूचना

मै रविन्द्र अग्निहोत्री उम्र 38 वर्ष पिता श्री सुशील अग्निहोत्री निवासी मकान नं. 111/2, हनुमान बाग के सामने, गांव झगरा तहसील पनागर जिला जबलपुर मध्यप्रदेश 482002 शपथपूर्वक निम्न कथन करता कि यह कि मेरे शैक्षणिक दस्तावेजो में मेरा नाम RAVEENDRA KUMAR पिता श्री SUSHEEL KUMAR लिखा है परंतु मेरे आधार कार्ड व पैन कार्ड में RAVINDRA AGNIHOTRI पिता श्री SUSHEEL AGNIHORTI लिखा है। अतः अब मुझे RAVINDRA AGNIHOTRI पिता श्री SUSHEEL AGNIHORTI के नाम से जाना-पहचाना व पढ़ा लिखा जावे।

पुराना नाम-

RAVEENDRA KUMAR

पिता श्री SUSHEEL KUMAR

नया नाम-

RAVINDRA AGNIHOTRI

पिता श्री SUSHEEL AGNIHORTI

# साहित्य

कहानी



# रूपा

■ सुभद्रा कुमारी चौहान

अ समय की घंटी ने सभी को बेचैन-सा कर दिया । अभी आधा घंटा भी नहीं हुआ, मैट्रन जेल बंद करके गई है । फिर तुरंत ही वह घंटी कैसे? जेल-जीवन से घबराई हुई बहनों ने सोचा, शायद उनकी ही रिहाई का फरमान आया हो, जिनके मुलाकाती बहुत दिनों से न आए थे, उन्होंने अंदाज लगाया शायद उनसे कोई मिलने आया है । जिन्हें किसी तरह के सामान की प्रतीक्षा थी उन्होंने समझा, उनका सामान ही आया होगा ।

मेरी तीन साल की बेटी ममता दौड़ती हुई आई, और मेरे गले में लिपटकर बोली, अम्मा उठो चलो ! घंटी बजी है । फाटक खुलेगा । आज तो हम लोग भी छूटने वाले हैं ।

मैं अच्छी तरह जानती थी कि उसकी आशा कितनी निराधार है, फिर भी उसका मन रखने के लिए उसके साथ फाटक की ओर चल पड़ी।

जमादारिन जल्दी-जल्दी अपना पल्ला संभालती हुई आई; ताला खोलकर उसने फाटक खोल दिया । असिस्टेंट जेलर के साथ एक चौबीस-पच्चीस साल की स्त्री अंदर आई और एक तरफ चुपचाप खड़ी हो गई । उसके साफ कपड़े और गंभीर मुद्रा से बहुत-सी बहनों ने अंदाज लगाया कि यह भी शायद राजबन्दिनी है । जेलर ने जमादारिन को बुलाया और उसे धीरे-धीरे समझाकर चला गया ।

जमादारिन ताला बन्द करके अंदर आई । अपनी हाथ की छड़ी से उस नई आई हुई स्त्री को मारती हुई बोली, चल हरामजादी ! बच्चे को मारना ही था तो उसे पैदा क्यों किया था ।

मार से वह स्त्री तिलमिला-सी उठी, फिर भी जमादारिन के आगे-आगे, जल्दी-ज़ल्दी चल पड़ी । शायद इस डर से कि कहीं दूसरा प्रहार भी न हो जाये । परंतु जमादारिन को इतने ही से संतोष कैसे हो जाता? उसने और भी जोर से मारते हुए और अश्लील गालियाँ देते हुए कहा, आँख दिखाती है रंडी ! देख तो नम्बरदारिन, उधेड़ ले चमड़ी, राँड की और गुनहखाने में बन्द कर दे ।

जमादारिन
ताला बन्द करके अंदर आई ।
अपनी हाथ की छड़ी से उस नई आई हुई
स्त्री को मारती हुई बोली, चल हरामजादी !
बच्चे को मारना ही था तो उसे पैदा क्यों किया था ।
मार से वह स्त्री तिलमिला-सी उठी, फिर भी जमादारिन
के आगे-आगे, जल्दी-ज़ल्दी चल पड़ी । शायद इस डर से
कि कहीं दूसरा प्रहार भी न हो जाये । परंतु जमादारिन
को इतने ही से संतोष कैसे हो जाता? उसने और भी
जोर से मारते हुए और अश्लील गालियाँ देते हुए
कहा, आँख दिखाती है रंडी ! देख तो
नम्बरदारिन, उधेड़ ले चमड़ी, राँड की और
गुनहखाने में बन्द कर दे ।

अब मुझसे न सहा गया । मैंने कहा, जमादारिन, मैट्रन ऐसा करे तो करे, पर तुम बाल-बच्चे वाली स्त्री ठहरीं, तुम किसी पर बिना जाने क्यों हाथ उठाती हो ।

जमादारिन का स्वर उसी समय बदल गया । उसने मुझे देखा ही न था; नहीं तो शायद इस बेरहमी से न मारती । बोली, आप नहीं जानतीं बहन जी, यह खूनी औरत है, अपने बच्चे को मार डाला है इसने ।

मैंने कहा, उसके अपराध की सजा तो कानून से छोटी सजा से लेकर फांसी तक की हो सकती है । तुम्हारा काम तो उसे अपनी देख-रेख में बन्द रखना भर है । तुम वही करो । सजा का काम देने वालों पर छोड़ दो ।

वह गुनहखाने में बन्द कर दी गई । सब लोग अपने-अपने काम में लग गए मगर मुझे उस औरत की याद न भूली । मैं उस गुनहखाने की तरफ गई । लकड़ी का दरवाजा खुला था । वह छड़ के दरवाजे में बन्द थी । मैं अंदर आँगन में गई तो देखा, वह औरत अभी उसी प्रकार बैठी थी, रोटी और दाल उसने छुई भी न थी । मैंने उससे पूछा, तुमने खाया क्यों नहीं?卐 खाना खा लो ।

उसने मेरी तरफ देखा । फिर उसकी आँखों में आँसू भर आए । मेरा भी जी भर आया । मैंने कहा, तुम रोयो मत, वर्ना मैं भी तुम्हारे साथ रोऊँगी । खाना खा लो, फिर मुझसे बतलायो कि तुम क्यों पकड़कर लाई गई हो । सचमुच तुमने...पर विश्वास नहीं होता कि कोई माँ अपने बच्चे को मार सकती है ।

अब वह फूट पड़ी । रोते-रोते बोली, कोई माँ मारे चाहे न मारे, मैंने तो अपनी बच्ची को मार डाला है बहन जी! यह बात सच है ।

-कैसे? मैंने आश्चर्य से पूछा।

-कैसे मारा, क्या बताऊँ...और वह फूट-फूट कर रोने लगी ।उसने न तो खाया और न यही बतलाया कि उसने अपने बच्चे को क्यों और कैसे मारा । मैं अपने ओठे पर आकर लेट गई, और वहाँ कुछ देर तक पड़ी रही । एकाएक फाटक की घंटी बजी ओर फाटक खुला । मैंने देखा कि दो स्त्रियाँ रुपा को कहीं लिए जा रही हैं । पास ही खड़ी हुई कैदिन ने पूछा, रूपा को कहां लिए जा रहे हैं ये लोग?

वह धीरे-धीरे बोली, खूनी औरत है न इसलिए फांसी वार्ड में ले जा रहे हैं।

रूपा चली गई । पर मुझे उसका रोना, उसकी विषादभरी आँखें, उसका चेहरा भूलता न था । मन कहता था कि वह हत्यारिन नहीं है, पर मेरी आंखों के सामने वह फांसी वार्ड में गई, हत्या के जुर्म में पकड़कर आई, फिर अविश्वास के लिए कहां जगह थी?

धीरे-धीरे मैं रूपा को भूल चली थी । एक दिन अखबार के एक समाचार ने उस याद को ताजा कर दिया । समाचार था, ...गांव में रूपा नाम की स्त्री अपनी छह साल की बच्ची को लेकर कुएँ में कूद पड़ी...खबर होते ही गाँव वाले आ गए और माँ-बेटी को कुएँ से निकाला । बच्ची तो मर चुकी थी लेकिन रूपा को कोई हानि न पहुंची थी और वह बच्ची की हत्या करने के अपराध में पकड़कर जबलपुर सेंट्रल जेल में लाई गई । बच्ची को लेकर वह कुएँ में क्यों कूदी इसका कारण अज्ञात है ।

मैंने अखबार पढ़ा और जान गई कि हत्यारिन रुपा है । मेरे रहते ही दो महीने बाद एक रोज आजन्म कारावास का दंड लेकर रूपा फिर जेल में आ गई । दयालु मजिस्ट्रेट ने उसे फांसी न देकर आजन्म कारावास की सजा दी थी ।

रुपा सब स्त्रियों के साथ जेल में काम करती, मगर चेहरे पर विषाद की छाया बनी ही रहती । एक दिन मैं बीमार पड़ी और वह मेरे पास सेवा-सुश्रूषा के लिए भेजी गई । अस्पताल में मैं अकेली अपनी बच्ची के साथ रहती थी । रुपा दिन-रात मेरे पास रहती । मेरी बच्ची को वह बहुत ज्यादा प्यार करने लगी थी । बच्ची भी उसे घड़ी भर न छोड़ती थी । आश्चर्य तो यह था कि मेरी बच्ची साफ-साफ बोल न पाती थी, फिर भी रूपा उसकी सब बातें समझ लेती थी । एक दिन किसी ने बच्ची ममता को साफ न बोलने के लिए चिढ़ा दिया था और बेचारी उदास होकर सो गई थी । इसी चिंता में मुझे नींद न आ रही थी । रूपा मेरे पास आई बोली, हाथ-पैर दबा दूँ बहन जी? आपको नींद नहीं आती ।

मेरे बहुत रोकने पर भी रुपा मेरे पैर दबाने लगी । मैंने उसका हाथ पकड़कर उसे अपने पास बिठा लिया और कहा, रूपा आज तुम मुझे बताओ कि तुम बच्ची को लेकर कुएँ में क्यों कूदी थीं?

वह बैठ गई । उसके चेहरे का विषाद कुछ गहरा हो गया, बोली, बहन जी ! मेरी गोपा इसी तरह थी, जैसी आपकी ममता है । आपने बम्बई जाकर सैंकडों रुपए खर्च करके ममता का मुंह ठीक करवा लिया है, पर मेरे पास रुपया कहां से आता । गोपा का बाप कहता था, खूब रुपया कमाकर अपनी गोपा को बम्बई ले जाकर आपरेशन करा देंगे, तब सब ठीक हो जाएगा । और इसलिए खूब रुपया कमाने के लिए वह लड़ाई पर चला गया । तबसे उसकी कोई खबर नहीं मिली । इधर मैं अकेली और जरा-सी गोपा, जहां मेहनत-मजूरी को जाती वहीं बच्चे और कभी बड़े-बड़े लोग तक गोपा को साफ न बोलने पर चिढ़ाया करते । जिस दिन मै कुएं में कूदी थी, उसके एक दिन पहले मैं एक जगह मजूरी के लिए गई थी । ऊपर मैं कुछ काम कर रही थी और वहीं जीने पर गोपा एक लड़की लिए बैठी थी । नीचे मुहल्ले भर के दस-बारह लडके-लडकियाँ.. उसे चिढ़ा रहे थे । वह कभी इसे, कभी उसे मारने दौडती पर वे थे दस-बारह और गोपा अकेली । मैंने देखा । मुझे बड़ा क्रोध आ गया । पास ही जो लड़का उसकी चोटी खींच रहा था, उसे हलके से पीठ पर मार दिया । बस फिर इसी बात को लेकर उन लोगों से कहा-सुनी हो गई । अब मुझे काम भी न मिलता । पैसों की तंगी होने लगी । इधर बच्चे गोपा को और ज्यादा चिढ़ाकर तंग करने लगे । सोचा अभी छोटी है, समझती कम है, जब बड़ी होगी तब गोपा को कितना बुरा लगेगा, मेरी गोपा दुखी हो जाया करेगी और कहीं मैं मर गई तो...फिर बहन जी। मेरे मरने के बाद गोपा की जो दुर्दशा होगी उसे सोचकर मैं पागल हो गई और उस दुर्दशा तक गोपा न पहुंच सके, इसलिए... आगे वह कुछ न कह सकी । पास ही पड़ी हुई ममता को मैंने और पास खींचकर छाती से लगा लिया । मेरी छाया मुझसे बात कर रही थी ।



## ग़ज़ल



### जॉन एलिया

■ रेखा शाह आरबी बलिया (यूपी)

आख़री बार आह कर ली है
मैं ने ख़ुद से निबाह कर ली है

अपने सर इक बला तो लेनी थी
मैं ने वो ज़ुल्फ़ अपने सर ली है

दिन भला किस तरह गुज़ारोगे
वस्ल की शब भी अब गुज़र ली है

जाँ-निसारों पे वार क्या करना
मैं ने बस हाथ में सिपर ली है

जो भी माँगो उधार दूँगा मैं
उस गली में दुकान कर ली है

मेरा कश्कोल कब से ख़ाली था
मैं ने इस में शराब भर ली है

और तो कुछ नहीं किया मैं ने
अपनी हालत तबाह कर ली है

शैख़ आया था मोहतसिब को लिए
मैं ने भी उन की वो ख़बर ली है

## भूल सुधार

विगत सप्ताह साहित्य पृष्ठ पर नन्ही मुस्कान शीर्षक से कहानी प्रकाशित हुई थी, जिसके लेखक स्व. कृष्ण खटवाणी हैं। तकनीकी त्रुटिवश इसमें लेखिका का नाम गीतांजलि श्री प्रकाशित हुआ था। पाठक कृपया सुधार कर पढ़ें।

# स्त्री जीवन की धड़कनों को अभिव्यक्त करती कहानियां

■ अंतरा करवड़े





'ग हरे पत्तों की आदतें और अन्य कहानियाँ' साहित्यकार अंतरा करवड़े का पहला कहानी संग्रह है, इन दिनों काफी चर्चा में है। अंतरा करवड़े ने इस संग्रह की कहानियों में स्त्रियों के मन की अनकही बातों को, उनके जीवन के संघर्ष को और उनके सवालों को रेखांकित किया हैं। अंतरा करवड़े एक ऐसी कथाकार है जो मानवीय स्थितियों और सम्बन्धों को यथार्थ की कलम से उकेरती है और वे भावनाओं को गढ़ना जानती हैं। लेखिका के पास गहरी मनोवैज्ञानिक पकड़ है। इनकी कहानियाँ पाठकों के भीतर नए चिंतन, नई दृष्टि की चमक पैदा करती हैं। इस कहानी संग्रह में नारी जीवन के विविध पक्षों को अभिव्यक्त करने वाली सशक्त छोटी-बड़ी 16 कहानियाँ हैं। इन कहानियों में कुछ ऐसे चरित्र हैं जो अपनी संवेदनशीलता के कारण सदैव याद किए जाते रहेंगे। इनमें प्रमुख है 'पाखी' कहानी का पंछी, 'पापा को देर हो गई है' की मिशी, 'गुलाबी फरवरी' की रोहिणी, 'समानांतर' की सुषमा, 'मेरा समुन्दर' की बिन्नी, 'सेकेण्ड हैण्ड' की अन्नी, वाणी और समीर, 'गहरे पत्तों की आदतें' कहानी की शैली।

'पाखी' एक सशक्त कहानी है जिसमें कथ्य का निर्वाह कुशलतापूर्वक किया गया है। कथाकार ने इस कहानी का गठन बहुत ही बेजोड़ ढंग से प्रस्तुत किया है। कहानी की नायिका पाखी के मनोभावों की अभिव्यक्ति प्रभावशाली तरीके से हुई है। पाखी ने पंछी से उदात्त प्रेम का अनुभव किया है। इस कथा में अनुभूतियों की मधुरता है, यह कहानी अंतरा जी के सामर्थ्य से परिचित कराती है। कथाकार ने कहानी में प्रतीकों, बिम्बों, सांकेतिकता का सार्थक प्रयोग किया है। अंतरा जी की इस कथा में गंध संवेदना की सुंदर अभिव्यक्ति मिली है - 'सॉरी, बहुत दिनों बाद आज धूप में सूखे हुए कपड़ों की गंध मिली थी! कल मम्मी की एक पुरानी सूती साड़ी धोकर सुखाई थी।' 'पापा को देर हो गई है' कहानी में बाल मनोविज्ञान का सूक्ष्म चित्रण दिखता है। पापा को स्कूल आने में देर हो जाती है तो मिशी पर क्या गुजरती है, लेखिका ने मिशी की मन स्थिति का विशद चित्रण किया है। कहानी 'गुलाबी फरवरी' को लेखिका ने काफी संवेदनात्मक सघनता के साथ प्रस्तुत किया है। कहानी का सृजन बेहतरीन तरीके से किया है। कथा नायिका रोहिणी की मन- स्थितियों की एक मर्मस्पर्शी, भावुक कहानी है। कहानी में नारीजनित कोमल भावनाओं की अभिव्यक्ति है। कथाकार ने रोहिणी के सपनों को, उसके निश्छल प्रेम के उदात्त भाव को अभिव्यक्त किया है। कहानी का शीर्षक 'समानांतर' कथानक के अनुरूप है। इस कहानी को पढ़ते हुए एक किशोर बेटे की माँ की मनोदशा का बखूबी अहसास होता है। अंतरा जी ने इस रचना में एक माँ की छटपटाहट को स्वाभाविक रूप से रेखांकित किया है।

लेखिका ने परिवेश के अनुरूप भाषा और दृश्यों के साथ कथा को कुछ इस तरह बुना है कि कथा खुद आँखों के आगे साकार होते चली जाती है। अंतरा जी सुषमा के बेटे शालीन के मन के भीतरी तहों में संजोए सच को स्वाभाविक रूप से अभिव्यक्त करती है ङ्ग 'आपको बुरा तो लगेगा सुनकर, लेकिन मैं पूछ सकता हूँ कि मुझे यहाँ रखने के पीछे क्या कारण था?'

"..."

'हम बड़े शहर में रहते थे, मैं कोई बिगड़ैल किस्म का बच्चा भी नहीं था, कोई और मजबूरी भी तो नहीं थी।' सुषमा और उसका बेटा शालीन, दोनों पात्र अपने स्तर पर आतंरिक मानसिक त्रास को भोगने हेतु विवश हैं। लेखिका ने पात्रों के मनोविज्ञान को अच्छी तरह से निरूपित किया है और उनके स्वभाव को भी रूपायित किया है।

'पत्नी की मौत के बाद' कहानी लेखिका की सूक्ष्म दृष्टि की परिचायक है। कहानी में समाज की मानसिकता के स्पष्ट दर्शन है। 'बर्गर गुझिया' कहानी के पात्र हमारे आस पास के परिवेश के लगते हैं। इस कहानी में पात्रों का चरित्र-चित्रण बहुत ही सशक्त रूप से किया है। कथाकार इस कथा में स्याह होती संवेदनाओं को उभार कर उनमें फिर से रंग भर देती हैं। 'शिखा बोल्ड हो गई है' कहानी एक अलग तेवर के साथ लिखी गई है। लेखिका ने शिखा के मन की भावनाओं को बखूबी व्यक्त किया है। इस कहानी की मुख्य किरदार शिखा को जिस प्रकार कथाकार ने गढ़ा है, उससे ऐसा लगता है कि शिखा सजीव होकर हमारे सामने आ गई है। शिखा ने कभी हारना सीखा ही नहीं था। जीत नहीं पाती थी, तो जीत की परिभाषा बदल देती थी। कहानी की नायिका शिखा एक अमिट छाप छोड़ती है। 'मिरुल' कहानी में लेखिका ने कथानायिका मिरुल की ऐसी मन- स्थिति पर वार किया है जिसमें अक्सर प्रेमिका अपने पहले प्रेमी को भूल नहीं पाती है और दूसरे प्रेमी में अपने पहले प्रेमी की छवि ढूँढती है। लेखिका ने कहानी की मुख्य किरदार मिरुल के मन की अनकही उथल-पुथल को शब्दों के धागों में सुंदरता से पिरोया है। इस कहानी की गहराई आप इस कहानी के अंत से जान सकते हैं और यह अंत बहुत कुछ सोचने को मज़बूर कर देता है। कहानी का दृश्य विधान इसकी ताकत है। 'मेरा समुन्दर' कथा नायिका बिन्नी सांकेतिक प्रतीकों के माध्यम से अपनी स्थिति और भावना अभिव्यक्त करती है। कहानी में लेखिका ने संवेदना के मर्मस्पर्शी चित्र उकेरे हैं।

'एकांत बाँसुरी' कहानी में कथा नायक राहुल और कथा नायिका श्रीनिका सांकेतिक प्रतीकों के माध्यम से अपने निश्छल प्रेम और भावनाओं को अभिव्यक्त करते हैं। नारी संवेदना को अत्यन्त आत्मीयता एवं कलात्मक ढंग से चित्रित करती रोचक कहानी है 'स्वेता' जो पाठकों को काफी प्रभावित करती है। इस कहानी में एक पुरुष के प्रति कथा नायिका की बदलती मनोसंवेदना का वर्णन है। 'गहरे पत्तों की आदतें' कहानी में एक युवती शैली की अनब्याही संवेदनाओं की पराकाष्ठों को पाठकों के समक्ष सकारात्मकता के साथ प्रस्तुत किया है। 'सेकेण्ड हैण्ड' कहानी आत्मीय संवेदनाओं को चित्रित करती एक मर्मस्पर्शी, भावुक कहानी है। कथाकार ने इस कहानी में पारिवारिक संबंधों की धड़कन को और बालसुलभ भावनाओं को बखूबी उभारा है। अन्नी, वाणी और समीर की संवेदनाओं को लेखिका ने जिस तरह से इस कहानी में संप्रेषित किया है वह काबिलेतारीफ़ है। यह कहानी स्त्री विमर्श के फलक को आवश्यक विस्तार देती हैं। 'रिपोर्ट' नारी जीवन के छुए अनछुए पहलुओं को अभिव्यक्त करती एक अनोखी कहानी है।

माही का व्यक्तित्व कमाल का है। कथाकार ने माही के अदम्य जिजीविषा तथा असीम सहन शक्ति का अंकन किया है। माही चिंतन को अवसाद से बाहर निकालने के लिए भरसक प्रयत्न करती है और वह अपने प्रयासों में सफल हो जाती है। कथाकार ने एक महत्वपूर्ण विषय को उठाया है कहानी 'उखड़ी हुई जड़' में। इस कहानी का शीर्षक प्रतीकात्मक है जिसमें इस कहानी के मुख्य किरदार शशांक को अपनी चेतना से जूझते हुए दिखाया गया है। कथाकार ने 'आईना देखो गार्गी' कहानी का सृजन बेहतरीन तरीके से किया है। कहानी का दृश्य विधान इसकी ताकत है। कहीं-कहीं तो लगता है हम इसके साथ बह रहे हैं। इस कहानी को पढ़कर लगता है कि वास्तव में गार्गी अपने माता पिता से दो-तीन पीढ़ी आगे निकल चुकी है। यह बदलते समय की आहट है।

लेखिका - अंतरा करवड़े
प्रकाशक -राइजिंग स्टार्स, 600/5-ए, आदेश मोहल्ला,
गली नंबर 15, मौजपुर, दिल्ली - 110053
आईएसबीएन नंबर -978-93-93219-22-0
मूल्य - 400 रूपए

इन कहानियों में अंतरा करवड़े प्रकृति के जीवंत बिम्ब उपस्थित करके पाठकों का मन कथा के साथ बाँध लेती हैं। कथाकार स्त्रियों की जिंदगी के हर पार्श्वो को देखने, छूने तथा उकेरने की निरंतर कोशिश करती हैं। इनके कथा साहित्य में स्त्री के कई रूप दिखाई देते हैं। अंतरा जी के नारी पात्र पुरुष से अधिक ईमानदार, व्यवहारिक, साहसी और कर्मठ दिखाई देती हैं। कहानियाँ नारी मन का मनोवैज्ञानिक तरीके से विश्लेषण करती हैं। अंतरा जी की कहानियों की स्त्रियां सबल, प्रगतिशील, स्वाबलंबी, कामकाजी, जुझारू और अपना जीवन अपनी शर्तों पर जीने वाली हैं। इस संग्रह की कहानियाँ अपनी सार्थकता सिद्ध करती हैं। इस संकलन की कहानियों में लेखिका की परिपक्वता, उनकी सकारात्मकता स्पष्ट दृष्टिगोचर होती है। कहानीकार ने कहानियों में घटनाक्रम से अधिक वहाँ पात्रों के मनोभावों और उनके अंदर चल रहे अंतर्द्वन्द्वों को अभिव्यक्त किया है। कथाकार ने जीवन के यथार्थ का सहज और सजीव चित्रण अपने कथा साहित्य में किया है। संग्रह की सभी कहानियाँ शिल्प और कथानक में बेजोड़ हैं और पाठकों को सोचने को मजबूर करती हैं। अंतरा जी की कहानियों का शिल्प चरित्रों की मन:स्थिति एवं कथ्य की आवश्यकता के अनुरूप निर्धारित होता है। अंतरा जी की कहानियों की विशेषता इनका शिल्प है जो कलात्मक लेखन से हृदय के भीतर उतर कर पाठक के मन को झिंझोड़ देता है। इस संग्रह की कहानियाँ पाठकों को मानवीय संवेदनाओं के विविध रंगों से रूबरू करवाती हैं। रिश्तों और मानवीय संबंधों की बारीक पड़ताल की गई है। कथाकार ने नारी जीवन के विविध पक्षों को अपने ही नज़रिए से देखा और उन्हें अपनी कहानियों में अभिव्यक्त भी किया हैं।

इस कहानी संग्रह की हर एक कहानी नारी के मन और उसकी भावनाओं के हर एक पहलु को उजागर करती है। स्त्री के मन को छूती हुई ये कहानियाँ पाठक के मन में समा जाती हैं।

इनकी भाषा का लालित्य पाठकों को मोहित करता है। कहानीकार ने नारियों की सूक्ष्म मनोवृत्तियों, स्त्री जीवन की धड़कनों, किरदारों के मन में चलने वाली उथल पुथल को इन कहानियों में सहजता से अभिव्यक्त किया है। इन कहानियों के किरदार कहानी ख़त्म होते ही आपसे जुदा नहीं होते हैं बल्कि आपके ज़ेहन में हमेशा के लिए बस जाते हैं। संग्रह की कहानियों में जीवन की गहराई है। अंतरा जी ने मुखर होकर आज की नारी जीवन की सच्चाइयों का वास्तविक चित्र प्रस्तुत किये हैं। भाषा परिवेश के अनुकूल है। कथाकार की भाषा में पाठक को बाँधे रखने का सामर्थ्य है। संवेदना के धरातल पर ये कहानियाँ सशक्त हैं। संग्रह की हर कहानी उल्लेखनीय तथा लाज़वाब है और साथ ही हर कहानी ख़ास शिल्प लिए हुए है। इन कहानियों में प्रयुक्त कथानुकूलित परिवेश, पात्रों की अनुभूतियों, पात्रों का मनोवैज्ञानिक विश्लेषण, कहानियों में लेखिका की उत्कृष्ट कला-कौशलता का परिचय देती है। कथा सृजन की अनूठी पद्धति अंतरा करवड़े को अपने समकालीन कथाकारों से अलग खड़ा कर देती है। कहानियों का यह संग्रह सिर्फ पठनीय ही नहीं है, संग्रहणीय भी है।

इस संग्रह की कहानियाँ पढ़कर ऐसा नहीं लगता है कि 'गहरे पत्तों की आदतें और अन्य कहानियाँ' इनका पहला कहानी संग्रह है। अंतरा करवड़े की प्रथम कृति 'गहरे पत्तों की आदतें और अन्य कहानियाँ' का साहित्य जगत में स्वागत है, इस शुभकामना के साथ कि उनकी यह यात्रा जारी रहेगी।

# नेशनल लोक अदालत : उलझे मामले सुलझे, सवा लाख प्रकरण निराकृत

**जबलपुर।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के निर्देश पर मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें कुल 7 लाख 40 हजार 202 मामले सुनवाई के लिये रखे गये थे। जिनमें से सवा लाख मामलों में आपसी रजामंदी से मामलों का निराकरण किया गया। वहीं 4 अरब 80 करोड़ की अवार्ड राशि पारित की गई।

उक्त जानकारी मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के सदस्य सचिव राजीव कर्महे व अतिरिक्त सचिव मनोज कुमार सिंह ने दी। उन्होंने बताया कि हाईकोर्ट के मुख्य न्यायाधीश रवि मलिमथ व प्राधिकरण के कार्यपालक अध्यक्ष प्रशासनिक न्यायाधीश शील नागू के मार्गदर्शन में नेशनल लोक अदालत आयोजित हुई। जिसमें न्यायालयों में लंबित एक लाख 92 हजार 811 मामले समझौते के माध्यम से निराकृत करने का लक्ष्य रखा गया था।

इनमें से 40 हजार से अधिक मामलों का निराकरण किया गया। वहीं 5 लाख 47 हजार 391 प्रीलिटिगेशन प्रकरण सुनवाई के लिए रखे गए। जिनमें से 76 हजार से अधिक मामलों पर पक्षकारों को मौके पर समझाइश देते हुए निराकृत किये गये। इस प्रक्रिया में 74 करोड़ से अधिक का मुआवजा वितरित किया गया।

इस तरह राष्ट्रीय लोक अदालत में रखे गए कुल 7 लाख 40 हजार 202 मामलों में से सवा लाख के लगभग मामले निराकृत कर किये गए। इस प्रक्रिया में कुल चार अरब 80 करोड़ से अधिक का मुआवजा वितरित हुआ। इसके लिये हाईकोर्ट की तीनों बेंच में 17 खंडपीठों के जरिए सुनवाई हुई। जबकि राज्य की अधीनस्थ अदालतों में 1337 खंडपीठों के माध्यम से विवाद हल किए गए। सहमति से निराकरण कराने पर पक्षकारों को छूट का लाभ भी दिया गया।






# प्रदेश के 19 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट, जबलपुर भी शामिल

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर सहित 24 जिलों में रुक-रुक कर हो रही बारिश ने एक बार फिर मौसम बदल दिया है। गर्मी व उमस के बीच लोगों ने ठंडक का अहसास किया है. आज भी जबलपुर, उज्जैन, सागर, गुना व छिंदवाड़ा सहित 19 जिलों में भारी बारिश का अलर्ट जारी किया गया है। वहीं अन्य जिलों में भी हल्की बारिश की संभावना जताई गई है।

मौसम विभाग के अनुसार बंगाल की खाड़ी में दो दिन बाद एक और नया सिस्टम बन रहा है, जिसके चलते प्रदेश में अभी 10 से 15 दिन तक बारिश का दौर बढ़ सकता है। अभी भी छत्तीसगढ़ व ओडिशा के आसपास साइक्लोनिक सर्कुलेशन एक्टिव है। जबलपुर में शुक्रवार की सुबह से शुरु हुई बारिश का दौर देर रात तक चलता रहा, जिसके चलते करीब 3.57 इंच बारिश हुई है। इसी तरह इंदौर में भी तीन दिन से हो रही बारिश के चलते एक बार फिर तालाब व डेम भर गए हैं। यशवंत सागर बांध भरने से उसका एक गेट खोल दिया गया।

भोपाल में बीते दिन रिमझिम बारिश हुई है लेकिन देर रात भारी बारिश हुई है, चार दिन राजधानी भोपाल में हो रही लगातार बारिश के चलते कई जगह पानी भर गया। प्रदेश के जबलपुर, भोपाल, इंदौर व खंडवा में 3 इंच से ज्यादा बारिश हुई है।

## कहां कितनी बारिश हुई है

जबलपुर 3.57 इंच, इंदौर 3.42 इंच, खंडवा 3.02 इंच, सतना 2.71, दतिया 2.70, धार 2.57, खरगोन 2.36, भोपाल सिटी 2.14, सीधी 1.70, टीकमगढ़ 1.45, छिंदवाड़ा 1.42, ग्वालियर 1.30, नरसिंहपुर 1.22, नर्मदापुरम 0.96, भोपाल 0.94, उज्जैन 0.86, नौगांव 0.71, सिवनी 0. 66, रतलाम 0.43, मंडला 0.28, पचमढ़ी 0.25, रीवा 0. 22, मलाजखंड 0.17, बैतूल 0.16, उमरिया 0.15, शिवपुरी 0.11, दमोह 0. 07, सागर 0. 07, खजुराहो 0.04 दर्ज की गई है।

## प्रदेश के पांच शहरों में कैसा रहेगा मौसम

-जबलपुर में मध्यम से भारी बारिश होने की संभावना है, संभाग के अन्य जिलों में भी भारी बारिश का दौर जारी रहेगा।

-राजधानी भोपाल में भी हल्की बारिश का दौर चलता रहेगा, कहीं कहीं तेज बारिश भी होने की संभावना है। -इंदौर में भी बारिश होने के आसार है। -ग्वालियर में बादल छाए रहेगे, हल्की बारिश हो सकती है।

# कल्याणकारी योजनाओं को फिल्म के माध्यम से जन-जन तक पहुंचा रहे विकास रथ

**जबलपुर, देशबन्धु।** राज्य शासन द्वारा संचालित जन कल्याण की विभिन्न योजनाओं का प्रचार-प्रसार करने जिले के आठों विधानसभा क्षेत्र में विकास रथ चलाये जा रहे हैं। आज उत्तर-मध्य विधानसभा में घमापुर चौराहा, छोटी ओमती, बेलबाग टोरिया, दर्शन तारा चौक, बेलबाग थाना के पास विकास रथ पहुंचकर प्रदेश सरकार की महत्वकांक्षी योजना व उपलब्धियों का फिल्म प्रदर्शन किया गया। इसी प्रकार पनागर विधानसभा में सिंगल दीप, सिंगौद व पनागर, केंट व पाटन विधानसभा में भी विकास रथ पहुंचकर कल्याणकारी योजनाओं को जन-जन तक पहुंचा रहे हैं।



जनहित की योजनाओं के प्रचार-प्रसार करने राज्य शासन द्वारा जबलपुर जिले में चार विकास रथ भेजे गये हैं। प्रत्येक विकास रथ जिले की दो विधानसभा क्षेत्र का भ्रमण करेगा और वीडियो फिल्म के माध्यम से लोगों को योजनाओं की जानकारी देगा। इसके लिये विकास रथ में एलईडी लगाई गई है। योजनाओं के साथ-साथ विकास कार्यों का प्रदर्शन भी एलईडी पर किया जायेगा।

## मटका संगीत के जनक एवं स्वतंत्रता संग्राम सेनानी रतन चंद्र नामदेव की पुण्य तिथि आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर के रतन चंद नामदेव की 28 वीं पुण्यतिथि के मौके पर बीएसएनएल महाराष्ट्र स्कूल के समीप श्रद्धांजलि सभा का आयोजन पूर्वान्ह 11 बजे आयोजित है। इसके मुख्य अतिथि के रूप में भूपेन्द्र गुप्ता अध्यक्ष स्वतंत्रता संग्राम सेनानी उत्तराधिकारी कांग्रेस संगठन विभाग शामिल होंगे कार्यक्रम की अध्यक्षता जगत बहादुर सिंह अन्नू करेंगे आयोजन समिति के सतीश नामदेव, मनोज नामदेव ने आमंत्रित जनों से शामिल होने का आग्रह किया है।



## आज धूमा, लखनादौन, सिवनी विधानसभा में भ्रमण करेगी जन आशीर्वाद यात्रा

**जबलपुर, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी जबलपुर संभाग की जन आशीर्वाद यात्रा रविवार को प्रात: बरगी से प्रारंभ होकर सिवनी जिले के धूमा तहसील में प्रवेश करते हुए वहां से लखनादौन, धनोरा, कहानी, पलारी, कानहीवाड़ा बंडोल होते हुए होते हुए सिवनी पहुंचेगी।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष होंगे यात्रा में सम्मिलित**

रविवार को यात्रा में भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद विष्णु दत्त शर्मा सम्मिलित होंगे। इस अवसर पर उनके साथ यात्रा में नर्मदा पुरम सांसद राव उदय प्रताप सिंह, जबलपुर सांसद राकेश सिंह, यात्रा से प्रभारी अभिलाष पांडे, सिवानी विधायक मुनमुन राय, जिला अध्यक्ष आलोक दुबे सहित स्थानी पार्टी कार्यकर्ता सम्मिलित रहेंगे।

रविवार को यात्रा का विश्राम सिवानी में होगा। इसके बाद सोमवार को यात्रा बालाघाट जिले में प्रवेश करेगी।

# जबलपुर से दिल्ली जाने वाली महाकौशल, संपर्क क्रांति, श्रीधाम सहित 36 गाडिय़ां रद्द

**जबलपुर, देशबन्धु।** रेल यात्रियों के लिए यह खबर अच्छी नहीं है। खासकर जबलपुर से दिल्ली जाने वाले यात्रियों के लिए रेलवे ने जबलपुर से हजरत निजामुद्दीन (दिल्ली) जाने वाली तीन प्रमुख ट्रेनों, जिसमें महाकोशल, संपर्क क्रांति व श्रीधाम एक्सप्रेस है, उसे आगामी 11 सितम्बर से रद्द कर दिया गया है और यह 27 व 28 सितंबर तक कैंसिल रहेगी। राहत की थोड़ी बात यह है कि गोंडवाना एक्सप्रेस को चलायमान रखने का निर्णय लिया है।



बताया जाता है कि उत्तर मध्य रेलवे के वीरांगना रानी लक्ष्मीबाई स्टेशन (पुराना नाम झांसी) में प्लेटफार्म निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिसके चलते रेल प्रशासन ने झांसी से प्रारंभ होने व यहां से निकलने वाली 36 गाडिय़ों को रद्द कर दिया गया है। वहीं दो गाडिय़ों को शॉर्ट टर्मिनेट तो 6 गाड़ियों को डायवर्ट रूट से चलाने का निर्णय लिया है।

## जबलपुर मंडल की यह गाड़ियां हुई हैं कैंसिल

रेलवे ने जो गाड़ियां कैंसिल की है, उसमें जबलपुर की प्रमुख ट्रेनों गाड़ी संख्या 12189/12190 जबलपुर-निजामुद्दीन-जबलपुर महाकौशल एक्सप्रेस को 11 सितम्बर से जाने में व वापसी में 12 सितम्बर से 29 सितंबर तक, गाड़ी संख्या 12121-12122 जबलपुर- ह. निजामुद्दीन-जबलपुर एमपी संपर्क क्रांति एक्सप्रेस को 13 सितंबर से 28 सितंबर तक व गाड़ी संख्या 12192-12191 जबलपुर-हजरत निजामुद्दीन-जबलपुर व्हाया इटारसी-भोपाल श्रीधाम एक्सप्रेस को जाने में 11 सितंबर व वापसी में 29 सितंबर तक रद्द किया गया है।

वहीं गाड़ी संख्या 12823-12824 दुर्ग-निजामुद्दीन-दुर्ग छग संपर्क क्रांति एक्सप्रेस जो व्हाया कटनी मुड़वारा, दमोह, सागर होकर चलती है, उसे भी 11 सितंबर से 29 सितंबर तक रद्द किया गया है। वहीं जबलपुर से देश की राजधानी दिल्ली जाने के लिए जबलपुर से चार गाडिय़ां हैं, जिनमें से 3 गाडिय़ों को केंसिल कर दिया गया है, सिर्फ जबलपुर-निजामुद्दीन गोंडवाना एक्सप्रेस की सुविधा को बहाल रखा गया है। जिससे इस ट्रेन में जबर्दस्त दबाव बढ़ गया है।

**Recruitment of Vocational Trainers (Contractual Basis)**
LNJ Skills & Rozgar | N·S·D·C National Skill Development Corporation

**LNJ Institute of Skills & Technology Pvt Ltd, a** NSDC empaneled Training Partner, invites Applications from candidates with prescribed qualification & Experience for deployment as Vocational Trainers-(Apparel) in secondary & Higher secondary schools in the state of Madhya Pradesh **(59 Post)**

**Qualification :** Post Graduation in Textile & clothing or relevant area from a recognized university /Institute, with at least 1 year work/teaching experience in Textile & clothing (Preferred Qualification) Other Qualifications
1. Graduate in apparel made ups/ fashion technology (at least 50% marks with one year experience)
2. Diploma in apparel made ups/fashion technology (at least 50% marks with one year experience)
3. Graduate in any discipline (at least 50% marks) with ITI one year certificate in sewing machine operator (with one year experience)

**Location :** Bhind, Chhatarpur, Dewas, Hoshangabad, Jhabua, Khargone, Mandsaur, Morena, Panna, Ratlam, Sagar, Sheopur, Shivpuri, Tikamgarh, Niwari, Jabalpur, Katni, Sidhi

**Minimum Competency:** Effective communication skills (Oral & Written), Basic computing skills

**Age Limit :** 18-37 years (As on Jul. 01, 2023)

**Note:** All communication for job application to be done through e-mails. All positions purely on Contractual basis. This is not a Government Job and the selection process is strictly based on merit and management reserves the right to accept/reject an application without assigning any reasons whatsoever. **(Only shortlisted candidates will be called for written & Personal interview)** CTC: Rs. 20000/- Per month. Last date for receipt of CV : **15th September, 2023** Interested Candidates can send updated CV on this **mail ID rmg@lnjskills.com** by mentioning the Sector/Trade in subject line.

**For More information Call: 9873082062**

# चौथे दिन जन आशीर्वाद यात्रा का हुआ जगह-जगह स्वागत




**जबलपुर, देशबन्धु।** हम किसी भी भूमि पर कब्जा नहीं करना चाहते, पर जो हिस्से भारत से अलग हुए थे आज वह स्वयं भारत की जय जयकार कर रहे हैं। हमारे महापुरूषों ने कहा है कि जब तक सिक्किम से लेकर पाकिस्तान के गिलगित तक भारत का ध्वजा नहीं फहरता तब तक हमारे लिए स्वतंत्रता कोई मायने नहीं रखती। भारत को पुन: अखंड भारत बनाना है जिसके लिए आपको भारतीय जनता पार्टी और मजबूत करना होगा। हम सिर्फ बुनियादी विकास करने के लिए सत्ता में नहीं आए हम भारत को पुन: विश्व गुरु बनाने चाहते हैं। वक्त बाते जरा आशीर्वाद यात्रा के पनागर आगमन के अवसर पर आयोजित आमसभा के दौरान केंद्रीय मंत्री दमोह सांसद प्रहलाद सिंह पटेल ने कहीं।

श्री पटेल ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में बड़ा फर्क होता है अगर कोई कांग्रेसी कार्यकर्ता से पूछे कि आप राजनीति क्यों कर रहे हो तो इसका जवाब वह नहीं दे पाएगा बल्कि वहीं भाजपा का कार्यकर्ता राष्ट्रवाद के विचार से प्रेरित होकर भारतीय जनता पार्टी के लिए कार्यकर्ता है। उसे किसी पद का लालच नहीं रहता यहीं मूल फर्क भाजपा और कांग्रेस कार्यकर्ताओं में सभी जगह देखा जाता है।

इस अवसर पर सांसद राकेश सिंह ने कहा कि आजादी के बाद की सरकारों ने गरीब के विकास की बजाय एक विशेष वर्ग को ध्यान में रखा जिसके चलते देश का वैसा विकास नहीं हो पाया जैसा होना चाहिए। नरेंद्र मोदी के प्रधानमंत्री बनने से भारत की सांस्कृतिक पहचान आज पूरी दुनिया में बढ़ी है जिसके लिए हर भारतीय अपने आप को गौरवान्वित महसूस करता है। आज गरीब को पक्का घर मिल रहा है, महिलाएं सम्मान से शौचालय का उपयोग कर रहा है वही माताएं बहनों को रसोई गैस मिलने से उनके जीवन स्तर में भारी बदलाव आया है। महिलाओं के कष्ट दूर करने के लिए भाजपा सरकार सदैव तत्पर है।

पनागर में आयोजित सभा में यात्रा से अभिलाष पांडे, विधायक सुशील तिवारी,प्रदेश मंत्री आशीष दुबे, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी प्रशांत तिवारी, जिला अध्यक्ष सुभाष रानू तिवारी, जिला ग्रामीण अध्यक्ष युवा मोर्चा राजमणि सिंह बघेल, पूर्व जनपद अध्यक्ष रजनी यादव, सर्वेश मिश्रा सहित बड़ी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



## जिला न्यायालय में आयोजित नेशनल लोक अदालत में बैंक ऑफ बड़ौदा ने भाग लिया

**जबलपुर, देशबन्धु।** जबलपुर में बैंक ऑफ बड़ौदा ने जिला न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जिसमें क्षेत्र के अंतर्गत सभी 16 जिलों में बैंक ऑफ बड़ौदा के नोडल अधिकारियों ने ऋण लेने वाले हितग्राहियों को लोक अदालत के माध्यम से उनकी समस्या सुनी और समझौता कराकर समस्याओं को निपटाने हेतु अवसर प्रदान तथा उन्हें ऋण के बोझ से मुक्त करने जीवन जीने का अवसर प्रदान किया। नेशनल लोक अदालत के माध्यम से कुल 195 ऋणियों को बकाया 2.75 की राशि का समझौता के माध्यम से निपटान किया गया। लोक अदालत में क्षेत्रीय कार्यालय जबलपुर से उपक्षेत्रीय प्रमुख हरिओम उपाध्याय, वसूली प्रमुख विनीत कुमार शर्मा, जबलपुर मेन ब्रांच शाखा प्रबंधक दीपक उसराते, नेपियर टाउन शाखा प्रमुख सिरीश एवं अन्य नोड अधिकारी उपस्थित रहे।

**सोनू पोल्ट्री**
बड़ा ब्रॉयलर - रु. 126
मीडियम ब्रॉयलर - रु. 126
छोटा ब्रॉयलर - रु. 128
मोबाइल नं. 9300692405

**J.B.F.A.**
जबलपुर बॉयलर फार्मस् एसोसियेशन
मुर्गा छोटा - रु. 132
मुर्गा मीडियम - रु. 130
मुर्गा बड़ा - रु. 130
मुर्गा जम्बो - रु. 130
मो.-9039925000, 9425800409

ब्यूटी इंडस्ट्री में अपना सुनहरा कॅरियर बनाये
जबलपुर का सरकारी मान्यता प्राप्त प्रतिष्ठान
(ब्यूटी पार्लर के सभी कोर्स मे 50% डिस्काउंट)
LOOK SALON & ACADEMY (ONLY FOR FEMALE)
7828416648,7987003927
239, जय नगर, गढ़ा रोड, लेबर चौक, जबलपुर म.प्र.
FREE FREE FREE FREE
हेयर वाश, हेयर कट, फेस ब्लीच, हैंड डी -टेन पैक, फेस डी -टेन पैक,
कॉल करके अपॉइंटमेंट प्राप्त कर इस विज्ञापन की कटिंग लेके आने पर इनमें से कोई भी एक सर्विस (उम्र 15+ महिलाओं के लिए) फ्री है।

A.P.N. C.B.S.E. SENIOR SECONDARY SCHOOL
Affiliation No.: 1031302
School No.: 51319
An English Medium Co-educational School
ADMISSIONS OPEN
Class: Nursery 12th
(Science, Commerce & Humanities)
Call us: 0761-2676370, 9826587200
Sadar, Jabalpur Cantt, Web: www.apncbseschool.com
E-mail: apncbseschool@gmail.com

FOR ENQUIRY CALL 0761-4069888
FOLLOW BY SAMDAREEYA_CINEMAS
समदड़िया सिनेमा
JAWAN: 08:00 AM 09:00 AM 10:30 AM 12:15 PM 01:00 PM 02:00 PM 03:30 PM 05:15 PM 06:45 PM 07:30 PM 08:30 PM 10:00 PM 10:30 PM 11:00 PM 11:30 PM
GADAR-2: 10:00 AM 04:15 PM
DREAM GIRL-2: 01:00 PM 05:50 PM 08:25 PM
THE NUN II (IN HINDI): 11:00 AM 03:30 PM

आसान किस्तों में उपलब्ध
मिश्रा इन्टरप्राइजेज
सभी ब्रांडेड कम्पनियों के टी.वी. एल.सी.डी. फ्रिज, डी.वी.डी. वुडन फर्नीचर, स्टील फर्नीचर उपलब्ध है
1. उपभोक्ता की संतुष्टि ही सफलता की सीढ़ी है।
2. उपभोक्ता सेवा ही जीवन का लक्ष्य है।
एल.जी. सेमसन, फिलिप्स, बी.पी. एल. सोनी, वेस्टन व अन्य कंपनियों के उपलब्ध है।
441, सरकारी कुंआ, शीतलामाई वार्ड पश्चिमी घमापुर, जबलपुर
मो. 9200000162 फोन- 2626496

अब फेमटो सेकेण्ड लेजर - विक्टस से
मोतियाबिंद ऑपरेशन
मध्य भारत का सबसे आधुनिक
नया युग
आधुनिक नेत्र चिकित्सा ब्लेड फ्री, दर्द रहित, बिना इंजेक्शन, बिना पट्टी, बिना भर्ती, कुछ ही मिनटों में उपचार वापस अपने काम पर
डॉ.पवन स्थापक-सीधा संपर्क/ जांच एवं ऑपरेशन मोबाईल-9754601010, 9516244894
जनज्योति सुपर स्पेशिलटी आई हॉस्पिटल, गोलबाजार, जबलपुर

## 10 करोड़ हरे कृष्ण महामंत्र का जाप पूर्ण : स्वामी रामचंद रास



**जबलपुर, देशबन्धु।** हरे कृष्णा आश्रम के संस्थापक स्वामी रामचंद्र महाराज ने विराट हॉस्पिस जाकर ज्ञानेश्वरी दीदी के सानिध्य में मरीजों के बीच में अपना 84 वां जन्मोत्सव मनाया मरीजो के लिए राशि भेंट की इस अवसर पर केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल रवि बाजपेई डॉक्टर अखिलेश गुमास्ता शरद अग्रवालआदि उपस्थित थे। नरसिंह मंदिर जाकर स्वामी श्याम देवाचार्य जी महाराज पुष्प अर्पण कर पूज्य स्वामी नरसिंह दास जी महाराज द्वारा स्वागत किया गया सर्वप्रथम गौशाला में गायों को गुड़ खिलाया पौधा रोपण के साथ दिन की शुरुआत की । आश्रम के व्यवस्थापक एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉक्टर सुधीर भगवान ने बताया स्वामी जी 10 करोड़ से अधिक हरे कृष्ण महामंत्र का जाप अभी तक कर चुके हैं स्वामी श्याम देवाचार्य जी महाराज के सानिध्य में माघ मास में गंगा तट पर कई बार साधना की। संयोग ऐसा रहा जब स्वामी जी का जन्म हुआ उसके चार माह पूर्व स्वामी जी के पूज्य पिताजी का निधन हो गया था स्वामी जी के सानिध्य में प्रतिदिन 13 वर्षों से 200 लोगों को चलित प्रसादम सेवा के अंतर्गत निशुल्क भोजन कराया जाता है जो अभी भी निरंतर चालू है 50 देश से अधिक की यात्रा स्वामी जी कर चुके हैं।

## इंटरनेशनल ग्रैंड पेरेंट्स डे- बच्चों को कम उम्र से ही धर्म, समाज और अध्यात्म से करवाते हैं जुड़ाव

**जबलपुर, देशबन्धु।** बुजुर्ग परिवार की नींव है, जिनके आदर्शों पर चलकर नौनिहाल भी संस्कारवान हो जाते हैं। संस्कारों की सीख देना हो या फिर नैतिक मूल्यों का बीजारोपण। दादा-दादी और नाना-नानी बच्चों को समाज की ऐसी ही मूल धारा से जोड़ने का काम करते हैं। मां और पापा के गुस्से से बचना हो तो ग्रैंड पेरेंट्स के पीछे हर बच्चा छिप जाता है। परिवार में ऐसे ही बुजुर्गों की अहमियत को बरकरार रखने के लिए सितम्बर के पहले रविवार को ग्रैंड पेरेंट्स डे मनाया जाता है।



**अच्छी बुरी बातों की सीख**-घरों में ग्रैंड पेरेंट्स बच्चों को अच्छी बुरी बातों की सीख देने वाले मेंटर भी होते हैं। शोभित वर्मा का कहना है कि ग्रैंड पेरेंट्स परिवार को एक रिश्ते में बांधे रखते हैं। घर में भले ही माता-पिता का प्यार अनोखा होता है कि जीवन में अच्छी बुरी बातों को समझाने वाले और हमारा व्यक्तित्व संवारने वाले ग्रैंड पेरेंट्स होते हैं।

**नाती-पोतों में देखते अपने बच्चों का बचपन**-एमआई जैन एवं मुक्ता जैन का कहना है कि अक्सर परिवार में देखा जाता है कि अपने बच्चों से ज्यादा ग्रैंड चिल्ड्रन से ग्रैंड पेरेंट्स को लगाव होता है। वे अपने बच्चों के बचपन को जब जिम्मेदारियों के बीच नहीं जी पाते थे, वह जीवन और उमंग वे अपने नाती-पोतों में देखते हैं। बच्चों को संस्कारों से पल्लवित करने का दायित्व वे पहले निभाते हैं।

**रिश्तों की बगिया के बागवान**-दादा-दादी या नाना-नानी पारिवारिक रिश्तों की बगिया के वे बागवां होते हैं, जो हर दिन अपने परिवार को सहेजते हैं। बच्चों का दादा-दादी से अलग ही लगाव होता है। जब कभी कहानियां सुनने का मन हो, तो दादी की ही याद आती है और पापा के गुस्से से बचने के लिए दादाजी के पीछे बच्चे छुपा जाता है। सही मायनों में देखा जाए तो बुजुर्ग ही घर की शान होते हैं।

## कल रविवार प्रातः 10 बजे से जन्माष्टमी शोभा यात्रा की समीक्षा बैठक और प्रसादी??

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव पर श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान मे निकाली गई शोभा यात्रा को ऐतिहासिक विशाल और भव्य बनाने में जिन जिन मंदिरों, सामाजिक संस्थाओं, परोक्ष अपरोक्ष रूप से सहयोग करने वाले सभी सहयोगियों के प्रति धन्यवाद और कृतज्ञता ज्ञापित करने और शोभा यात्रा की समीक्षा करने हेतु कल रविवार 10 सितम्बर को प्रात: 10 से 12 बजे तक विशेष बैठक नरसिंह मन्दिर में आयोजित है बैठक के पश्चात सभी सहयोगियों के लिए सामूहिक भोजन प्रसादी नरसिंहपीठाधीश्वर डा स्वामी नरसिंहदास जी महाराज के सानिध्य में होगी।

## कान्हा की बांसुरी कल रविवार 10 सितंबर को सांयकाल 6 से 8 बजे शहीद स्मारक में

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्री सनातन धर्म महासभा के तत्वावधान में वा श्री गोपाल लाल जी मन्दिर हनुमानताल वा महाकौशल शहीद स्मारक ट्रस्ट के सौजन्य से भगवान श्री कृष्ण के जन्मोसव के कार्यक्रमों के समापन अवसर पर कल 10 सितम्बर रविवार को सांयकाल 6 से 8 बजे नरसिंहपीठाधीश्वर डॉ स्वामी नरसिंहदास जी महाराज वा संतो की उपस्तिथि मे कान्हा की बांसुरी कृष्णमयी संध्या होगी।

जिसमे विद्या धर भोपाल , (बांसुरी) सुयश मिश्रा बांसुरी, रमेश कुमार मिश्रा बनारस घराना बांसुरी तथा अंकुर झा तबलावादक कलाकार अपनी प्रस्तुति देंगे। श्री सनातन धर्म महासभा के अध्यक्ष श्याम साहनी, चंद्रकुमार भनोट, अशोक मनोध्या, गुलशन माखीजा, बाबू विश्वमोहन, गिरिराज चाचा, सुनीता चावला, नम्रता भाटिया, अंजु भार्गव, लकी भाटिया,अनिल तिवारी, प्रवेश खेड़ा, अंशुल मलिक, विधेष भापकर ,सुभाष यादव, संजय कृष्णा यादव ने कान्हा की बांसुरी का आनन्द लेने की अपील की है।

## ब्राह्मण महिला परिषद् ने मनाई जन्माष्टमी

**जबलपुर, देशबन्धु।** यशोमति मैय्या से बोले नंदलाला...जबलपुर. छलिया का वेश बनाया, श्याम चूड़ी बेचने आया..., यशोमति मैय्या से बोले नंदलाला... जैसे गीतों पर महिलाओं ने नृत्य किया। फूलों की बारिश के कृष्ण और गोपी की टोलियां बनाकर महिलाओं ने नृत्य से समां बांधा। ब्राह्मण महिला परिषद के तत्वावधान में कृष्ण जन्माष्टमी मनाई गई। कार्यक्रम में डांस, मटकी फोड़ प्रतियोगिता खास रही। इस मौके पर अध्यक्ष कविता रिछारिया, मुक्ता शर्मा, सुनीता शर्मा, साधना चतुर्वेदी, कविता पाण्डे, सविता तिवारी, नीलम शर्मा, रश्मि तिवारी मौजूद रहीं।



## मिट्टी व सब्जियों से बनाए गजानन

**जबलपुर, देशबन्धु।** बच्चों को कान्हा के रूप में जहां महिलाओं ने तैयार किया, वहीं सब्जियों और मिट्टी से गजानन भी बनाए। सुपारी, हल्दी और धागों से इकोफ्रेंडली गणेश प्रतिमा बनाने की कला महिलाओं ने वर्कशॉप में सीखी। शनिवार को कच्छ गुर्जर क्षत्रिय महिला मंडल के तत्वावधान में जन्माष्टमी महोत्सव और इकोफ्रेंडली गणेश बनाओ प्रतिमा वर्कशॉप का आयोजन किया गया।



**बैंगन और मिर्च से सजावट**-कार्यक्रम में महिलाओं को इकोफ्रेंडली प्रतिमा बनाना सिखाया गया। इसके साथ ही मिर्च, बैगन, अदरक और चुकंदर से गजानन की प्रतिमा बनाना सिखाया। इस मौके पर चंचल यादव, तृप्ति, चेतना, चित्रा, दीपिका, रूपल, लीना, रेखा, आरती, पारुल, नीता, सोनिया मौजूद रहीं।

## राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण संघ ने छात्रों को दी गुड-बेड टच की जानकारी

**जबलपुर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय नारी सशक्तिकरण संघ की जबलपुर शाखा के अवेयरनेस प्रोग्राम के अंतर्गत ब्रह्मर्षि बावरा स्कूल में कार्यक्रम आयोजित हुआ। इस दौरान संस्था सदस्यों ने छात्राओं को गुड और बेड टच की जानकारी दी। इसके साथ ही शारीरिक बदलाव, हार्मोनल चैलेंज और शारीरिक स्वच्छता से जुड़ी अहम बातों को समझाया। छात्राओं को दिनचर्या के लिए योगासन भी बताए गए। इस मौके पर मैत्रीय दीदी, जिला उपाध्यक्ष सुषमा शाही, सचिव रूबी जैन, रोमिका पाठक, जिला कोषाध्यक्ष मनीष बजाज, उपकोषाध्यक्ष पंखुड़ी तनेजा मौजूद रहीं।



## मेघा बूंद, जल वर्षा से भगवान कृष्ण स्वागत अभिषेक



**जबलपुर, देशबन्धु।** परशुराम धाम गौरी गौरी घाट भगवान परशुराम जी की आरती कन्हैया जी का जन्मोत्सव जल वर्ष के साथ धूमधाम से मनाया गया सभी उपस्थित भक्तों ने धर्म की स्थापना विश्व कल्याण कर्म को प्रधान बताने वाले भगवान श्री कृष्णा गोविंद हरे मुरारी हे नाथ नारायण वासुदेव महा आरती की रुक-रुक के बारिश हो रही थी पंडित राजकुमार दुबे प्रधान पुजारी धनंजय बाजपेई रावेंदतिवारी सुधाकर मिश्रा संध्या उमा शंकर मिश्रा उपस्थित रहे।




## दामिनी की आवाज संगठन ने पेश किया-मधुवन में भले कान्हा किसी गोपी

**जबलपुर, देशबन्धु।** फूलों की वर्षा और कृष्ण गोपियों का रास। वृंदावन का यह नजारा दामिनी की आवाज महिला संगठन के जन्माष्टमी सेलिब्रेशन में नजर आया। कार्यक्रम में महिलाओं ने कृष्ण, गोपी, यशोदा, देवकी, राधा, मीरा रूप धारण किया। यशोदा और कान्हा की सजीव झांकी ने सभी का मन मोहा। कार्यक्रम में सुनीता श्रीवास्तव, प्राची उपाध्याय, श्वेता जोशी, मंजू गुरु, श्वेता दुबे, प्रिया श्रीवास्तव, कविता खरे, संगीता मिश्रा, रेखा खरे, संगीता ब्योहार, स्मिता खरे, नीरजा श्रीवास्तव, साधना राठौर मौजूद रहीं।

## दैनिक राशिफल

**रविवार 10 सितम्बर 2023 का पंचांग विक्रम संवत् 2080, शक संवत 1945 हिजरी 1444। भाद्रपद कृष्ण पक्ष की एकादशी, नक्षत्र- पुनर्वसु ।**

**मेष**
आज आप नए काम आसानी से शुरू कर सकेंगे, परंतु आपके विचारों में स्पष्टता न होने से उलझन बढ़ने की आशंका है।

**वृषभ**
उलझनपूर्ण मानसिकता के कारण महत्वपूर्ण अवसर खो सकते हैं। नए काम शुरू करने के लिए अनुकूल दिन नहीं है।

**मिथुन**
आज आप उत्साहित और ताजगी का अनुभव कर सकेंगे। अच्छे कपड़े और आभूषण खरीदने का योग बन रहा है।

**कर्क**
परिवार में लोगों के साथ मतभेद हो सकता है। किसी उलझन के कारण महत्वपूर्ण निर्णय नहीं लेने की सलाह दी जाती है।

**सिंह**
आज आपको लाभ होने की संभावना है, परंतु आपका मनोबल स्पष्ट न हो, तो मिला हुआ अवसर भी खो सकते हैं। मित्रों से मिलकर लाभ प्राप्त कर सकेंगे।

**कन्या**
नए काम शुरू करने के लिए आपने जो योजनाएं बनाई है, उसे आसानी से पूरी कर सकेंगे। पिता के साथ निकटता बढ़ेगी। मान-सम्मान बढ़ेगा।

**क.**

**तुला**
साहित्य में रुचि रखनेवाले बौद्धिक लोगों से मिलकर ज्ञान की चर्चा में समय व्यतीत होगा। नए काम की शुरुआत आप कर पाएंगे।

**वृश्चिक**
आज सावधानीपूर्वक आगे बढ़े और महत्वपूर्ण काम आज हाथ में न लें, तो अच्छा होगा। उग्र स्वभाव और खराब व्यवहार के कारण आप तकलीफ में आ सकते हैं।

**धनु**
आज का दिन तर्क-वितर्क के लिए अच्छा है। आप किसी भी बात का अनालिसिस अच्छे से कर सकेंगे। प्रवास, मनोरंजन, मित्रों के साथ मुलाकात, स्वादिष्ट भोजन।

**मकर**
व्यापार-धंधे में वृद्धि होगी। आर्थिक दृष्टि से आपका दिन लाभदायक होगा। आर्थिक कामकाज अच्छी तरह पूरा कर सकेंगे।

**कुंभ**
आज आपको अपने स्वास्थ्य तथा संतान की चिंता परेशान करेगी। तेजी से विचार बदलने से आपकी मानसिक स्थिति कमजोर रहेगी।

**मीन**
आपके तन-मन में बेचैनी अनुभव होगी। पारिवारिक सदस्यों के साथ मतभेद या विवाद हो सकता है। मां की तबीयत खराब होने की आशंका बनी रहेगी।

**मा.**

## कृति विमोचन आज

**जबलपुर, देशबन्धु।** पाथेय संस्था के तत्वावधान में कवयित्री और कथाकार ज्योति मिश्रा प्रभा की काव्य कृति शबरी के रघुनंदन राम कृति का विमोचन 10 सितम्बर को रानी दुर्गावती कलावीथिका में शाम 6 बजे से किया जाएगा।

## खादी फैशन शो

**जबलपुर, देशबन्धु।** संगम कॉलोनी महिला मंडल द्वारा खादी फैशन शो का आयोज दोपहर 2 बजे से संगम कॉलोनी जैन मंदिर में किया जाएगा।

## स्मृति समारोह

**जबलपुर, देशबन्धु।** आरोह संगीत महाविद्यालय के तत्वावधान में चतुर पं. विष्णुद्वय स्मृति समारोह 10 सितम्बर को शाम 4.30 बजे से डिसिल्वा रतनशी स्कूल में मनाया जाएगा। इस मौके पर चित्रकला प्रतियोगिता के पुरस्कार वितरण और स्वरांजलि कार्यक्रम की प्रस्तुति दी जाएगी।

## कृष्ण जन्मोत्सव कल

**जबलपुर, देशबन्धु।** श्रीगुजराती महिला मंडल के तत्वावधान में कृष्ण जन्मोत्सव 11 सितम्बर को शाम 4.30 बजे से गुजराती सामुदायिक भवन में आयोजित होगा। इस दौरान कृष्ण जन्म के साथ, झांकी प्रदर्शन, हाउजी और मनोरंजक खेल होंगे।

## तीन दिवसीय हिन्दी महोत्सव 12 से

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र विद्युत परिवार हिन्दी समिति के तत्वावधान में हिन्दी महोत्सव का आयोजन 12 से 14 सितम्बर तक किया जाएगा। कार्यक्रम में एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी, मध्यप्रदेश पावर जनरेटिंग कंपनी, मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी व पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी की सहभागिता होगी। समारोह में निबंध, भाषण, सामान्य ज्ञान, नाट्य मंचन व पुस्तक प्रदर्शनी जैसे आयोजन होंगे। हिन्दी समिति के अध्यक्ष एमपी पावर मैनेजमेंट कंपनी के मुख्य महाप्रबंधक मानव संसाधन व प्रशासन राजीव गुप्ता ने बताया कि तीन दिवसीय समारोह में हिन्दी साहित्य, व्याकरण, भाषा विज्ञान पर केन्द्रित सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता के साथ-साथ समागम रंगमंडल द्वारा दो नाटकों का मंचन होगा।

## लिपिक संवर्ग की गुहार, समान कार्य समान वेतन दे सरकार

**जबलपुर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संगठन के जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि राज्य सरकार की उपेक्षा पूर्ण नीति के चलते लिपिक संवर्ग का सदैव ही आर्थिक शोषण हुआ है। वर्तमान में मंत्रालय के सहायक ग्रेड-3 के मुकाबले विभागाध्यक्ष कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 का समयमान वेतनमानों में शोषण किया जा रहा है।

जहां संविधान के अनुच्छेद 39 प में प्रावधान है कि 'एक ही कार्य को करने वाले सभी लोगों को समान वेतन मिलना चाहिए' परन्तु मंत्रालय, राज्यपाल सचिवालय, विधि एवं विधायी के सहायक ग्रेड 3 का द्वितीय उच्चतर समयमान वेतनमान 9300-34800-3600 ग्रेड पे और तृतीय उच्चतर समयमान वेतनमान 9300-34800-4200 ग्रेड पे पर दिनांक 01/04/2006 से उन्नत किया गया है। जबकि विभागाध्यक्ष एवं अधीनस्थ कार्यालय के सहायक ग्रेड-3 का द्वितीय उच्चतर समयमान वेतनमान 5200-20200-2800 ग्रेड पे और तृतीय उच्चतर समयमान वेतनमान 9300-34800-3200 ग्रेड पे पर उन्नत किया गया है जो कि संवैधानिक अधिकारों का हनन और शोषण है। यही वजह है कि लिपिक संवर्ग में रोष व्याप्त है कि समान कार्य करने के बावजूद वेतन में इतना भारी अंतर क्यों ?

संघ ने आगे बताया कि विभागाध्यक्ष कार्यालयों में पदस्थ सहायक 3 लिपिकों के दायित्व मंत्रालय में पदस्थ सहायक लिपिकों के समान ही होते हैं। अत: समयमान वेतनमान में उत्पन्न विसंगति को दूर किये जाने हेतु उचित निर्णय वित्त विभाग को लिया जाना चाहिए। परंतु शासन द्वारा किसी प्रकार का उचित निर्णय नहीं लिए जाने के कारण लिपिकों के संवैधानिक अधिकारों पर न्यायौचित कार्यवाही नहीं करने से मंत्रालय के लिपिकों कि तुलना में विभागाध्यक्ष कार्यालयों में पदस्थ लिपिकों को मिलने वाले प्रतिमाह के वेतन में हजारों रूप्ये का अन्तर है। यही वजह है कि सेवानिवृत्ति पर लिपिकों को कम पेंषन का निर्धारण हो रहा है। अत: लिपिक संवर्ग के वेतन में इतना भारी अंतर होना न्याय संगत नहीं है क्योंकि समान कार्य के लिए सभी को समान वेतन मिलना चाहिए।

संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन,हेमंत ठाकरे, गुडविन चार्ल्स, विनोद सिंह, एस.बी.रजक, फिलिप अन्थोनी, निलेष खरे, अषोक परस्ते, महेन्द्र प्रधान, राजकुमार यादव, एनोस विक्टर, सुनील झारिया, उमेश ठाकुर, चैतन्य कुषरे, गोपी शाह, शरीफ अंसारी, वसुमुद्दीन, आशाराम झारिया, गिरीष कांत मिश्रा, त्रिलोक सिंह, समर सिंह ठाकुर, मानसिंह आर्मो, रवि जैन, अफरोज़ खान, रामकुमार कतिया, मनीष मिश्रा, आषीष कोरी आदि ने वित्त विभाग म. प्र. शासन से मांग की है कि लिपिक संवर्ग के वेतनमान में भारी विसंगतियों को दूर किया जाए एवं समान कार्य हेतु समान वेतन दिया जाए।

## बैठक के स्थान परिवर्तन की सूचना

**जबलपुर, देशबन्धु।** चौरसिया समाज जबलपुर द्वारा रविवार दिनांक 10 सितंबर 2023 को अखिल भारतीय स्तर के विशाल चौरसिया युवक युवती परिचय सम्मेलन के संबंध में आयोजित बैठक का स्थान वसुंधरा कांप्लेक्स गुडहाई मिलोनीगंज जबलपुर से बदलकर श्री गौरी शंकर मंदिर परिसर पान दरीबा जबलपुर में अपराहन दो बजे से 5:00 बजे तक किया गया है। बैठक स्थान परिवर्तन की सूचना सभी समाजजनों एवं संबंधितो को भी देने का कष्ट करें।

## निधन

**ईश्वर अल्लाह तेरो नाम सबको सद्गति दे भगवान**

### श्रीमती उर्मिला चौरसिया दिवंगत



सुहागी के प्रतिष्ठित नागरिक रामचन्द्र चौरसियाजी की धर्मपत्नी श्रीमती उर्मिला चौरसिया का लम्बी बीमारी के बाद 70 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया। वे अपने पीछे तीन पुत्र दीपक, अमित और आशुतोष को छोड़ गई। अन्तिम यात्रा सुहागी स्थित आवास से 9.00 बजे सुबह, रविवार को ग्वारीघाट के लिए प्रस्थान करेगी ।

**श्रीमती हरचरन कौर कलसी**- प्रेमनगर मदनमहल निवासी श्री स्वर्ण सिंह कलसी की धर्मपत्नी श्रीमती हरचरन कौर कलसी (50) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राजेंद्र ठाकुर**- सिंगल क्वाटर लालमाटी निवासी श्री राजेंद्र ठाकुर (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री गिरीश कुमार दुबे**- नेपियर टाउन निवासी श्री गिरीश कुमार दुबे (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री नर्मदा प्रसाद यादव**- लक्ष्मी कॉलोनी हाथीताल निवासी श्री नर्मदा प्रसाद यादव (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री संजय चौकसे**- गुडविल काम्पलेक्स नेपियर टाउन निवासी श्री संजय चौकसे (53) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती राधा बाई माली**- रतन कॉलोन गोरखपुर थाने के पीछे निवासी श्री सुखई माली की धर्मपत्नी श्रीमती राधा बाई माली (100) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री गोपाल**- बिलहरी मंडला रोड निवासी श्री गोपाल (73) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती सविता सोनकर**- खटीक मोहल्ला घमापुर निवासी श्री राहुल सोनकर की धर्मपत्नी श्रीमती सविता सोनकर (36) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री रामलखन बावरिया**- बिलहरी मंडला रोड पानी की टंकी के पास निवासी श्री रामलखन बावरिया (58) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती शांति बाई**- कुम्हार मोहल्ला गोरखपुर निवासी श्री मिश्री लाल की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई (70) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री सरजू ठाकुर**- गोरखपुर ककरैया तलैया निवासी श्री सरजू ठाकुर का निधन हो गया। अंतिम संस्कार ग्वारीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री अजय जुगेल**- कांचघर स्टेशन रोड निवासी श्री ठाकुरदीन जुगेल के पुत्र श्री अजय जुगेल (32) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

# रांझी में सरेराह किशोर की चाकू मार-मारकर हत्या, चंद घंटों में हमलावर गिरफ्तार

**जबलपुर, देशबन्धु।** रांझी थाना अंतर्गत मोहनिया इलाके में बदमाशों ने एक किशोर को चाकूओं से मौत के घाट उतार दिया। बताया जा रहा है कि दो सगे भाईयों ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर किशोर साहिल ठाकुर को रोककर चाकुओं से दनादन हमला करना शुरु कर दिया। हमला होते ही साहिल सड़क पर गिरकर छटपटाने लगा। खबर मिलते ही परिजन सहित क्षेत्रीय लोग मौके पर पहुंच गए, जिन्होंने साहिल को उठाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मोहनिया क्षेत्र में घटना से सनसनी फैल गई थी, मौके पर पहुंची पुलिस ने पूछताछ के बाद हमलावरों की सरगर्मी से तलाश शुरु कर दी है। पुलिस से जानकारी के अनुसार मोहनिया रांझी क्षेत्र में रहने वाले साहिल ठाकुर उम्र 17 वर्ष का शुभम व उसके भाई सचिन कुशवाहा से कुछ माह पहले विवाद हुआ था। उस वक्त तो झगड़ा शांत हो गया, लेकिन सचिव व शुभम बदला लेने की फिराक में थे। शनिवार को साहिल घर से अपने काम पर जाने के लिए निकला। जैसे ही वह पुरानी मोहनिया से आगे बढ़ा, तभी सचिन, शुभम अपने दो दोस्त सौरभ व गौरव के साथ पहुंच गए। जिन्होंने साहिल को रोककर गालीगलौज शुरु कर दी। तभी चारों ने चाकू निकालकर साहिल के पैरों में दनादन वार किए, जिससे साहिल गिर गया। साहिल के गिरते ही चारों ने उसे चाकूओं से गोद डाला। साहिल पर अचानक हमला होते देख राह चलते लोगों सहित आसपास के लोग एकत्र हो गए।





जिन्हें देख हमलावर भाग निकले। वहीं साहिल पर हमला किए जाने की खबर पाते ही परिजन भी पहुंच गए। खून से लथपथ साहिल को मोटर साइकिल में बैठाकर अस्पताल पहुंचाया। जहां पर डॉक्टरों ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। इधर साहिल के परिजनों का आरोप है कि हमले की खबर तत्काल रांझी थाना पुलिस को दी गई, फोन किया गया लेकिन किसी ने फोन नहीं उठाया। दूसरी ओर रांझी थाना प्रभारी नीलेश दोहरे का कहना है कि घटना की खबर मिलते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई थी, पूछताछ के बाद हमलावरों को पकड़ने के लिए संभावित ठिकानों पर दबिश हुये आरोपी सचिन पटेल पिता राममिलन पटेल उम्र 19 वर्ष एंव शुभम पटेल पिता राममिलन पटेल उम्र 23 वर्ष दोनों निवासी मोहनिया रांझी को अभिरक्षा में लेते हुये सघन पूछताछ की गयी तो पाया गया कि आरोपियों का मृतक के भाई से पुराना विवाद था, एक माह पूर्व भी शादी पार्टी मे मृतक के भाई से आरोपियों का वाद विवाद हुआ था। दोनों की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त चाकू जप्त करते हुये दोनो को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## शराब तस्करी करते आरोपी गिरफ्तार, 172 लीटर कच्ची शराब बरामद

**जबलपुर, देशबन्धु।** नगर में शराब तस्करी तेजी से की जा रही है। जिला पुलिस की लगातार कार्रवाई के बाद भी इन तस्करों पर लगाम नहीं लगा पा रही है। इसका परिणाम यह है कि लगातार शराब तस्कर देशी-अंग्रेजी व कच्ची शराब की तस्करी कर रहे हैं। इसी कड़ी में लार्डगंज व घमापुर थाना पुलिस ने अपने इलाकों में छामा मार कार्रवाई कर तस्करों को पकड़ा है। जिनसे बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बरामद कीहै। इस संबंध में लार्डगंज थाना प्रभारी प्रतीक्षा मार्को ने बताया कि बीती रात सूचना मिली कि शताब्दीपुरम पार्क के पास एक युवक भारी मात्रा में शराब बेचने के लिये रखा है। सूचना पर तत्काल पुलिस ने मौके पर दबिश दी। जहां शताब्दीपुरम पार्क के पास रोड किनारे एक युवक 3 कुप्पियां रखे खड़ा दिखा, जो पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पकड़ा गया। पूछताछ ने युवक ने अपना नाम आनंद बर्मन उम्र 23 वर्ष निवासी दीक्षितपुरा मंजू तेली की गली कोतवाली बताया। जिसकी तलाशी लेने पर पुलिस को उसके पास रखे दो कुप्पों में 50-50 लीटर वाले 2 कुप्पे एवं एक 10 लीटर वाली कुप्पी को चैक करने पर लगभग 107 लीटर कच्ची शराब भरी मिली। जिसे जप्त करते हुये आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

इसी प्रकार घमापुर थाना प्रभारी बृजेश मिश्रा ने बताया कि शनिवार को सूचना मिली कि चांदमारी तलैया नाले के पास में मिश्रीलाल कुचबंधिया अपने घर के बाजू में नाला के पास बड़ी मात्रा में कच्ची शराब बेचने के लिये रखा है। जिस पर पुलिस ने चांदमारी में दबिश दी। जहां नाले के पास एक व्यक्ति पुलिस को देखकर भागने लगा। जिसे पुलिस ने दबोच लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम मिश्रीलाल कुचबंधिया उम्र 49 वर्ष निवासी चांदमारी तलैया के पास बताया। जो सफेद रंग की कुप्पों में 65 लीटर कच्ची शराब रखे मिला। जिसे जप्त करते हुये पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## जनआर्शीवाद यात्रा में शामिल होने जा रहे भाजपा कार्यकर्ताओं को कार ने टक्कर मारी, एक की मौत, दो गंभीर, यात्रा रद्द

**जबलपुर, देशबन्धु।** नुनसर पाटन में शनिवार दोपहर लगभग दो बजे जनआर्शीवाद यात्रा में शामिल होने जा रहे मोटर साइकिल सवार भाजपा कार्यकर्ताओं को कार ने टक्कर मार दी। हादसे में एक कार्यकर्ता ब्रजेश पटेल की मौत हो गई। वहीं अमन पटैल व जितेन्द्र दाहिया के शरीर पर गंभीर चोटें आई है। जिन्हें उपचार के लिए निजी अस्पताल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां पर दोनों कार्यकर्ताओं की हालत गंभीर बनी हुई है। जानकारी के अनुसार शनिवार को भाजपा की जनआर्शीवाद यात्रा पाटन के लिए रवाना हुई, जहां पर एक जनसभा भी आयोजित की गई। शहर से निकली यात्रा में जनप्रतिनिधियों के अलावा सैकड़ों भाजपा कार्यकर्ता व पदाधिकारी भी शामिल थे। यात्रा में शामिल होने के लिए ग्राम पौड़ी से भाजपा कार्यकर्ता ब्रजेश पटैल उम्र 26 वर्ष, अमन पटेल 21 वर्ष व जितेन्द्र दाहिया भी यात्रा में शामिल होने के लिए निकले। जब वे नुनसर से आगे बढ़ रहे थे। इस दौरान भाजपा कार्यकर्ताओं की मोटर साइकिलों को सामने से आई कार ने टक्कर मार दी। कार की टक्कर लगते ही मोटर साइकिल सवार आपस में टकराकर गिरे। हादसे में एक कार्यकर्ता ब्रजेश पटेल 26 वर्ष की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं अमन व जितेन्द्र के शरीर पर गंभीर चोटें आई। दुर्घटना की खबर मिलते ही आगे चल रही जनआर्शीवाद यात्रा में शामिल केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटैल, सांसद राकेशसिंह,



विधायक अजय विश्नोई सहित अन्य जनप्रतिनिधि व कार्यकर्ता पहुंच गए। वहीं खबर मिलते ही पुलिस भी मौके पर पहुंच गई, जिन्होंने घायलों को उपचार के लिए माढ़ोताल स्थित निजी अस्पताल पहुंचाया। घायलों में अमन पटेल की हालत अत्यंत नाजुक बनी हुई है। दुर्घटना के बाद जनआर्शीवाद यात्रा को रद्द कर दिया गया है।

## रेलवे एवं राष्ट्रीय आपदा मोचन बल टीम द्वारा किया संयुक्त मॉक ड्रिल अभ्यास

**जबलपुर, देशबन्धु।** पश्चिम मध्य रेलवे कोटा मंडल के गुड़ला रेलवे स्टेशन पर शनिवार को रेलवे में जानमाल की क्षति की रोकथाम एवं आपातकालीन परिस्थितियों में रेलवे एवं राज्य सरकार की आपदा प्रबन्धन एजेंसियों की जागरुकता व सजगता को परखने के लिये राष्ट्रीय आपदा मोचन बल बटालियन एवं रेलवे विभाग की टीम द्वारा संयुक्त फुल स्केल मॉक ड्रिल अभ्यास का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत काल्पनिक दुर्घटना का घटनाक्रम दर्शाया गया एवं घटना से निपटने के लिए विभिन्न विभागों द्वारा अपने कर्मचारियों का कौशल दक्षता जांचने के लिये एनडीआरएफ बटालियन की टीम के साथ रेलवे में होने वाली आपदाओं से किस तरह निपटा आए इसका संयुक्त अभ्यास किया गया।



इस संयुक्त अभ्यास के अंतर्गत काल्पनिक गाड़ी से 09852 अप के 02 कोच अवपथित होकर एक दूसरे के ऊपर चढ़ना दर्शाया गया व 45 यात्रियों के घायल एवं 03 की मृत्यु की सम्भावना व्यक्त की गई। जिसकी सूचना प्राप्त होने पर मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी सहित सभी विभागों के अधिकारी दुर्घटना राहत गाड़ी से घटना स्थल पर पहुंचे। साथ-साथ एनडीआरएफ, एसडीआरएफ, सिविल डिफेंस एवं रेलवे कर्मियों द्वारा बोगियों में फँसे यात्रियों एवं शवों को निकालने व चिकित्सा मुहैया कराने का अभ्यास किया गया ऑपरेशन के पश्चात घटना को समय 8 बजे मॉक ड्रिल घोषित किया गया।

संबंधित जिलों के जिलाधीश एवं पुलिस अधीक्षकों सहित आपातकालीन आपदा प्रबन्धन से जुड़ी एजेन्सी जैसे एसडीआरएफ, नागरिक सुरक्षा फायर ब्रिगेड सेवा चिकित्सा एजेन्सी, सिविल पुलिस इत्यादि भी अभ्यास में सम्मिलित हुए। मॉक ड्रिल के इस अभ्यास में एनडीआरएफ की टीम का नेतृत्व डिप्टी कमांडेट योगेश कुमार मीना द्वारा किया गया।

## नशे में पानी की टंकी में चढ़ा युवक, गिरने से मौत

**जबलपुर, देशबन्धु।** बरेला थाना में शनिवार को अजय कुमार बर्मन निवासी ग्राम नीमखेड़ा ने सूचना दी,कि उसका बड़ा भाई सतीष बर्मन उम्र 38 वर्ष शराब पीने के आदि था जो शराब के नशे में गांव की पानी की टंकी में चढ़ा था शुक्रवार दोपहर लगभग 3 बजे पानी की टंकी के ऊपर से अचानक नीचे गिर गया जिससे हाथ पैर सिर एवं शरीर में चोटें आयीं थीं भाई का उपचार के लिये मेडिकल कॉलेज में भर्ती कराया था जिसकी रात लगभग 9-15 बजे दौरान उपचार के मौत हो गयी। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम के लिये भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

# नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले को 10 साल की सजा

## पाक्सो की अदालत ने दो हजार का जुर्माना भी लगाया

**जबलपुर, देशबन्धु।** एक नाबालिग को भगा ले जाकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी संदीप उर्फ सोनू को अदालत ने दोषी करार दिया है। पाक्सो के विशेष न्यायधीश ने संदीप को दस साल के सश्रम कारावास व दो हजार रुपये के अर्थदंड से दंडित किया है। अदालत को अभियोजन पक्ष की ओर से बताया गया कि पीड़िता की बुआ ने सिविल लाईन थाने में शिकायत दर्ज करायी थी। जिसमें उन्होनें बताया था कि 4 जून 2019 को वे अपने पति व भतीजी (पीड़िता) के साथ इंद्रा मार्केट स्थित रेलवे अस्पताल आये थे। जहां से उनकी भतीजी कुछ देर में आने का कहकर एक लड़के के साथ बाईक में बैठकर चली गई। पुलिस ने गुमशुदगी दर्ज कर 13 जून को पीड़िता को दस्तयाब किया। जिसने अपने बयानों में बताया कि संदीप उर्फ सोनू पटेल उसे अपने साथ खितौला ले गया। जहां




किराये के मकान में उसके साथ कई मर्तबा शरीरिक संबंध बनाये। पुलिस ने विवेचना उपरांत आरोपी संदीप के खिलाफ दुराचार व पाक्सो एक्ट सहित अन्य धाराओं के तहत प्रकरण दर्ज कर अदालत के समक्ष चालान पेश किया। सुनवाई के दौरान पेश किये गये गवाह व साक्ष्यों के मद्देनजर अदालत ने आरोपी को उक्त सजा से दंडित किया। मामले में एडीपीओं मनीषा दुबे ने पक्ष रखा।

## सीजे ने किया एसबीसी टाईम्स पत्रिका का विमोचन

**जबलपुर, देशबन्धु।** मप्र हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय मलिमथ ने स्टेट बार कौंसिल का शनिवार को विमोचन किया। एसबीसी के वाईस चेयरमेन आरके सिंह सैनी एवं को-चेयरमेन, मानद सचिव व पत्रिका के प्रधान संपादक राधेलाल गुप्ता द्वारा विवेचन के लिये मुख्य न्यायाधीश से अनुरोध किया था। इस अवसर पर सीजे श्री मलिमथ ने उक्त पत्रिका के संबंध में विस्तृत जानकारी भी प्राप्त की। जिन्हें बताया गया कि यह पत्रिका भारत के विभिन्न विधि क्षेत्रो में जैसे उच्चतम न्यायालय के समस्त न्यायाधीशों, भारत के समस्त मुख्य न्यायाधीशों, मध्यप्रदेश के समस्त न्यायाधिपतिगणों, मध्यप्रदेश के समस्त जिला एवं सत्र न्यायाधीशों, बार कौंसिल ऑफ इंडिया के समस्त सदस्यगणों, भारत के समस्त बार कौसिंल, मध्यप्रदेश के समस्त जिला एवं तहसील अधिवक्ता संघों एवं दो वर्ष के समस्त नवीन अधिवक्ताओं को भेजी जाती है। इस तरह से संपूर्ण देश में उक्त पत्रिका का वितरण किया जाता है और लगभग 15000 पत्रिकायें भेजी जाती है। पत्रिका में न्यायधीशो के संबंध में जानकारी रहती है। इसके साथ ही विधि विषयों की जानकारी रहती है।

## हाई कोर्ट ने खदान संचालक के विरुद्ध एफआइआर दुर्भावनाग्रस्त पाकर निरस्त की

**जबलपुर, देशबन्धु।** हाई कोर्ट ने एक मामले की सुनवाई के बाद अपने आदेश में पुलिस की जांच के घटिया होने संबंधी तल्ख टिप्पणी की। इसी के साथ जबलपुर निवासी खदान संचालक नीरज श्रीवास्तव के विरुद्ध वर्ष 2018 में दर्ज धोखाधड़ी की एफआइआर दुर्भावनाग्रस्त पाते हुए निरस्त कर दी। यही नहीं चार्जशीट के आधार पर शुरू अदालती प्रक्रिया पर भी विराम लगा दिया। न्यायमूर्ति डीके पालीवाल की एकलपीठ ने अपने आदेश में साफ किया कि यह मामला पूरी तरह सिविल प्रकृति का है। लिहाजा, धोखाधड़ी का कोई मामला नहीं बनता। इसके बावजूद पुलिस ने शिकायतकर्ता प्रतीक जैन के साथ मिलीभगत कर मनमाने तरीके से आपराधिक प्रकरण दर्ज करने की गलती की। दरअसल, यह मामला पुलिस की घटिया जांच का एक उत्कृष्ट उदाहरण है। जांच अधिकारी से म्मीद की जाती है कि वे भविष्य में अपने कर्तव्यों का निर्वहन करते समय सतर्क रहें, ताकि निष्पक्ष व पारदर्शी जांच से सत्य का पता लगाया जा सके।

**क्या था मामला** - जबलपुर निवासी लौह अयस्क खनन व्यापारी नीरज श्रीवास्तव ने हाई कोर्ट में याचिका दायर कर बताया था कि झूठे और मनगढ़ंत तथ्यों के आधार पर उसके खिलाफ एफआइआर दर्ज की गई है। अनावेदक प्रतीक जैन ने शिकायत में आरोप लगाया था कि श्रीवास्तव ने उसे खनन के व्यापार में पार्टनर बनाने के लिए एक ज्वाइंट वेंचर से एग्रीमेंट तैयार किया और 80 लाख रुपये ले लिए। नीरज ने प्रतीक को एनओसी का एक शासकीय पत्र दिखाया जिसके आधार पर इकरारनामा तैयार किया गया था। प्रतीक का कहना था कि बाद में उसने पाया कि नीरज ने फर्जी दस्तावेजों के आधार पर एग्रीमेंट तैयार कर उससे 80 लाख रुपये की धोखाधड़ी की। मामले पर सुनवाई के दौरान कोर्ट ने पाया कि इस मामले में 21 माह बाद एफआइआर दर्ज की गई। कथित समझौते के निष्पादन के छह साल व नौ माह बाद प्रतीक ने नीरज के विरुद्ध सिविल कोर्ट की कार्रवाई शुरू की गई। कोर्ट ने कहा कि इस तरह के विवाद को आपराधिक रंग नहीं दिया जा सकता।



## डॉ. नितिन तिवारी ने दिए एडवांसमेंट इन कार्डियक ट्रीटमेंट में उपयुक्त इनसाइट्स

**जबलपुर, देशबन्धु।** स्वास्थ्य सेवा क्षेत्र में अग्रणी वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स नागपुर वर्ल्ड हार्ट डे के अवसर पर आम लोगों के लाभ के लिए एक महीने की गतिविधि का आयोजन कर रहा है। वर्ल्ड हार्ट डे हर साल 29 सितंबर को मनाया जाता है और वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स नागपुर लोगों को हृदय की देखभाल करने और स्वस्थ रहने के बारे में शिक्षित करने की पहल कर रहा है। वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स नागपुर ने जबलपुर में एक प्रेसवार्ता आयोजित की। जहां डॉ. नितिन तिवारी ने हृदय रोग, मानव जीवन के लिए इसका खतरा और स्वस्थ हृदय के लिए व्यायाम और आहार आदि के लाभों के बारे में बात की। डॉ. नितिन तिवारी कहते हैं, कोरोनरी धमनियों में जमाव से छुटकारा पाने के लिए एंजियोप्लास्टी जैसे समय-परीक्षणित, वैज्ञानिक कार्डियोलॉजी उपचार किए जा सकते हैं। वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स नागपुर, महाराष्ट्र, नागपुर में एक अग्रणी सुपर स्पेशियलिटी, उन्नत हृदय उपचार शुरू करने पर केंद्रित है जिसके माध्यम से हृदय रोगियों को काफी फायदा हो सकता है। डॉ. तिवारी ने आईवीएल (इंट्रावास्कुलर लिथोट्रिप्सी) और रोटाब्लेशन जैसे उपलब्ध कुछ उन्नत उपचार विकल्पों के बारे में जानकारी दी। डॉ. तिवारी 25 वर्षों से अधिक के अनुभव के साथ एक सीनियर इंटरवेंशनल कार्डियोलॉजिस्ट हैं और उन्होंने 25000 से अधिक कार्डियक केसेस का उपचार किया हैं। वह पिछले 20 वर्षों से वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स, नागपुर में सीनियर कंसल्टेंट हैं और हर महीने जबलपुर, सतना और रीवा में नियमित रूप से ओपीडी सेवाएं प्रदान करते हैं। श्री अभिनंदन दस्तेनवार- सेंटर हेड वोक्हार्ट हॉस्पिटल्स नागपुर ने कहा, विदर्भ क्षेत्र में एक अग्रणी सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल के रूप में, हम विदर्भ और मध्य प्रदेश में विभिन्न गतिविधियों और कार्यक्रमों के माध्यम से सभी आयु समूहों में अपने हृदय की देखभाल के लिए जागरूकता फैलाने का अवसर लेते हैं।

## राजभाषा पखवाड़ा में अधिकारी राजभाषा प्रश्न मंच का आयोजन




**जबलपुर, देशबन्धु।** महाप्रबंधक पश्चिम मध्य रेलवे सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन में महाप्रबंधक कार्यालय, जबलपुर में 'राजभाषा पखवाडा- 2023'' का आयोजन किया जा रहा है। इसी क्रम में अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी, पश्चिम मध्य रेलवे, रविशंकर सक्सेना की अध्यक्षता में ''अधिकारी राजभाषा प्रश्न मंच'' कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें पमरे मुख्यालय में कार्यरत रेल अधिकारियों ने बढ़-चढ़कर हिंसा लिया। इस अवसर पर अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में अपर महाप्रबंधक एवं मुख्य राजभाषा अधिकारी रविशंकर सक्सेना ने कहा कि 14 सितंबर, 1949 को संविधान सभा ने देवनागरी लिपि में लिखी जाने वाली हिंदी को संघ के शासकीय प्रयोजनों के लिए राजभाषा के रूप में स्वीकार किया था। इसी ऐतिहासिक दिन का स्मरण करने के लिए पूरे देश में हिंदी दिवस मनाया जाता है। मुझे खुशी है कि हमारे सभी अधिकारी एवं कर्मचारी अपना दैनिक कामकाज राजभाषा हिंदी में ही करते हैं। यह हमारी राजभाषा हिंदी के प्रति गहरी निष्ठा का प्रतीक है। राजभाषा हिंदी में काम करना हमारा संवैधानिक दायित्व है और इसे हम सभी को पूर्ण ईमानदारी एवं निष्ठा से करना चाहिए। अंत में उन्होंने सभी को हिंदी दिवस की अग्रिम बधाई देते हुए राजभाषा हिंदी में सरकारी कामकाज करने का संकल्प दिलाया। इस अवसर पर उप वित्त सलाहकार एवं मुख्य लेखा अधिकारी तथा उप मुख्य राजभाषा अधिकारी महेश कुमार सहित मुख्यालय के विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया तथा राजभाषा प्रश्न मंच में पूछे गए सवालों का आनंद उठाया। कार्यक्रम का संचालन राज रंजन श्रीवास्तव, राजभाषा अधिकारी द्वारा किया गया।

## डेस्क-बेंच पाकर खिल उठे बच्चों के चेहरे



**जबलपुर, देशबन्धु।** रोटरी क्लब जबलपुर साउथ द्वारा टाट पट्टी मुक्त शाला अभियान एवं विश्व साक्षरता मिशन के अंतर्गत बरगी विधानसभा की तहसील चरगवां ग्राम परासिया स्थित शासकीय माध्यमिक शाला में डेक्स-बेंच प्रदान की गई। रोटेरियन लक्ष्मीकांत शुक्ला के संयोजन में आयोजित कार्यक्रम में पूर्व प्रांतपाल रोटेरियन सुनील फाटक ने बच्चों को पढ़ने के साथ-साथ खेलकूद गतिविधियों में सम्मिलित होकर स्वस्थ रहने की सलाह तथा खाना खाने के पहले एवं शौच के बाद हमेशा साबुन से हाथ धोने की नसीहत दी।

क्लब अध्यक्ष रोटेरियन रवि वैश्य ने रोटरी द्वारा शैक्षणिक उत्थान के लिए किए जा रहे कार्यों का उल्लेख करते हुए शाला को और भी सहयोग प्रदान करने का आश्वासन दिया। शाला में उपस्थित सभी बच्चों को शैक्षणिक सामग्री, कॉपी एवं बिस्किट प्रदान किए गए। आभार प्रदर्शन रोटेरियन अजय पटेल ने किया। आयोजन में पूर्व अध्यक्ष रोटेरियन विजय शर्मा, ग्राम सरपंच रागिनी अजय पटेल, शाला शिक्षक दिलीप साहू, अजय पटेल,नागपुरे सर, श्रीवास्तव सर, शिवप्रसाद मरावी, समाजसेवी अजय पटेल, अमर सिंह मरावी, सचिव जयराम मरावी, दिलीप पटेल, गया प्रसाद पटेल, सहायक सचिव सकुन सोयाम, रामबाई बरकडे, ग्रामवासी एवं स्टाफ उपस्थित थे।

# जन आशीर्वाद यात्रा में आशीर्वाद को तरसे सिहोरा के नेता

## भाजपा की सिहोरा पहुंची जन आशीर्वाद यात्रा का जिला मुद्दे पर हुआ जमकर विरोध

**सिहोरा, देशबन्धु।** सिहोरा में भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा में वही हुआ जिसका अंदेशा था,स्थानीय विधायक, सांसद और मुख्यमंत्री की सिहोरा जिला मुद्दे पर अनदेखी के चलते सत्तारूढ़ भाजपा को भारी पुलिस बल के बीच अपनी जन आशीर्वाद यात्रा निकालना पड़ी।जब तक पुराने बस स्टैंड में सभा चली,सामने ही टेंट लगाकर बैठे आंदोलनकारी नारे बाजी करते रहे।आलम ये रहा कि सभा सुनने आए लोग आंदोलन स्थल के पास आ गए। घटती संख्या देख भाजपा कार्यकर्ता सक्रिय हुए और जैसे तैसे लोगो को भाषण सुनने बैठालते रहे।



**केंदीय मंत्री ने दिखाया आईना**- सिहोरा भाजपा की जन आशीर्वाद यात्रा के मुख्य वक्ता केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल रहे।वे यात्रा के मंडला से सिहोरा आने के दो घंटे पहले ही सिहोरा पहुंच गए थे।सिहोरा पहुंचते ही उन्होंने विगत दिवस मीसाबंदी सम्मान पत्र लौटाने वाले आर एस एस के पूर्व प्रचारक प्रमोद साहू से उनके निवास पहुंच बातचीत की।इसके बाद उन्होंने सिहोरा जिला की मांग पर आंदोलित लक्ष्य जिला सिहोरा आंदोलन समिति के सदस्यों को वार्ता हेतु बुलाया।जहां समिति के सदस्यों और केंद्रीय मंत्री के मध्य सिहोरा जिला मुद्दे के प्रत्येक पहलू पर बात हुई।प्रहलाद पटेल ने अपने भाषण में भी सिहोरा जिले के आंदोलनकारियों का पक्ष लेते हुए मांग करने को उनका हक बताया।मंत्री ने अपने भाषण में इतना तक कहा कि वे 2003 में भी सिहोरा जिला बनने के पक्ष में थे।एक तरफ जब दो वर्षो से सिहोरा भाजपा के नेता सिहोरा जिला मुद्दे पर कन्नी काटते रहे,केंद्रीय मंत्री ने आते ही आंदोलनकारियों से संवाद कर सिहोरा के नेताओ को लोकतंत्र का पाठ पढ़ाया।इतना ही नहीं केंद्रीय मंत्री कार्यक्रम समाप्ति के बाद आंदोलन स्थल भी गए।

कुंडम, सिहोरा, मझौली मिलकर बने सिहोरा जिला -यद्यपि केंद्रीय मंत्री द्वारा कोई आधिकारिक वक्तव्य जारी नही किया गया पर ऐसी बाते निकलकर आई कि केंद्रीय मंत्री सिहोरा जिला होने के पक्ष में रहे।वर्ष 2003 के राजपत्र के अनुसार सिहोरा जिला बनने में वर्तमान में अनुकूलता नही है पर कुण्डम,सिहोरा और मझौली को मिलाकर सिहोरा जिले बनने की संभावना की बाते बाहर आई हैं। ऐसे भी कयास लगाए जा रहे है कि शीघ्र ही सिहोरा के लिए अच्छी खबर आ सकती है।

**आंदोलकारियों की तैयारी के बीच बौना प्रशासन**- सिहोरा जिला आंदोलन को कम आंकना एक बार फिर सरकार और प्रशासन को मंहगा पड़ा।इससे पहले की जन आशीर्वाद यात्रा सिहोरा पहुंचती आंदोलित समिति द्वारा पूरे रास्ते काले झंडे दिखाने की तैयारी कर ली गई थी।शाम होते ही मझौली बायपास पर मुख्यमंत्री का पुतला फूंक सिहोरा वासियों ने अपने मंसूबे साफ कर दिए थे।इसके बाद सिहोरा न्यायालय के सामने अधिवक्ता संघ ने भी पुतला जला परिस्थिति को उग्र कर दिया।

# जन आशीर्वाद यात्रा से पहले अधिवक्ताओं का न्यायालय के सामने टायर जलाकर विरोध-प्रदर्शन

### सिहोरा को जिला नहीं बनाए जाने से भड़का आक्रोश सिहोरा जिला नहीं तो वोट नहीं, भाजपा सरकार और विधायक के खिलाफ नारेबाजी



**सिहोरा, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी की जन आशीर्वाद यात्रा के शुक्रवार सिहोरा विधानसभा पहुंचने के पहले रास्ते में सिहोरा तहसील अधिवक्ता संघ के अधिवक्ताओं सिहोरा को जिला नहीं बनाए जाने से आक्रोशित होकर विरोध प्रदर्शन किया। अधिवक्ताओं ने न्यायालय परिसर के सामने टायर जलाकर सिहोरा जिला नहीं तो वोट नहीं, भाजपा सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। सिहोरा को जिला नहीं बनाए जाने से आक्रोशित तहसील अधिवक्ता संघ के अधिवक्ता न्यायालीन कार्य पूर्ण करने के बाद न्यायालय परिसर के सामने एकत्रित हो गए। न्यायालय परिसर के बाहर टायर जलाकर जमकर विरोध प्रदर्शन किया।

जिला नहीं तो वोट नहीं, जिला सिहोरा अबकी बार-आक्रोशित सिहोरा अधिवक्ता संघ के उपाध्यक्ष अधिवक्ता उमेश तिवारी, सचिव संजय सेंगर सचिव, सह सचिव आनंदमणि त्रिपाठी , अधिवक्ता राकेश मणि त्रिपाठी, मनोज दुबे, उदय तिवारी ने न्यायालय परिसर के बाहर जिला नहीं तो वोट नहीं, जिला सिहोरा अबकी बार के जमकर नारे लगाए। भाजपा सरकार और विधायक के खिलाफ नारेबाजी- अधिवक्ता आलोक तिवारी, राहुल तिवारी, अभिषेक पाठक, अभिजीत पाठक, विमलेश जैन, वीरेंद्र शुक्ला, समीर तिवारी, अभिलाष तिवारी, पीआर पांडे, उत्तम सोनी ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर सिहोरा की उपेक्षा का आरोप लगाया। साथ ही भारतीय जनता पार्टी सरकार और स्थानीय विधायक के खिलाफ जमकर नारेबाजी की।

## सार-समाचार

# उत्कृष्ट कार्य के लिए अक्षर साथियों को प्रमाण पत्र वितरित

### उल्लास नव भारत साक्षरता विकास खंड मझौली



**गोसलपुर, देशबन्धु।** नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के अंतर्गत मझौली विकासखंड में शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया, जिसमें मुख्य अतिथि के तौर पर जनपद अध्यक्ष विद्या दिनेश चौरसिया नगर पंचायत अध्यक्ष राजेन्द्र चौरसिया और कार्यक्रम के अध्यक्ष बलवीर सिंह ठाकुर सेवानिवृत शिक्षक एवं बी ई ओ श्रीमति शांति कुटार विकास खंड मझौली, जिला पंचायत सदस्य राजेश ठाकुर एवं सभी संकुल से आए हुए संकुल सह समन्वयक सूरज ताम्रकार, रामकेश पटेल, अखिलेश गर्ग, उदय पटेल, अमित काछी,मनोज कोरी, अशोक पटेल, अरविंद दाहिया, संकुल सह समन्वयक उपस्थित रहे नव भारत साक्षरता पर सभी ने प्रकाश डाला एवं उत्कृष्ट कार्य के लिए अक्षर साथियों को प्रमाण पत्र वितरित किये गये। विकास खंड नवभारत साक्षरता सह समन्वयक दीपक पटेल द्वारा सभी अक्षर साथियों को मझौली को जिले में 1 नंबर बनाने के लिए धन्यवाद प्रेषित किया गया।

# बच्चों को खेल-खेल में पढ़ा रहे शिक्षा का पाठ

**कुंडम, देशबन्धु।** बच्चों को खेल-खेल में शिक्षा देने का प्रशिक्षण दे रहे। आंगनबाड़ी महिलाओं को मास्टर ट्रेनर कार्यकर्ताओं को कुंडम विकासखंड में 234 आंगनबाड़ी है कुंडम प्रभारी महिला बाल विकास अधिकारी प्रमिला खातिर ने बताया की प्राथमिक शालाओं से जोड़ना है आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को और तीन छह वर्ष का मानसिक विकास सामाजिक विकास संज्ञान आत्मक विकास नई शिक्षा नीति और 2020 के अनुसार के निर्देशन पर दोनों के अनुसार तीन चरणों में प्रशिक्षण दिया जा रहा है 1 अक्टूबर से 5 अक्टूबर तक 15 दिन है का रहेगा तीन चरण में दो बैच में है एक बैच में 40 महिलाओं को और दूसरे बैच में 39 महिलाओं को कुल मिलाकर 79 आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं को नई नीति शिक्षा और 2020 के अनुसार प्रशिक्षण दिया जा रहा है इस प्रशिक्षण में कुंडम प्रभारी महिला बाल विकास अधिकारी प्रमिला खातिर कर मास्टर ट्रेनर संजुला विक्टर राकेश महोबिया मिथिलेश पुरी इनके द्वारा प्रशिक्षण दिया जा रहा है।

# डॉ. संजय जैन टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत सम्मानित

**पनागर, देशबन्धु।** निक्षय मित्र प्रधानमंत्री टीवी मुक्त भारत अभियान के अंतर्गत आज मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी



डॉ. संजय मिश्रा के द्वारा पनागर ब्लॉक के उत्कृष्ट कार्य के लिए मुख्य चिकित्सा कार्यालय में डॉक्टर संजय जैन सीबीएमओ पनागर को सम्मानित किया गया। इस कार्य में सराहनीय भूमिका निभाने के लिए वीरेंद्र गुप्ता को भी सम्मान प्रदान किया गया कार्यक्रम में मुख्य रूप से डॉ. धीरज गावंडे डीटीओ जबलपुर व सभी विभाग के कार्यकर्ता कर रहे कार्यक्रम का सफल संचालन सुनील शर्मा ने किया।

# पुरानी पेंशन के लिए ज्ञापन में एकत्रित हुए कर्मचारी

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** संयुक्त मोर्चा के तहसील अध्यक्ष योगेन्द्र मिश्रा ने जानकारी देते हुए बताया कि म.प्र. तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के प्रांतीय महामंत्री पंडित योगेंद्र दुबे के नेतृत्व में पुरानी पेंशन की मांगों को लेकर घंटाघर चौराहे में प्रदर्शन कर मुख्यमंत्री मध्य प्रदेश शासन के नाम का ज्ञापन कलेक्टर जबलपुर को सौंपा गया। ज्ञापन सौंपते समय संघ के मुकेश सिंह,योगेंद्र मिश्रा, के जी पाठक, मनीष चौबे, संजू उरमलिया, उमकांत पटेल, अनिल दाहिया, एस के चौबे, अनिल सहलाम , दीपक पटेल, शिवदत्त मिश्रा , नीलेश शुक्ला,सुशील दाहिया, नीलेश शुक्ला, मंजीत सिंह, सुरेश तिवारी, अनिल ज्योत्षी, रहीम खान,बलराम उपाध्याय, प्रदीप राय, प्रेम प्रकाश चतुर्वेदी, प्रकाश सैनी सहित सैंकड़ों शिक्षक, कर्मचारी शामिल हुए।

# रामजानकी मंदिर गांधीग्राम में समिति ने मनाया श्रीकृष्ण जन्माष्टमी उत्सव

**गांधीग्राम, देशबन्धु।** क्षेत्र के प्रसिद्ध राम जानकी मंदिर गांधीग्राम मंदिर समिति के तत्वाधान में प्रतिवर्ष की परम्परा अनुसार इस वर्ष श्री कृष्ण जन्माष्टमी उत्सव बहुत ही उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया। मन्दिर समिति की ओर से मन्दिर प्रांगण मंच वा मन्दिर को विशेष साजसज्जा से व भगवान श्रीकृष्ण की नयनाभिराम मूर्ति को स्वर्ण चंद्र आभूषणों से सुसज्जित कर झूले में विराजित किया गया।

रात्रि में रोहिणी नक्षत्र में मंदिर पुजारी पुनीत तिवारी व मंदिर समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल ने चारोंधाम मंदिर के पट खोले।बाँस की टोकनी के नीचे शिशु जन्म के नरे के रूप में खीरे को काटा। भगवान श्रीकृष्ण का जन्म होते ही मंदिर परिसर में जय कन्हैया लाल की हाथी घोड़ा पालकी एवं वाद्य यंत्रों ढोलक,मजीरा, मृदंग,खंजनिया,शंख इत्यादि की मधुर धुन से संपूर्ण मंदिर परिसर गूंज उठा। समिति की ओर से मेवा मिश्रित गुड़ के लड्डू वा खीर का भोग लगाकर प्रसाद वितरण किया गया।

**ये रहे उपस्थित**-मंदिर समिति अध्यक्ष प्रताप सिंह बघेल, भाजपा जिला उपाध्यक्ष पुष्पराज सिंह बघेल, भाजयुमो जिलाध्यक्ष राजमणि सिंह बघेल, विजय चौरसिया,नत्थूलाल चौरसिया, हरिशंकर तिवारी, पूर्व बीडीसी महेश सेन, पूर्व सरपंच, अजय कोरी, बंटू मिश्रा, गनेश असाटी, बालचंद पटेल, गोविंद शरण दुबे, रेवा शंकर असाटी, राम मनोहर तिवारी,चमन असाटी, लंबू ठाकुर सहित जनसमुदाय उपस्थित रहा।

# नेशनल लोक अदालत में निपटे आपसी सहमति से मुकदमे

**पाटन देशबन्धु।** अपर सत्र न्यायालय में नेशनल लोक अदालत का आयोजन हुआ जिसमें पाटन न्यायलयिनीन सीमा के अंतर्गत समस्त बैंक जिसमे यूनियन बैंक ऑफ इंडिया,स्टेट बैंक ऑफ इंडिया, सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, पंजाब नेशनल बैंक,इंडियन बैंक,बैंक ऑफ बड़ौदा, महाकोशल क्षेत्रीय ग्रामीण बैंक,नगर परिषद,बीएसएन ने नेशनल लोक अदालत में हिस्सा लिया।




इसके अलावा शहपुरा, कटंगी, बेलखाडू, पाटन नगर की समस्त बैंक के लंबित प्रकरण सत्र न्यायालय के न्यायाधीश श्री विवेक कुमार जी की अदालत के लंबित प्रकरण का आपसी सहमति से निराकरण हुआ 1 एक रू ष्ट ष्ट में 8 लाख रुपए का अवार्ड पारित हुआ 2 तीन हिंदू मैरिज एक्ट का मुकदमा का निराकरण हुआ 3 एक एम सी ए का प्रकरण का निराकरण हुआ कुल 5 मुकदमों का निराकरण हुआ सिविल न्यायालय श्री रवि कुमार साहू जी की अदालत से कुल 11 प्रकरणों का निराकरण हुआ जिसमे 1 आर सी टी 3 प्रकरण 2 एम जे सी आर 3 प्रकरण 3 एस सी एन आई ए 5 प्रकरणों का निराकरण हुआ कुल 11 प्रकरणों का निराकरण हुआ।श्रीमति रितिका शर्मा न्यायाधीश की अदालत 1 एक सिविल मुकदमा 2 आर सी टी 7 मुकदमे 3 एससी एन आई ए 7 मुकदमे कुल 12 प्रकरण का निराकरण हुआ श्रीमति उजाला झा न्यायाधीश की अदालत मे 1 आर सी टी दो मुकदमे 2 एम जे सी 2 मुकदमे 3 एस सी एन आई ए 5 मुकदमे 4 सिविल प्रकृति के 5 मुकदमे कुल 13 मुकदमे श्री दशरथ सिंह भिड़े न्यायाधीश की अदालत में 1 आर सी टी 7 मुकदमे 2 एस सी एन आई ए 7 मुकदमे कुल 12 मुकदमे जिनका आपसी सहमति से लोक अदालत में सुलह वार्ता होने से पक्षकारों द्वारा मुकदमों का निराकरण हुआ है। जिसमे समस्त न्यायाधीश जी एवं अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष रघुवीर सिंह ठाकुर एवं समस्त सीनियर अधिवक्ता बंधु इस लोक अदालत में उपस्थित रहकर लोक अदालत में अपना अमूल्य सहयोग दिया।

# भाजपा की कार्यकर्ता की सड़क हादसे में मौत होने पर पाटन पहुंचने वाली जनआशीर्वाद यात्रा की रद्द

### शोकसभा आयोजित कर भाजपा कार्यकर्ता की अर्पित की श्रद्धांजलि



**पाटन देशबन्धु।** जन आशीर्वाद यात्रा पनागर से नुनसर पहुंचने वाली थी और यात्रा में अधिक से अधिक संख्या में युवा मोर्चा के कार्यकर्ताओं को पहुंचने के निर्देश मिले थे, जिसमें पाटन मझौली विधानसभा क्षेत्र के भाजपा कार्यकर्ता बड़ी संख्या में पाटन होते हुए नुनसर पहुंच रहे थे।



ब्रजेश पटेल

यात्रा का नेतृत्व केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, सांसद राकेश सिंह, पाटन मझौली विधानसभा क्षेत्र से भाजपा विधायक अजय विश्नोई, आशीष दुबे, सुभाष रानू तिवारी सहित बड़ी संख्या में जिला भाजपा के पदाधिकारी, युवा मोर्चा के कार्यकर्ता करने वाले थे। जन आशीर्वाद यात्रा की आमसभा झंडा चौक पर होना प्रस्तावित थी, लेकिन जन आशीर्वाद यात्रा में शामिल होने नुनसर जा रहे भाजपा कार्यकर्ता की मोटर साइकिलों की आपस में भिड़ंत हो गई, जिसमें एक कार्यकर्ता की मौत हो गई, वही एक भाजपा कार्यकर्ता गंभीर अवस्था में है, तीसरा कार्यकर्ता गंभीर रूप से घायल है, जिसकी वजह से जन आशीर्वाद यात्रा को कैंसिल कर दिया गया है। वहीं पाटन नगर के झंडा चौक पर एक शोकसभा आयोजित करके मृतक भाजपा नेता को श्रद्धांजलि दी गई।

**हादसे में मृतक और घायल**-हादसे में भाजपा कार्यकर्ता ब्रजेश पटेल पिता बल्लू पटेल उम्र 23 वर्ष की मृत्यु हो गई, वही अमन पटेल पिता मेघराज पटेल उम्र 24 वर्ष वेंटिलेटर पर है, लेकिन सूत्रों ने बताया है कि अमन पटेल की भी मौत हो गई है। लेकिन पुलिस एवं अस्पताल प्रबंधन के द्वारा अभी कोई जानकारी नहीं दी गई है। यह जानकारी गांव वालों के द्वारा मिली है और तीसरा कार्यकर्ता कल्लूदाहियां गंभीर रूप से घायल है, जिसका इलाज जबलपुर के एक निजी अस्पताल में चल रहा है। मृतक ब्रजेश पटेल का पीएम शासकीय सुभाष चंद्र बोस मेडिकल कॉलेज अस्पताल में किया जाएगा।

**घटना की जानकारी देने में पुलिस ने की टाला मटोली**-जब घटना की जानकारी लेने नुनसर चौकी प्रभारी गणेश तोमर से बात की गई तो घटना के बाद से ही जानकारी देने में आनाकानी करते दिखे। इस संबंध में जब जबलपुर के स्वास्तिक हॉस्पिटल में घायलों की जानकारी लेने कॉल किया तो उस समय भी स्वास्तिक हॉस्पिटल के नंबर पर नुनसर चौकी प्रभारी गणेश तोमर ने बात करके घटना की जानकारी नहीं दी एवं हॉस्पिटल के स्टाफ को भी जानकारी देने से रोक दिया। उक्त घटना से गांव वाले बेहद दुखी है।

# उधारी न चुका पाने से व्यापारी ने किया सुसाइड, सुसाइड नोट मिला

**रीवा देशबन्धु।** जिले के रायपुर कचुर्लियान थाना अंतर्गत परसा गांव के एक व्यापारी ने सुसाइड कर लिया है। पुलिस का कहना है कि शनिवार की सुबह आत्महत्या की खबर आई। पता चला कि गांव से बाहर दो किलोमीटर दूर की अहरी में लाश लटक रही है। वह खेत किसी दूसरे का है। जानकारी के बाद थाने का अमला पहुंचा है। सुसाइड नोट व लाश को संदिग्ध देख वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। ऐसे में सीन ऑफ क्राइम मोबाइल यूनिट के प्रभारी डॉ.आरपी शुक्ला मौके पर पहुंचे है। जिन्होंने घटनास्थल का निरीक्षण किया है। निरीक्षण के समय चूहा मार दवा, डिस्पोजल, शराब का खाली क्वाटर आदि बरामद हुआ है। परिजनों ने हत्या का आरोप लगाया है। समझाइश के बाद पंचनामा कार्रवाई की है। रायपुर कर्चुलियान सीएचसी में पीएम कराया गया है। मर्ग कायम कर जांच चल रही है।

# राहगीर महिला के ऊपर गिरा विद्युत तार, मौके पर मौत

**रीवा।** विद्युत तार के टूटने से चपेट में आई एक राहगीर महिला की मौके पर ही मौत हो गई है। घटना जिले के गढ़ थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम खैरा में आज सुबह हुई है। महिला घर से कुछ ही दूर पर लगे हैंडपंप में नहाने गई हुई थी जहां से लौटते वक्त महिला के ऊपर विद्युत तार टूट कर जागीर जिससे करंट की चपेट में आने से महिला की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई है। जानकारी के मुताबिक ग्राम खैरा निवासी 35 वर्षीय ममता तिवारी नाम की महिला आज सुबह घर से कुछ दूर लगे हैंडपंप में नहाने गई हुई थी और जब वह वापस घर लौट रही थी तभी ऊपर से गुजरने वाली विद्युत लाइन का तार टूट कर महिला के ऊपर जा गिरा।

# घंटाघर में पहुंचें हजारों कर्मचारी, पुरानी पेंशन लागू करने की मांग

**बरेला, देशबन्धु।** पुरानी पेंशन लागू करने की मांग पर 8 सितंबर को घंटाघर कर्मचारीयो का मेला लगा । कर्मचारीयो की मांग है कि एक देश एक पेंशन होना चाहिए जब नेताओं को पेंशन मिल सकती है तो कर्मचारियों को क्यों नहीं इस आंदोलन में कर्मचारी छाता लेकर कंट्रोल रूम के सामने एकत्रित होकर मुख्यमंत्री के नाम का ज्ञापन कलेक्टर महोदय को सौंपें। मध्य प्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के शहजाद द्विवेदी, रजनीश पांडे, दालचंद पासी, मुकेश मेहरा, जयप्रकाश गुप्ता, वाई श्रीदेवी, मीरा सिंह, मीना सेन, सुनीताराय चौधरी, हेमलता राजोरिया, निधि जैन ,ममता मिश्रा, वंदना गोस्वामी,अरुणा खरे, सुहासिनी परोहा, प्रतिभा मार्को,ममता दुबे,सुनीता शुक्ला, उपमा चौहान,अंजना धिमोले,माया झरिया, भारती तोमर, सारिका पटेल,अर्चना भारती,पेंजीडेनियल, रानी कोरी, सुषमा बेन, रचना दुबे ,लक्ष्मी पोर्ते,अरुना झरिया,मीणा प्रधान,वंदना झरिया, नेहा लखेरा, जयश्री नामदेव, प्रेमलता ठाकुर, शिखा सिंह, आभा साहू,मंजू आर्य, रेखा नवेरिया, रानू रैकवार, रानी वेलवंसी, सरिता पैग्वार, रश्मि शर्मा, रीना गोटिया, शिल्पी चौहान, दीपाली वर्मा, माया कटारे, सरलेश गोस्वामी,रूपा धुर्वे आदि सैकड़ों महिला कर्मचारी उपस्थित रहे।

# केंद्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल, सांसद राकेश सिंह के नेतृत्व में पनागर पंहुची जनआशीर्वाद यात्रा, नगर में भव्य स्वागत

**पनागर, देशबन्धु।** भाजपा सरकार द्वारा प्रदेश में भ्रमण कर रही भाजपा की जान आशीर्वाद यात्रा आज दसवें दिन मझौली से होते हुए पनागर पंहुची, केंद्रीय मंत्री प्रह्लाद पटेल, सांसद राकेश सिंह, क्षेत्रीय विधायक सुशील इंदु तिवारी के नेतृत्व में जन आशीर्वाद यात्रा का पनागर में प्रवेश पर सिंगलदीप, पुरैना, सिंगोद में भव्य स्वागत हुआ, इसके बाद जन आशीर्वाद यात्रा पनागर बस स्टैंड पंहुची जहां आयोजित जन सभा में पनागर विधायक सुशील तिवारी इंदु भैया ने बताया की सभी माताओं बहनों बेटी और आप सभी कार्यकर्ताओं से सहयोग से प्रदेश में फिर एक बार भाजपा सरकार बन रही है, वहीं केन्द्रीय मंत्री प्रहलाद पटेल जी ने जन आशीर्वाद यात्रा की सभा को संबोधित करते हुए बताया की विकास के कार्य पूरी ईमानदारी से केवल भाजपा सरकार ही कर सकती है, इसलिये हम जन आशीर्वाद यात्रा के माध्यम से जनता से आशीर्वाद मांगने आये हैं। जबलपुर सांसद राकेश सिंह ने अपने संबोधन में बताया जन आशीर्वाद यात्रा प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के मार्गदर्शन एवं मुख्यमंत्री श्री शिवराज सिंह चौहान के नेतृत्व में मध्यप्रदेश विकास के नित नए आयाम स्थापित किए हैं, जनता का अद्भुत उत्साह साबित करता है कि प्रदेश में पुन: प्रचण्ड बहुमत से भाजपा की सरकार बनेगी। जन आशीर्वाद यात्रा में जिला ग्रामीण अध्यक्ष रानू तिवारी,आशीष दुबे,अभिलाषा पांडे,श्रीमती माया इंदु तिवारी,जिला ग्रामीण युवा मोर्चा उपाध्यक्ष हर्ष इंदु तिवारी, नगर मंडल अध्यक्ष अंकुर जैन, मोनू खरे, पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती रीना आनंद जैन, सर्वेश मिश्रा,श्रीमती प्रेमलता पटेल, जनमानस के साथ मंडल प्राधिकारी, मोर्चा प्रकोष्ठ के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। संचलन मंडल संयोजक आनंद जैन मिंन्चू आभार जिला ग्रामीण उपाध्यक्ष डॉ सुभाष तिवारी ने किया ।



## 107 अल-शबाब लड़ाकों ने सोमाली सरकार के सामने किया आत्मसमर्पण

मोगादिशू, (एजेंसियां)। सोमालिया के आतंकवाद विरोधी केंद्र ने कहा है कि जुलाई और अगस्त के बीच लगभग 107 अल–शबाब लड़ाकों ने सरकारी सेनाओं के सामने आत्मसमर्पण कर दिया है। नेशनल सेंटर फॉर प्रिवेंटिंग एंड काउंटरिंग वायलेंट एक्सट्रीमिज्म के निदेशक अब्दुल्लाही मोहम्मद नोर ने गुरुवार को कहा कि आतंकवादियों ने चार राज्यों हिर्शबेले, गाल्मुदुग, दक्षिण–पश्चिम और जुबालैंड राज्यों में आत्मसमर्पण किया। निदेशक ने सोमालिया की राजधानी मोगादिशू में पत्रकारों से कहा, 'आत्मसमर्पण करने वालों में कट्टरपंथी बने छोटे बच्चे, युवा, महिलाएं और समूह कमांडर शामिल हैं ।

# तुर्की के फारुक ओजर को 11 हजार साल की सजा, क्रिप्टो के जरिए 4 लाख लोगों को लगाया चूना

तुर्की क्रिप्टो एक्सचेंज थोडेक्स के संस्थापक फारुक फातिह ओजर, उनकी बहन सेराप ओजर और उनके भाई गुवेन ओजर को 11,196 साल, 10 महीने और 15 दिन की जेल की सजा सुनाई गई है। साथ ही उनके खिलाफ लगभग 50 लाख डॉलर का जुर्माना भी लगाया गया है। अप्रैल 2021 में अचानक ऑफलाइन होने और ओजर के लापता होने से पहले थोडेक्स तुर्की का सबसे बड़ा क्रिप्टो एक्सचेंज था। उसने करीब 400,000 से अधिक लोगों को चूना लगाया। ओजर अल्बानिया भाग गया था, लेकिन अगस्त 2022 में उसके खिलाफ इंटरपोल रेड नोटिस



के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया। अप्रैल 2023 तक ओजर को तुर्की में प्रत्यर्पित कर दिया गया था। पुलिस ने उसे हिरासत में ले लिया। ओजर के भाई, बहन और चार अन्य वरिष्ठ कर्मचारियों को भी जेल में डाल दिया गया। जांच के दौरान कम से कम 83 लोगों को हिरासत में लिया गया। 21 दोषियों को 40,564 साल तक की जेल का सामना करना पड़ा। अनातोलियन की अदालत ने गुरुवार को फैसले की घोषणा की, जिसमें 21 प्रतिवादियों में से 16 को बरी कर दिया गया। सबूतों की कमी के कारण जेल में बंद सात में से चार को रिहा कर दिया गया।

## किम जोंग-उन रूस जाने के लिए अलग रास्ता चुन सकते हैं : एनआईएस

**सोल,** (एजेंसियां)। दक्षिण कोरिया की राष्ट्रीय खुफिया सेवा (एनआईएस) के अनुसार, उत्तर कोरिया के तानाशाह किम जोंग–उन, रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मिलने के लिए रूस जाने वाले हैं। इस हफ्ते की शुरुआत में, न्यूयॉर्क टाइम्स ने रिपोर्ट दी थी कि इस यात्रा के दौरान किम जोंग, पुतिन से यूक्रेन जंग में हथियारों की आपूर्ति पर बात करेंगे। समाचार एजेंसी योनहाप ने गुरुवार को संसदीय खुफिया समिति की बैठक के दौरान एनआईएस के एक अधिकारी के हवाले से कहा, 'जैसा कि न्यूयॉर्क टाइम्स से पता चला है, ऐसी संभावना है कि किम जोंग–उन उम्मीद से अलग रास्ता चुनकर एक आश्चर्यजनक कदम उठा सकते हैं।' बैठक के दौरान, एनआईएस के निदेशक किम क्यू–ह्यून ने कहा कि एजेंसी योजनाबद्ध यात्रा की बारीकी से निगरानी कर रही है।

## आज का इतिहास

1846– एलायस होवे ने सिलाई मशीन का पेटेंट कराया।
1847– हवाई द्वीप में पहला थियेटर खुला।
1887– स्वतन्त्रता सेनानी एवं उत्तर प्रदेश के प्रथम मुख्यमंत्री गोविन्द बल्लभ पंत का जन्म।
1926– जर्मनी मित्र राष्ट्रों के संघ में शामिल हुआ।
1935– सतीश संजन दासने दून स्कूल की स्थापना की।
1939– कनाडा ने द्वितीय विश्वयुद्ध में जर्मनी के खिलाफ जंग का ऐलान किया।
1966– संसद ने पंजाब एवं हरियाणा के गठन को मंजूरी दी।
1974– अफ्रीकी देश गिनी को पुर्तगाल से आजादी मिली।
1976– इंडियन एयरलाइंस के बोइंग 737 विमान का अपहरण।
1996– संयुक्त राष्ट्र आम सभा में व्यापक परमाणु परीक्षण प्रतिबंध संधि तीन के मुकाबले 158 मतों से स्वीकृत, भारत सहित तीन देशों ने किया संधि का विरोध।

## सुडोकू 6312

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | 5 | | | 8 | | | 6 |
| | | 8 | | | 2 | | | |
| | 6 | | 3 | | 7 | | | 5 |
| | 9 | | | | | | | 7 |
| | | 3 | | 4 | | 6 | | |
| 1 | | | | | | | 9 | |
| 5 | | | 8 | | 3 | | 6 | |
| | | | 1 | | | 7 | | |
| 4 | | | 9 | | | 5 | 1 | |

**: नियम :**

1. कुल 81 (9×9) वर्ग हैं, जिसमें 9 (3×3) वर्गों का एक खंड (ब्लॉक) बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1 से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते हैं।
3. बाएं से दाएं और ऊपर से नीचे के प्रत्येक कॉलम,कतार और खंड में 1 से 9 अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते हैं।

**हल आज ही के अंक में**

## असम में मुसलमान कई पत्नियां नहीं रखते क्योंकि वे बेरोजगार हैं: अजमल

गुवाहाटी। असम सरकार राज्य में बहुविवाह पर रोक लगाने पर विचार कर रही है। वहीं ऑल इंडिया यूनाइटेड डेमोक्रेटिक फ्रंट के प्रमुख बदरुद्दीन अजमल ने कहा कि मुसलमान आमतौर पर एक विवाह में विश्वास करते हैं और हिंदू अक्सर कई बार शादी करते हैं। अजमल ने शुक्रवार को यहां संवाददाताओं से कहा, 'भाजपा और असम के मुख्यमंत्री ने राज्य में रहने वाले मुस्लिम लोगों से उनका सब कुछ छीन लिया है। उनके पास रोजगार, पैसा नहीं है।इसके अलावा हिमंत बिस्वा सरमा मुस्लिम लोगों को अपने जीवन यापन के लिए सड़कों पर सब्जियां बेचने की अनुमति नहीं दे रहे हैं। इस प्रकार, मुसलमान चाहें भी तो एक से अधिक शादी नहीं कर सकते।' धुबरी लोकसभा सांसद ने आगे कहा कि आजकल हिंदू अक्सर कई पत्नियां रखते हैं। इससे पहले, असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने कहा कि राज्य में बहुविवाह पर प्रतिबंध के पक्ष में एक मजबूत जन समर्थन है।

## राष्ट्रपति भवन में आज 'गार्ड अदला-बदली' समारोह नहीं होगा

नई दिल्ली, (एजेंसियां)। राजधानी में इस सप्ताहांत आयोजित 18वें जी-20 शिखर सम्मेलन के कारण शनिवार (नौ सितंबर) को राष्ट्रपति भवन में गार्ड अदला-बदली (चेंज ऑफ गार्ड) समारोह आयोजित नहीं होगा। राष्ट्रपति सचिवालय ने एक विज्ञप्ति में यह जानकारी दी। जी-20 शिखर सम्मेलन राजधानी में नौ-10 सितंबर को आयोजित किया गया है। इसमें अमेरिका, ब्रिटेन, चीन , जापान , ब्राजील, रुस, आस्ट्रेलिया, यूरोपीय संघ, संयुक्त राष्ट्र जैसे समूह के सदस्य देशों और अंतराष्ट्रीय संगठनों के नेताओं के अलावा बंगलादेश, सऊदी अरब, अफ्रीकी यूनियन जैसे आमंत्रित देशों और संगठनों के नेता राजधनी में आना शुरू हो गए है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी-20 बैठक के लिए आए कई नेताओं के साथ शुक्रवार को यहां अलग से बातचीत की।

## भारत में 46 नए कोविड मामले दर्ज

नई दिल्ली, (आईएएनएस)। भारत में शुक्रवार को बीते 24 घंटों के दौरान 46 नए कोविड मामले दर्ज किए गए हैं, जिससे कुल मामलों की संख्या 4,49,97,583 हो गई है। स्वास्थ्य मंत्रालय के ताजा अपडेट के अनुसार, 55 लोग महामारी से उबर चुके हैं, जिससे कुल ठीक होने वालों की संख्या 4,44,65,074 हो गई है। रिकवरी रेट 98.82 फीसदी है। मरने वालों की संख्या 5,32,024 है, जबकि सक्रिय मामले 485 हैं। मंत्रालय के अनुसार, अब तक कोविड-19 वैक्सीन की 220.67 करोड़ से ज्यादा डोज दी जा चुकी हैं।

# जी-20 समिट की सबसे बड़ी चुनौती! भारत के लिए बाधा बन रहा है रूस-चीन का रवैया

जी20 शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले तक यह बिल्कुल स्पष्ट नहीं हो पाया है कि नेताओं के घोषणा पत्र में यूक्रेन संकट का जिक्र होगा या नही। चीन इस विवादास्पद मुद्दे के साथ– साथ जलवायु परिवर्तन सहित कुछ अन्य प्रस्तावों पर आम सहमति तक पहुंचने में मुख्य बाधा बनकर उभरता दिख रहा है।

**आम सहमति बनाने के प्रयास जारी**

कई सूत्रों ने शुक्रवार को बताया कि विवादास्पद मुद्दे पर अभी तक कोई ठोस सहमति नहीं बन पाई है और जी20 शेरपा इसका सौहार्दपूर्ण समाधान खोजने के लिए गहन बातचीत कर रहे हैं।उन्होंने कहा कि सभी पेचीदा मुद्दों पर बातचीत जारी है और सकारात्मक नतीजे आने की उम्मीद है।दो सूत्रों ने बताया कि जी–7 देश यूक्रेन युद्ध के संदर्भ के बिना किसी भी नेता की घोषणा से सहमत नहीं हैं, साथ ही अन्य पेचीदा मुद्दे भी इसमें शामिल हैं।

**पीछे हटे रूस और चीन**

जी20 आम सहमति के सिद्धांत के तहत काम करता है और ऐसी आशंका जताई जा रही है कि आम राय के अभाव के कारण शिखर सम्मेलन संयुक्त नेताओं की घोषणा के बिना ही समाप्त हो सकता है। रूस और चीन दोनों पिछले साल बाली घोषणा में यूक्रेन संघर्ष पर दो पैराग्राफ जारी करने पर सहमत हुए थे, लेकिन इस साल वे इससे पीछे हट गए, जिससे भारत के लिए मुश्किलें पैदा हो गई हैं। वित्त और विदेश मंत्रियों सहित भारत की जी20 की अध्यक्षता में आयोजित लगभग सभी प्रमुख बैठकें, यूक्रेन संघर्ष से संबंधित किसी भी विषय पर रूस और चीन के विरोध के कारण आम सहमति वाले दस्तावेज जारी नहीं सका था।

**भारत को है संयुक्त बयान जारी होने की उम्मीद**

भारत के जी20 शेरपा अमिताभ कांत ने कहा कि नई दिल्ली के नेताओं की घोषणा वैश्विक दक्षिण और विकासशील देशों की आवाज को प्रतिबिंबित करेगी। उन्होंने कहा, %हमारे नई दिल्ली के नेताओं की घोषणा लगभग तैयार है, मैं इस पर ध्यान नहीं देना चाहूंगा क्योंकि शिखर सम्मेलन के दौरान नेताओं को इस घोषणा की सिफारिश की जाएगी और नेता इसे स्वीकार करेंगे। नेताओं द्वारा इसे स्वीकार किए जाने के बाद ही हम वास्तविक उपलब्धियों के बारे में बता सकेंगे। विदेश सचिव विनय मोहन क्वात्रा ने नई दिल्ली में यूक्रेन संघर्ष की संभावना पर एक सवाल के जवाब में कहा, %भारत की उम्मीद है कि सभी जी20 सदस्य आम सहमति की ओर बढ़ेंगे और हमें बयान की घोषणा पर आम सहमति की उम्मीद ह

**ईयू ने किया भारत का समर्थन**

इस बीच, यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल ने शुक्रवार को पत्रकारों से कहा कि यूरोपीय संघ (ईयू) आम सहमति से घोषणापत्र को अंतिम रूप देने के भारत के प्रयासों का समर्थन करता है, लेकिन यूरोपीय संघ रूस की आक्रामकता के सामने यूक्रेन का समर्थन करने के लिए दृढ़ और एकजुट है।

यूक्रेन संकट के कारण नेताओं के घोषणापत्र में रुकावट आने की आशंका के बारे में पूछे जाने पर मिशेल ने कहा, 'मुझे नहीं पता कि यह संभव है या नहीं, अंतिम विज्ञप्ति पर सहमति बनेगी, हम देखेंगे। लेकिन हम अपने सिद्धांतों की रक्षा करेंगे और भारत द्वारा किए गए प्रयासों का भी समर्थन करेंगे।'

## वर्ग पहेली 6312

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ | | २ | | ३ | ■ | ४ | | ५ | |
| | ■ | | ■ | ६ | | | ■ | | ■ |
| ७ | | | ■ | | ■ | ८ | | | ९ |
| | ■ | | ■ | १० | | | ■ | ■ | |
| ■ | ११ | | १२ | | ■ | ■ | १३ | | |
| ■ | | ■ | | ■ | १४ | | | ■ | |
| १५ | | १६ | | ■ | | ■ | १७ | १८ | |
| | ■ | | ■ | १९ | | २० | ■ | | ■ |
| २१ | | | ■ | | ■ | २२ | | | २३ |
| | ■ | २४ | | | | | ■ | ■ | |

**बायें से दायें:–**

१. दुर्गा, लक्ष्मी
३. मन की ताकत
६. खारा, नमकीन
७. विक्षिप्त (उर्दू)
८. अंगड़ाई, बदला, प्रतिफल, दंड, भ्रष्ट, हानि (उर्दू)
१०. अन्यथा (उर्दू)
११. बांस की तिलियोंका बना परदा (उर्दू)
१३. किसी गीत के मुखड़े के अतिरिक्त अन्य पद
१४. असंगत, अशिष्ट भद्दा (उर्दू)
१५. मृतप्राय, जो मरने के निकट हो
१७. तनिक, थोड़ा (उर्दू)
१९. रक्तपान करने वाला
२१. उचित, ठीक, जरूरी (उर्दू)
२२. संदेशवाहक (उर्दू)
२४. राजाओं का लिबास

**ऊपर से नीचे:–**

१. साथ पढ़ने वाला
२. शुभ समय
३. पांडवों को जीवित जला देने के लिए बनाया गया लाख का महल
४. मदिरालय (उर्दू)
५. श्रेष्ठ, उत्तम
९. केसर (उर्दू)
११. चमड़े–मांस, चरबी के जलने से निकलने वाली दुर्गंध
१२. शराब
१३. अनुमान, हाव–भाव (उर्दू)
१४. असमय (उर्दू)
१५. जिसका निवारण न किया जा सके, अत्यावश्यक, अटल
१६. कब्र, मज़ार (उर्दू)
१८. राई, सरसों
१९. दया, कृपा (उर्दू)
२०. शुरुआत
२३. रहस्य, भेद, गुप्त बात (उर्दू)

## हांगकांग में 140 साल में सबसे ज्यादा बारिश

**हांगकांग,** (एजेंसियां)। हांगकांग में लगभग 140 वर्षों में सबसे ज्यादा बारिश हुई है। इसके बाद बड़े पैमाने पर शहर में बाढ़ और जलभराव हो गया है। अधिकारियों ने शुक्रवार को ये जानकारी दी। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, शुक्रवार को सड़कों और सबवे स्टेशनों पर पानी भर गया और स्कूलों और कार्यस्थलों को बंद करना पड़ा। मौसम ब्यूरो ने कहा कि गुरुवार को शुरू हुई बारिश, लगभग 140 वर्षों में सबसे ज्यादा है।

आपातकालीन सेवाओं ने कहा कि 100 से अधिक लोगों को अस्पताल ले जाया गया और कई लोगों को बचाया गया। गुरुवार रात शहर में मूसलाधार बारिश से सड़कों, शॉपिंग सेंटरों और सार्वजनिक परिवहन में पानी भर गया। बीबीसी की रिपोर्ट के अनुसार, सोशल मीडिया पर वीडियो में लोगों को पानी से बचने के लिए कारों और अन्य ऊंचे प्लेटफार्मों पर चढ़ते हुए देखा गया, जो कुछ क्षेत्रों में कई मीटर ऊंचा हो गया है, जिससे मेट्रो के प्रवेश द्वार अवरुद्ध हो गए हैं। हांगकांग को इसके उत्तर में कॉव्लून प्रायद्वीप से जोड़ने वाला एक प्रमुख मार्ग क्रॉस हार्बर सुरंग



जलमग्न हो गई। बारिश के कारण हांगकांग के पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन भी हुआ, जिससे कुछ राजमार्ग अवरुद्ध हो गए। शुक्रवार दोपहर तक, बारिश कुछ हद तक कम हो गई थी और अधिकारियों ने बारिश की चेतावनी को 'ब्लैक' से घटाकर 'एम्बर' चेतावनी में बदल दिया।

उन्होंने चेतावनी दी कि शनिवार तक बारिश जारी रहने की उम्मीद है।

## ये है दुनिया का सबसे महंगा सिक्का, क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय को दी गई इससे श्रद्धांजलि

अंग्रेजों ने इस दुनिया पर सौ साल से ज्यादा हुकूमत किया। इस दौरान इन्होंने पूरी दुनिया से नायाब चीजें लूटीं और उन्हें ब्रिटेन लेकर चले गए। हालांकि, आज हम उनके द्वारा लूटी गई चीजों के बारे में नहीं, बल्कि एक ऐसे सिक्के के बारे में बताने वाले हैं जो दुनिया का सबसे महंगा सिक्का है और इससे महारानी एलिजाबेथ द्वितीय को श्रद्धांजलि दी गई है।




**क्या खासियत है इस सिक्के में?**– इस एक सिक्के का वजन करीब 3 l6 किलो है। जबकि इसका व्यास 9 l6 इंच है। इस सिक्के को बनाने में कुल 6,426 हीरों का इस्तेमाल हुआ है। सबसे बड़ी बात कि इतन हीरों के साथ साथ इसे 24 कैरेट गोल्ड के इस्तेमाल से बनाया गया है।

यही वजह है कि इस एक सिक्के कि इतनी ज्यादा कीमत है कि इतने पैसों में आपका पूरा घर भर जाएगा। डॉलर में देखें तो इस सिक्के की कीमत 23 मिलियन डॉलर है। जबकि रुपये में इसकी कीमत 192 करोड़ रुपये के आसपास है।

**किसने बनवाया है ये सिक्का?**– ब्रिटेन की महारानी क्वीन एलिजाबेथ द्वितीय को श्रद्धांजलि देने के लिए ये सिक्का किसी अंग्रेज ने नहीं बल्कि एक भारतीय ने जारी किया है। दरअसल, इसे ब्रिटेन मुख्यालय वाली ईस्ट इंडिया कंपनी के भारतीय मूल के सीईओ संजीव मेहता ने जारी किया है। रिपोर्ट्स के मुताबिक, इस सिक्के को बनाने में करीब 16 महीने का समय लगा। इस सिक्के को बनाने में भारत, जर्मनी, यूके, श्रीलंका और सिंगापुर के कारीगरों को लगाया गया था। कहा जा रहा है कि पूरी दुनिया में ऐसा दूसरा सिक्का नहीं है।

## दुनिया को जानें

### अफरीकी स्वाइन फीवर का मामला सामने आने पर स्वीडन ने विशाल क्षेत्र को किया प्रतिबंधित

**स्टॉकहोम, ( एजेंसियां )।** अधिकारियों ने घोषणा की है कि देश में अफ्रीकी स्वाइन बुखार का पहला मामला सामने आने के बाद मध्य स्वीडन में 800 वर्ग किलोमीटर को प्रतिबंधित क्षेत्र घोषित कर दिया गया है। स्वीडिश कृषि बोर्ड ने गुरुवार को कहा कि छोटे शहर फगेर्स्टा के आसपास के क्षेत्र में जंगल में प्रवेश निषिद्ध होगा। हालांकि, इलाके को खाली नहीं कराया जाएगा। यह निर्णय अगस्त के अंत से क्षेत्र में मृत पाए गए सात जंगली सूअरों में से एक में अफ्रीकी स्वाइन बुखार का पता चलने के तुरंत बाद लिया गया । समाचार एजेंसी शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार, इस बीमारी से इंसानों को कोई खतरा नहीं है, लेकिन सुअर फार्मों के लिए यह विनाशकारी हो सकता है। जंगल तक पहुंच को प्रतिबंधित करके, अधिकारियों को उस जोखिम को कम करने की उम्मीद है जो वायरस जूते, उपकरण और वाहनों पर फैल सकता है। चूंकि यह वायरस कुत्तों से भी फैल सकता है, इसलिए मालिकों को अपने पालतू जानवरों को जंगल में जाने से रोकने होगा।

## चुनाव परिणाम / घोसी में उपचुनाव परिणाम के होंगे दूरगामी प्रभाव

# यूपी में बदल सकती है भाजपा की आगामी चुनावी रणनीति

रतिभान त्रिपाठी

**लखनऊ, (देशबन्धु)। भारतीय जनता पार्टी की 'चढ़ी बजार' और योगी सरकार की 'विकासवादी छवि' के बावजूद घोसी उपचुनाव में दारासिंह चौहान की भारी पराजय ने भाजपा को भीतर से झकझोर दिया है। मुंह बचाने के लिए कोई बयान कुछ भी दे लेकिन यह हार पार्टी नेतृत्व को पचाए नहीं पच रही होगी। जिस एक सीट को हासिल करने के लिए पार्टी ने 25 मंत्रियों और 60 विधायकों की फौज झोंक दी थी,उसका परिणाम इस रूप में हासिल होना दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी के लिए किसी सुनामी से कम नहीं।**



- **दारासिंह चौहान की दलबदलू छवि से बेहद नाराज थे लोग**
- **25 मंत्रियों और 60 विधायकों की फौज भी जिता न सकी सीट**
- **भाजपा के बड़े नेताओं के बीच खींचतान की भी चर्चा**

हर पल मंत्री पद के लिए बेकरार कहे जाने वाले सुभासपा नेता चुनाव परिणाम को बाद जिस तरह से मीडिया से छुपते–बचते दिख रहे थे, वह भी किसी कौतूहल से कम नहीं था। घोसी उपचुनाव परिणाम उत्तर प्रदेश में भाजपा की आगामी चुनावी रणनीति बदल देंगे, ऐसी आशंका जताई जा रही है। घोसी में भाजपा और समाजवादी पार्टी के मुखिया अखिलेश यादव की प्रतिष्ठा दांव पर लगी हुई थी। नवगठित 'इंडिया' गठबंधन की साख भी इससे जोड़ी जाने लगी थी। इसीलिए भाजपा ने पिछड़े वर्ग के वोटरों के लिए उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, राजभर जाति के वोटरों को रिझाने के लिए ओमप्रकाश राजभर को, निषाद वोटरों के लिए योगी सरकार के मंत्री संजय निषाद, भूमिहार वोटरों के लिए एके शर्मा और कुर्मी वोटरों के लिए स्वतंत्र देव सिंह, ब्राह्मण वोटरों को साधने के लिए उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, मुस्लिम समाज के पसमांदा वोटरों को साधने के लिए दानिश आजाद अंसारी को चुनाव मैदान में भेजा था। इतने उपाय करने के बावजूद परिणाम हार ही रहा। हार को लेकर अब यह कहा जाने लगा है कि यह तो दारासिंह चौहान की हार है। उनकी दलबदलू छवि से क्षेत्र के लोग बेहद नाराज़ थे। सुभासपा नेता ओमप्रकाश राजभर अब यह बयान देकर अपना बचाव करने की कोशिश में लगे हैं कि विपक्ष जब हारता है तो ईवीएम पर सवाल उठाता है। वह कम से कम अब यह आरोप तो नहीं लगा पाएगा। हम गलतियों से सीख लेंगे और आगे के चुनाव में सुधार करेंगे। हालांकि दो तीन चुनावों को छोड़ दिया जाए तो घोसी सीट पर अक्सर समाजवादियों की ही जीत होती रही है। लेकिन अपनी सरकार होने के बावजूद भाजपा की हार किसी अचरज से कम नहीं। अक्सर विवादों से घिरे रहने वाले समाजवादी पार्टी के नेता स्वामी प्रसाद मौर्य ने कहा था कि हम लोग 50 हजार वोटों से घोसी जीतेंगे। उनकी बात लगभग सही साबित हुई। चुनाव में हार के बाद यह चर्चा भी चल पड़ी है कि भाजपा के शीर्ष नेतृत्व ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को विश्वास में लेने के बजाए दारासिंह चौहान और ओमप्रकाश राजभर को सीधे पार्टी ज्वाइन करवा लिया था।

## वर्ग पहेली–6311

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| १ अ | सा | २ मा | जि | 3 क | ■ | ४ अ | नु | ५ दा | र |
| ट्ट | ■ | न | ■ | ६ था | म | ना | ■ | य | ■ |
| ७ हा | कि | म | ■ | ना | ■ | ८ ग | द | रा | ९ ना |
| स | ■ | दिं | ■ | १० य | ती | म | ■ | ■ | मु |
| ■ | ११ वि | त | १२ र | क | ■ | ■ | १३ मा | र | ना |
| ■ | प | ■ | क्ष | ■ | १४ अ | पि | तु | ■ | सि |
| १५ वि | दा | १६ र | क | ■ | यो | ■ | १७ ल | १८ क | ब |
| ष | ■ | स | ■ | १९ अ | ध्या | २० य | ■ | फ | ■ |
| २१ म | ना | ही | ■ | ध | ■ | २२ म | हा | न | २३ ता |
| ता | ■ | २४ म | त | म | स्त | क | ■ | ■ | ल |

युसूफ कुरैशी, मो. 8109948408

# खेल जगत

## गुणवत्तापूर्ण आक्रमण नहीं खेलने से अक्सर मुख्य टूर्नामेंटों में थोड़ा अंतर पड़ता है : शुभमन गिल

**कोलंबो**। एशिया कप में बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान सुपर फोर मैच की पूर्व संध्या पर, सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल ने स्वीकार किया कि रविवार के मैच के लिए अपने विरोधियों की तरह नियमित आधार पर गुणवत्तापूर्ण गेंदबाजी आक्रमण का सामना नहीं करना अक्सर चीजें मुश्किल बना सकता है। राजनीतिक तनाव के कारण भारत और पाकिस्तान के बीच कोई द्विपक्षीय श्रृंखला नहीं होने के कारण, इसका मतलब है कि दोनों टीमें केवल आईसीसी टूर्नामेंट और एशिया कप में एक-दूसरे के खिलाफ आमने-सामने होंगी, जिससे भारत के बल्लेबाजों को पाकिस्तान की घातक गेंदबाजी का आकलन करने और उसका विश्लेषण करने का समय नहीं मिलेगा। गिल ने प्री-मैच प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, इस स्तर पर, आपको बाएं हाथ के तेज गेंदबाजों का सामना करना पड़ा होगा। जब भी हमारा सामना किसी नए गेंदबाज से होता है तो इससे फर्क पड़ता है।



# बारिश से खलल की आशंका बीच पाक के खिलाफ भारत की निगाहें केएल राहुल व बुमराह के प्रदर्शन पर

■ सत्येन्द्र पाल सिंह

नई दिल्ली, (देशबन्धु)। दो चिर प्रतिद्वंद्वियों भारत और पाकिस्तान के बीच वन डे एशिया कप क्रिकेट में पालीकेल(श्रीलंका) ग्रुप ए का मैच बारिश के चलते अधूरा बेनतीजा खत्म होने से क्रिकेट प्रेमियों को बेहद निराशा हुई। बारिश के चलते अब दोनों के बीच अहम सुपर4 मैच पालीकेल से कोलंबो स्थानांतरित किए जाने के बावजूद बारिश के एक बार फिर रंग में भंग में डालने की पूरी आशंका है। भारत और पाकिस्तान के बीच इस मैच के बारिश के बाधा डालने की स्थिति में आखिर वक्त पर इस मैच के लिए फाइनल को छोड़ रिजर्व दिन खेले जाने की व्यवस्था की है। बैरी बदरा के रिजर्व दिन भी कोलंबो में बारिश के रंग में भंग डालने की आशंका से इनकार नहीं किया जा सकता है।

बेशक बारिश पर किसी का बस नहीं है। जांघ की मांसपेशी में चोट के बाद ऑपरेशन कराने के बाद फिट हो लंबे समय बाद भारतीय क्रिकेट में वापसी का विकेटकीपर बल्लेबाज केएल राहुल का इंतजार और लंबा हो सकता है। भारत की निगाहें पाकिस्तान के खिलाफ इस सुपर 4 मैच में यदि बारिश खलल नहीं डालती तो केएल राहुल के साथ खासतौर पर अपने घर में वन डे विश्व कप से पहले अपने तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह के प्रदर्शन पर रहेगी। बुमराह ने चोट के बाद वापसी पर भारत को आयरलैंड के खिलाफ टी-20 सीरीज जिता अपनी फिटनेस लगभग साबित कर दी है। सबसे बड़ा सवाल यह रहेगा कि क्या भारत ग्रुप मैच में चार विकेट मात्र 66 रन पर गंवाने के बादकेएल राहुल उकी गैरमौजूदगी में मौका 82 रन की यादगार पारी खेलने वाले ईशान किशन को पाकिस्तान जैसे चिर प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ सुपर 4 मैच में भारत बाहर बैठाने का जोखिम लेगा।




भारत के कप्तान रोहित शर्मा ने इन दोनों को एकादश में साथ रखने की बात कही जरूर हो लेकिन इसकी संभावना कम ही लगती है। भारत यदि इशान और केएल राहुल दोनों को पाकिस्तान के खिलाफ एकादश में रखता है तो क्या वह श्रेयस अय्यर को एकादश से बाहर रखने का एक और मुश्किल फैसला लेगा । भारत चाहेगा कि पाकिस्तान के खिलाफ पहले मैच के बाद अपने बच्चे के जन्म के कारण स्वदेश लौटने के बाद अब फिर टीम से जुड़ चुके चोट के बाद वापसी करने वाले तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह की मैच फिटनेस को अपने घर में अगले महीने होने वाले वन डे विश्व कप से पहले एक बार फिर पाकिस्तान जैसे प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ जांच परख ले।

भारत का पाकिस्तान के खिलाफ मैच ही बारिश के अधूरी बेनतीजा रहा हो लेकिन पाकिस्तान के तेज गेंदबाज शाहीन शाह अफरीदी, नसीम शाह और हैरिस रउफ की त्रिमूर्ति और भारत के कप्तान रोहित शर्मा, उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल, विराट कोहली और श्रेयस अय्यर के बीच जरूर रोचक मुकाबला देखने को मिला। अफरीदी अपनी खतरनाक स्विंग और रउफ रफ्तार से बल्लेबाजों को बौखलाते हैं जबकि नसीम शाह की गेंद गिरने के बाद खतरनाक ढंग से उठती गेंदों के लिए बल्लेबाज का पिच पर टिकना मुश्किल बना देते हैं। नसीम शाह को बांग्लादेश के मैच के दौरान चोट के बादअब फिट होकर बारिश ने खलल न डाला तो भारत के खिलाफ पाकिस्तान की एकादश में जगह पाना पक्का है। कोलंबो के प्रेमदास स्टेडियम की पिच पर गेंद कई बार गिरने के बाद एकदम नीची रह जाती है और कई बार एकदम उपर आती है और इससे दोनों टीमों के बल्लेबाजों को दिक्कत पेश आनी पक्की है। तेज गेंदबाजों के साथ स्पिनरों के लिए भी पिच में मदद की संभावना है और ऐसे में बल्लेबाजों का इस पर खासतृर पर इम्तिहान होगा। पाकिस्तान के खिलाफ बाबर आजम और ऑलराउंडर इफ्तिखार अहमद नेपाल के खिलाफ शतक जड़ चुके हैं। वहीं भारत के इशान किशन और उपकप्तान हार्दिक पांडया के मैच की नजाकत के मुताबिक पाकिस्तान के खिलाफ बेशकीमती अर्द्धशतक जडने के बाद खुद कप्तान रोहित और उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल भी नेपाल के खिलाफ अपनी रंगत पा पाकिस्तान के खिलाफ भी बड़ी पारी खेलने को बेताब होंगे।

# घरेलू मैदान पर विश्व कप खेलना भारत के लिए सबसे बड़ी बाधा : डिविलियर्स

**नई दिल्ली**। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स का मानना है कि अगले महीने शुरू होने वाले पुरुष एकदिवसीय विश्व कप में खेलने से पहले भारत के पास एक मजबूत टीम है, लेकिन उनका मानना है कि रोहित शर्मा एंड कंपनी के लिए एकमात्र चिंता घर पर शोपीस इवेंट खेलना है। भारत, 1983 और 2011 का चैंपियन, अपने 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान की शुरुआत 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ करेगा। डिविलियर्स ने अपने यूट्यूब चैनल पर कहा, मुझे लगता है कि भारत की टीम अविश्वसनीय है, वास्तव में मजबूत है। लेकिन भारत के लिए मेरी एकमात्र चिंता घरेलू मैदान पर खेलना है। पिछली बार जब वे भारत में खेले थे तो जीते थे। मगर इस बार भारी दबाव होगा, मेरी राय में यही एकमात्र बड़ी बाधा है।

साथ ही, डिविलियर्स को लगता है कि अगर भारत अपने आस-पास की उम्मीदों पर काबू पाने में कामयाब रहा, तो उन्हें उम्मीद है कि वे टूर्नामेंट में काफी आगे तक जाएंगे। लेकिन निडर होकर जाओ। और बिल्कुल यही वह शब्द है जिसके बारे में मैं बात कर रहा हूं।

उन्होंने कहा, देश के दबाव के बारे में भूल जाओ, यह कुछ ऐसा है जिसे आप नियंत्रित नहीं कर सकते। जिसे आप नियंत्रित कर सकते हैं उसे नियंत्रित करें। निडर वह शब्द है जिसे मैं भारतीय टीम में तलाश रहा हूं। अगर वे ऐसा कर सकते हैं, तो वे बहुत आगे तक जाएंगे और संभवत: वह ट्रॉफी उठाएंगे। डिविलियर्स का यह भी मानना है कि टी20 बल्लेबाजी के धुरंधर सूर्यकुमार यादव को वनडे बल्लेबाजी कोड में महारत हासिल करने के लिए केवल एक छोटी मानसिकता में बदलाव की जरूरत है। सूर्यकुमार का वनडे बल्लेबाजी औसत महज 24.33 है।



स्काई को विश्व कप टीम में देखकर मुझे बहुत राहत मिली है, मैं इससे बहुत खुश हूं। आप लोग जानते हैं कि मैं (सूर्यकुमार का) बहुत बड़ा प्रशंसक हूं। वह वैसे ही खेलता है जैसे मैं खेलता था, लेकिन वनडे में, उसने अभी तक ऐसा नहीं किया है। यह एक छोटा सा दिमागी बदलाव है जो उसे करना है, और उसके पास ऐसा करने के लिए आवश्यक सभी क्षमताएं हैं। मुझे उम्मीद है कि इस विश्व कप में उन्हें यह मौका मिलेगा। मुझे अभी तक यकीन नहीं है (अगर ऐसा होगा)। भारतीय टीम के संतुलन को देखते हुए, हो सकता है कि वह शुरुआत न करें। लेकिन विश्व कप एक लंबा टूर्नामेंट है, तो देखते हैं फिर क्या होता है।

17 सितंबर को एशिया कप खत्म होने के बाद भारत 22-27 सितंबर तक ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू मैदान पर तीन वनडे मैच खेलेगा, इसके बाद वे अपना पुरुष एकदिवसीय विश्व कप अभियान शुरू करने से पहले क्रमश: 30 सितंबर और 3 अक्टूबर को इंग्लैंड और नीदरलैंड के खिलाफ अभ्यास मैच खेलेंगे।

## मुक्केबाज मनीष कौशिक, मंजू रानी फाइनल में



**नई दिल्ली**। 2019 विश्व चैंपियनशिप की रजत पदक विजेता मंजू रानी और 2019 विश्व चैंपियनशिप के कांस्य पदक विजेता मनीष कौशिक ने शुक्रवार को बोस्निया और हर्जेगोविना के साराजेवो में 21वें मुस्तफा हजरुलाहोविच मेमोरियल टूर्नामेंट में समान सर्वसम्मत जीत के साथ फाइनल में प्रवेश किया। मनीष (63 किग्रा) ने भारत के लिए दिन की शुरुआत अफगानिस्तान के मोहम्मद सरवारी के खिलाफ की। मनीष ने अपने अनुभव का इस्तेमाल किया और अपने प्रतिद्वंद्वी को 5-0 से मात देने के लिए तीन राउंड में अपना सर्वश्रेष्ठ आक्रमण किया। फाइनल में अब मनीष का मुकाबला फिलिस्तीन के मोहम्मद सउद से होगा। मंजू रानी (50 किग्रा) ने हंगरी की पेट्रा मेजेई के खिलाफ रिंग में उतरते समय इसी तरह का दबदबा दिखाया। मंजू अपने त्वरित क्षण और शक्तिशाली मुक्कों से प्रतिद्वंद्वी के लिए बहुत मजबूत साबित हुईं और 5-0 से शानदार जीत के साथ फाइनल में पहुंच गईं। अब वह स्वर्ण पदक हासिल करने की कोशिश में अफगानिस्तान की सादिया ब्रोमांड से भिड़ेंगी। मंजू रानी (50 किग्रा), बरुण सिंह शगोलशेम (51 किग्रा), विनाक्षी (57 किग्रा), आकाश कुमार (57 किग्रा), मनीष कौशिक (63 किग्रा), नवीन कुमार (92 किग्रा) अपने फाइनल मुकाबले के लिए आज मैदान में उतरेंगे।

# लक्ष्य एशियाई खेलों में दमदार प्रदर्शन कर चीन से लौटना है : अभिषेक

नई दिल्ली, (देशबन्धु)। नौजवान स्ट्राइकर अभिषेक अपनी हॉकी स्टिक पर गेंद को लेकर तेज फर्राटे के साथ एक बनाम एक की स्थिति में प्रतिद्वंद्वी टीम के किले को भेद कर गोल करने की कूवत के कारण इसी महीने के हांगजू(चीन) में होने वाले 19 वें एशियाई खेलों में अनुभवी मंदीप सिंह और ललित उपाध्याय, गुरजंट सिंह और सुखजीत सिंह के साथ भारत के आक्रमण की धुरी रहने वाले हैं।

अभिषेक पहली बार एशियाई खेलों में शिरकत करने जा रहे हैं। दिल्ली से एकदम सटे हरियाणा के सोनीपत शहर के बाशिंदे 24 बरस के अभिषेक ने शुरू में हॉकी को जुनून की तरह चाहते वाले हिंदी शिक्षक शमशेर के प्रेरित किए जाने पर करीब 9 बरस की उम्र में हॉकी थामी और शुरू के दस बरस तक घास पर अपने कौशल को निखारने के बाद 2017 में नैशनल हॉकी अकेडमी (एनएचए) में चुने जाने पर पहली बार एस्ट्रो टर्फ पर खेलने के बाद खुद का खेल इतना निखारा की भी 2021-22 में एफआईएच प्रो हॉकी लीग से पहली बार भारतीय सीनियर सीनियर हॉकी में जगह बनाई। क्रेग फुल्टन से भारत के चीफ कोच ग्राहम रीड ने जब अभिषेक कों इस साल के शुरू में भुवनेश्वर और राउरकेला में हॉकी विश्व कप के लिए टीम में चुना और वह आखिर के मैचों में अपनी चमक दिखा पाए और टीम नौवें स्थान पर रही तो सभी ने कहा कि वह शायद इसके लिए अभी जेहनी तौर पर तैयार नहीं थे। बावजूद इसके अभिषेक के हर आलोचक तक ने उन्हें भारतीय हॉकी का भविष्य बताया। अभी हाल ही में चेन्नै में भारत की एशियन चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली टीम से 'आराम' दिए जाने के बाद अभिषेक को जब हांगजू एशियाई खेलों के लिए अनुभवी आकाशदीप सिंह और दिलप्रीत सिंह जैसे स्ट्राइकरों पर तवज्जो दे चुना गया तो किसी भी हैरानी नहीं हुई




■ सभी साथी और कोच मेरी गलती को दूर करने में सहयोग कर रहे हैं

24 बरस के अभिषेक भारत के लिए अब 48 मैच खेल कर 18 गोल कर चुके हैं। वह कहते हैं। एशियाई खेलों के लिए भारतीय टीम में स्थान पाने मैं रोमांचित हूं। मैं मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने को बेताब हूं। हांगजू एशियाई खेल बड़ा टूर्नामेंट है और हम उसी के मुताबिक तैयारी कर रहे हैं। हम एशियाई खेलों में पूरे आत्मविश्वास के साथ खेलेंगे।

## सार संक्षेप

### ऑलराउंडर माइकल नेसर ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय टीम में शामिल

**ब्लोमफोंटेन**। तेज गेंदबाजी ऑलराउंडर माइकल नेसर को दक्षिण अफ्रीका में चल रही श्रृंखला के लिए ऑस्ट्रेलिया की एकदिवसीय टीम में शामिल किया गया है ताकि मेहमानों को शेष श्रृंखला के लिए अतिरिक्त तेज गेंदबाजी विकल्प प्रदान किया जा सके। चयनकर्ता टोनी डोडेमाइड ने ईएसपीएन क्रिकइन्फो के हवाले से कहा, (वह) एक अनुभवी ऑल-फॉर्मेट क्रिकेटर है जो हमें दौरे के शेष भाग के लिए अतिरिक्त तेज गेंदबाजी विकल्प प्रदान करेगा। 33 वर्षीय नेसर के पास दो वनडे कैप हैं, जो ऑस्ट्रेलिया के 2018 के इंग्लैंड दौरे के दौरान आए, साथ ही दो टेस्ट मैच भी खेले। वह तीसरे मैच से पहले पोचेफस्ट्रूम में ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ जुड़ेंगे। क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया ने अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर लिखा है कि बाएं हाथ के तेज गेंदबाज स्पेंसर जॉनसन, जिन्हें मिचेल स्टार्क के ग्रोइन की समस्या से जूझने के कारण वनडे टीम में शामिल किया गया था, को अब मामूली हैमस्ट्रिंग चोट लगी है। रिपोर्ट के अनुसार, जॉनसन दौरे पर बने रहेंगे, और महीने के अंत में तीन मैचों की श्रृंखला के लिए टीम के साथ भारत की यात्रा करना जारी रखेंगे, लेकिन उनके साथ सतर्क रुख अपनाया जाएगा।

### हर खिलाड़ी आश्वस्त है और जीत पर ध्यान केंद्रित कर रहा है : बाबर आजम

**कोलंबो**। पाकिस्तान के कप्तान बाबर आजम रविवार को यहां अपने चिर प्रतिद्वंद्वी भारत के खिलाफ होने वाले एशिया कप के सुपर फोर के बहुप्रतीक्षित मुकाबले से पहले आश्वस्त दिख रहे हैं। शनिवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में बात करते हुए बाबर ने तैयारियों और टीम कॉम्बिनेशन पर रोशनी डाली और यह भी कहा कि सभी खिलाड़ी भारत के खिलाफ मैच जीतने को लेकर आश्वस्त हैं। बाबर ने कहा,हम मौसम को लेकर निराश नहीं हैं क्योंकि यह हमारे नियंत्रण में नहीं है। पूर्वानुमान में कहा गया था कि चारों दिन बारिश होगी, लेकिन अभी जिस तरह से सूरज चमक रहा है, उससे कुछ और ही पता चलता है।

# मेदवेदेव ने अल्काराज को हराया, फाइनल में जोकोविच से होगा मुकाबला

**न्यूयॉर्क**। दानिल मेदवेदेव ने यूएसटीए बिली जीन किंग में गत चैंपियन कार्लोस अलकराज को 7-6(3), 6-1, 3-6, 6-3 से हराकर अपने तीसरे यूएस ओपन फाइनल में प्रवेश किया। यूएस ओपन ने मेदवेदेव के हवाले से कहा, मैंने कहा था कि मुझे 10 में से 11 खेलने की जरूरत है। मैंने तीसरे सेट को छोड़कर, 10 में से 12 खेले। यही एकमात्र तरीका है (अल्काराज को हराने का)। वह बहुत युवा है, पहले से ही दो ग्रैंड स्लैम जीत चुका है, कई हफ्तों तक विश्व नंबर 1 रहा है, ईमानदारी से कहूं तो यह बहुत अविश्वसनीय है और मुझे लगता है कि उससे पहले किसी ने भी ऐसा नहीं किया है, इसलिए उसे हराने के लिए आपको यह करना होगा अपने आप से बेहतर बनो और मैं यह करने में कामयाब रहा। दो सुपरस्टारों के मैचअप में, जिनमें से प्रत्येक के पास अप्राकृतिक टेनिस प्रतिभाओं का अपना अनूठा सेट है, 2021 न्यूयॉर्क चैंपियन, मेदवेदेव ने अपने शानदार बेसलाइन खेल के ब्रांड के साथ अल्काराज के आक्रामक खेल को बेअसर करने के लिए अपनी गणना बिल्कुल सही की। तीसरे वरीय ने भी शानदार सर्विंग प्रदर्शन का सहारा लिया, जो दूसरे सेट में चरम पर था, जब उन्होंने लगातार तीन लव होल्ड हासिल किए।



मेदवेदेव शुरुआत में टिके हुए थे, कई कठिन पकड़ से जूझ रहे थे और पहले सेट के केवल दो ब्रेक प्वाइंट बचाए क्योंकि अल्काराज ब्लॉक से बाहर चला गया। लेकिन स्थिति तब बदलनी शुरू हुई जब मेदवेदेव ने सेट के अंत में सर्विस पर लगातार 12 अंक जीते, जिसमें लव होल्ड की एक जोड़ी भी शामिल थी। तीसरी वरीयता प्राप्त खिलाड़ी ने डबल फॉल्ट से उबरते हुए टाईब्रेक में चार-पॉइंट ब्लिट्ज में दो फोरहैंड विनर्स मारकर सेट को 3-3 कर दिया। मेदवेदेव ने सेट दो में तत्काल ब्रेक के साथ उस बढ़त को हासिल कर लिया, और उन्होंने सेट में सर्विस पर एक भी अंक नहीं खोया।

# मेरा कार्यभार किसी और से दोगुना या तीन गुना अधिक है : हार्दिक

**कोलंबो**। एशिया कप में पाकिस्तान के खिलाफ भारत के सुपर फोर मैच से पहले, ऑलराउंडर और उप-कप्तान हार्दिक पांड्या ने एक ऑलराउंडर की अनूठी चुनौतियों और मानसिकता पर प्रकाश डालते हुए कहा कि एक मैच में उनका कार्यभार किसी भी अन्य की तुलना में दोगुना या तीन गुना अधिक होता है। इंग्लैंड में 2019 वनडे विश्व कप समाप्त होने के बाद, पांड्या की पीठ की बड़ी सर्जरी हुई, जिससे उनकी हरफनमौला प्रदर्शन क्षमता सीमित हो गई। लेकिन जीवनशैली और फिटनेस दृष्टिकोण में बदलाव के परिणामस्वरूप वह अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर वापस आ गए हैं और भारत में 2023 पुरुष एकदिवसीय विश्व कप से पहले टीम के लिए एक विश्वसनीय ऑलराउंडर बन गए हैं।



पांड्या ने स्टार स्पोर्ट्स से कहा, एक ऑलराउंडर के रूप में, मेरा कार्यभार अन्य सभी की तुलना में दोगुना या तीन गुना है। जब टीम में एक बल्लेबाज जाता है और बल्लेबाजी करता है और अपनी बल्लेबाजी खत्म करता है और पवेलियन जा रहा होता है, तो मैं उसके बाद भी गेंदबाजी करूंगा। इसलिए मेरे लिए, सभी प्रबंधन, सारा जोर लगाना और सब कुछ सत्र या मेरे प्रशिक्षण या मेरे प्री-कैंप सीज़न के दौरान होता है। मैच के दिनों में, पांड्या देखते हैं कि उनकी भूमिका किसी विशेष स्थिति में परिस्थितियों और आवश्यकताओं के अनुसार समायोजित हो जाती है और काम पूरा करने के लिए खुद का समर्थन करते हैं। जब मैच आता है, तो यह इस बारे में अधिक होता है कि टीम को क्या चाहिए, और प्रबंधन पक्ष पार्क से बाहर चला जाता है, और यह अधिक व्यावहारिक निर्णय है कि मेरे लिए कितने ओवरों की आवश्यकता है।

# बांग्लादेश बनाम श्रीलंका एशिया की दूसरी बड़ी प्रतिद्वंद्विता है : इरफान पठान

**नई दिल्ली**। भारत के पूर्व हरफनमौला खिलाड़ी इरफान पठान ने कहा है कि बांग्लादेश और श्रीलंका की प्रतिद्वंद्विता एशिया कप में दूसरी सबसे बड़ी प्रतिद्वंद्विता है। एशिया कप में बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच 16 बार आमना-सामना हुआ है, जिनमें से 13 बार श्रीलंका ने जीत हासिल की है, जबकि बांग्लादेश केवल 3 बार ही जीत हासिल कर सका है।

बांग्लादेश और श्रीलंका के बीच कोलंबो में सुपर 4 स्टेज का दूसरा मैच चल रहा है, बांग्लादेश ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी चुनी है। स्टार स्पोर्ट्स से बात करते हुए, पठान ने दोनों टीमों की शानदार प्रतिद्वंद्विता पर प्रकाश डाला और दोनों टीमों को एशिया कप में एक कठिन प्रतियोगी के रूप में श्रेय दिया।

> क्रिकेटर इन प्रतिद्वंद्विताओं को बहुत दिलचस्प बनाते हैं। यदि मुशफिकुर रहीम ने नागिन नृत्य नहीं किया होता जो बहुत लोकप्रिय हुआ, तो उनकी प्रतिद्वंद्विता थोड़ी कम होती। अंतत:, क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अगर अच्छा क्रिकेट नहीं होगा तो आप प्रतिद्वंद्विता का आनंद भी नहीं ले पाएंगे और यहां भी आपको यही देखने को मिलेगा : इरफान पठान



इरफ़ान ने कहा, क्रिकेटर इन प्रतिद्वंद्विताओं को बहुत दिलचस्प बनाते हैं। यदि मुशफिकुर रहीम ने नागिन नृत्य नहीं किया होता जो बहुत लोकप्रिय हुआ, तो उनकी प्रतिद्वंद्विता थोड़ी कम होती। अंतत:, क्रिकेट प्रतिद्वंद्विता बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। अगर अच्छा क्रिकेट नहीं होगा तो आप प्रतिद्वंद्विता का आनंद भी नहीं ले पाएंगे और यहां भी आपको यही देखने को मिलेगा। यह निदहास ट्रॉफी 2018 के दौरान था जब श्रीलंका के खिलाफ 215 रनों का पीछा करते हुए बांग्लादेश एक बड़ी हार की ओर देख रहा था। हालाँकि, मुशफिकुर ने अपनी 72 रनों की तेज़ पारी से खेल का रुख पलट दिया और हार के जबड़े से जीत छीन ली। विजयी छक्का लगाने के तुरंत बाद, उन्होंने श्रीलंकाई भीड़ के सामने %नागिन नृत्य% शुरू किया जो जल्द ही दुनिया भर में लोकप्रिय हो गया।

हालांकि , इसकी शुरुआत मुशफिकुर रहीम ने नहीं की थी। नजमुल इस्लाम अपू ने इस प्रवृत्ति की शुरुआत तब की जब वह बांग्लादेश प्रीमियर लीग में अपनी फ्रेंचाइजी राजशाही किंग्स के लिए खेल रहे थे। इरफ़ान ने मथीसा पथिराना की गेंदबाजी शैली पर भी प्रकाश डाला और इसे अद्वितीय पाया, और उन्हें उनके आगे के करियर के लिए शुभकामनाएं दीं।

इरफ़ान ने कहा, उनमें बहुत सारे गुण हैं जो उन्हें श्रीलंका का स्टार खिलाड़ी बनाते हैं। बॉलिंग करते समय सभी फैंस का ध्यान उनके हाथ पर रहता है, वह जो स्लिंगिंग एक्शन करता है, वही उसे इतना अनोखा बनाता है। ऐसी गेंद से निपटना बहुत कठिन होता है. गेंद डालते समय कसुन राजिथा का हाथ ऊपर की ओर आता है लेकिन दूसरी ओर, मथीसा पथिराना का हाथ अंपायर के ठीक पास से आता है जिसे पकड़ना बहुत मुश्किल होता है। दोनों के बीच लगभग 56 डिग्री का बहुत बड़ा अंतर है। उनकी स्लिंग शैली के अलावा, जो चीज़ उन्हें इतना अनोखा बनाती है वह यह है कि वह अपनी पीठ के निचले हिस्से के बल का उपयोग करके गेंद फेंकते हैं।

उनका स्टाइल कंधे-कूल्हे के अलगाव का एक आदर्श उदाहरण है। उन्होंने निष्कर्ष निकाला, वह महान मलिंगा की तुलना में खुद को अधिक मोड़ते हैं और जितना अधिक आप अपने शरीर को मोड़ते हैं, आपकी पीठ पर उतना ही अधिक दबाव पड़ता है। वह अभी सिर्फ 20 साल की छोटी उम्र में है और यह भविष्य में उसके लिए हानिकारक हो सकता है। हम आशा करते हैं कि इस दोहराव वाली कार्रवाई से उनकी मांसपेशियां और भी मजबूत हो जाएंगी और हम उनके लंबे सफल करियर के लिए शुभकामनाएं देते हैं।

## सुडोकू 6312 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 2 | 5 | 4 | 9 | 8 | 1 | 7 | 6 |
| 7 | 1 | 8 | 5 | 6 | 2 | 3 | 4 | 9 |
| 9 | 6 | 4 | 3 | 1 | 7 | 8 | 2 | 5 |
| 8 | 9 | 6 | 2 | 3 | 1 | 4 | 5 | 7 |
| 2 | 5 | 3 | 7 | 4 | 9 | 6 | 8 | 1 |
| 1 | 4 | 7 | 6 | 8 | 5 | 2 | 9 | 3 |
| 5 | 7 | 1 | 8 | 2 | 3 | 9 | 6 | 4 |
| 6 | 8 | 9 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 |
| 4 | 3 | 2 | 9 | 7 | 6 | 5 | 1 | 8 |

# [ अर्थ जगत ]

## अंतरराष्ट्रीय बाजार में गिरे कच्चे तेल के दाम

**नई दिल्ली।** समेत कई शहरों में पेट्रोल-डीजल की कीमतें स्थिर बनी हुई हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की बात करें तो सऊदी अरब और रूस के तेल उत्पादन में कटौती के फैसले से कच्चे तेल की कीमत में बढ़त पर कारोबार हो रहा है। डब्ल्यूटीआई क्रूड ऑयल 87.23 डॉलर प्रति बैरल पर है, जबकि ब्रेंट क्रूड ऑयल 90.44 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा है



# मॉनसून में देरी के बावजूद धान का रकबा 400 लाख हेक्टेयर पार

*__नई दिल्ली।__ खरीफ फसलों की बोआई लगभग खत्म हो चुकी है। मॉनसून में देरी और इसके बाद बारिश में कमी के बावजूद खरीफ सीजन की प्रमुख फसल धान का रकबा 400 लाख हेक्टेयर पार कर गया, जबकि धान को पानी की सबसे ज्यादा जरूरत होती है। दलहन फसलों की बोआई में सबसे ज्यादा गिरावट दर्ज की गई है। तिलहन फसलों का रकबा भी करीब एक फीसदी घटा है।*

**धान का रकबा 2.70 फीसदी बढ़ा** – सरकारी आंकड़ों के मुताबिक 8 सितंबर तक 403.41 लाख हेक्टेयर में धान की बोआई हो चुकी है, जबकि पिछले साल की समान अवधि में यह आंकडा 392.81 लाख हेक्टेयर था। मानसून देर से आने के बावजूद धान के रकबा में 2.70 फीसदी बढोतरी दर्ज की गई है। गन्ने का रकबा 7.66 फीसदी बढ़कर 59.91 लाख हेक्टेयर रहा। कपास की बोआई में करीब 2 फीसदी कमी आई है। खरीफ फसलों की कुल बोआई पिछले साल के लगभग बराबर ही है। इस साल अब तक 1,088.50 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलें बोई जा चुकी हैं। पिछले साल इस समय 1,088 लाख हेक्टेयर में खरीफ फसलें बोई गईं थी।

**दलहन फसलों का रकबा 8.59 फीसदी घटा** – इस सप्ताह तक 119.91 लाख हेक्टेयर में दलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि की बोआई 131.17 लाख हेक्टेयर से 8.59 फीसदी कम है। खरीफ सीजन की प्रमुख दलहन फसल अरहर का रकबा 5.89



फीसदी घटकर 42.92 लाख हेक्टेयर, मूंग का रकबा 7.60 फीसदी घटकर 31.11 लाख हेक्टेयर और उड़द का रकबा 13.98 फीसदी घटकर 31.89 लाख हेक्टेयर रहा।

**सोयाबीन की बोआई में इजाफा, कुल तिलहन फसलों का रकबा घटा** – इस खरीफ सीजन में तिलहन फसलों की बोआई में मामूली गिरावट दर्ज की गई है। इस सप्ताह तक 191.49 लाख हेक्टेयर में तिलहन फसलों की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 193.30 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से 0.93 फीसदी कम है।

हालांकि खरीफ सीजन की प्रमुख तिलहन फसल सोयाबीन का रकबा एक फीसदी बढ़कर 125.40 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया।

खरीफ सीजन की दूसरी प्रमुख तिलहन फसल मूंगफली का रकबा 3.46 फीसदी घटकर 43.73 लाख हेक्टेयर रह गया। तिल का रकबा 7.62 फीसदी गिरावट के साथ 11.98 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया। अरंडी का रकबा 13.36 फीसदी बढ़कर 9 लाख हेक्टेयर हो गया।

**मोटे अनाजों की बोआई बढ़ी** – चालू खरीफ सीजन में अब तक 182.21 लाख हेक्टेयर में मोटे अनाज की बोआई हो चुकी है, जो पिछली समान अवधि में 181.24 लाख हेक्टेयर में हुई बोआई से करीब आधा फीसदी अधिक है। बाजरा का रकबा 0.38 फीसदी बढ़कर 70.84 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया।

मक्का की बोआई 2.36 फीसदी बढ़कर 83.33 लाख हेक्टेयर और रागी का रकबा 0.56 फीसदी घटकर 8.73 लाख हेक्टेयर रहा, जबकि ज्वार का रकबा 1.50 फीसदी बढ़कर 14.08 लाख हेक्टेयर दर्ज किया गया।



## वित्त मंत्री ने अमेरिकी वित्त मंत्री जेनेट येलेन के साथ की द्विपक्षीय बैठक

**नई दिल्ली।** केंद्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने नई दिल्ली में शुरू हो रहे जी-20 शिखर सम्मेलन से एक दिन पहले शुक्रवार को अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन के साथ द्विपक्षीय बैठक की। इस दौरान जी-20 की प्राथमिकताओं के बारे में चर्चा की। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने अमेरिका की वित्त मंत्री जेनेट येलेन के साथ यहां मुलाकात की। इस दौरान दोनों नेताओं ने वैश्विक आर्थिक एवं वित्तीय मुद्दों के बारे में दोनों लोकतंत्रों के बीच जी-20 की शीर्ष प्राथमिकताओं और द्विपक्षीय सहयोग पर चर्चा की। इससे पहले वित्त मंत्री सीतारमण ने नाइजीरिया के वित्त एवं अर्थव्यवस्था मंत्री अदेबायो ओलावाले एडुन और नाइजीरिया के बजट एवं राष्ट्रीय योजना मंत्री अबुबकर अतीकू बागुडु के साथ भी बैठक की। इन मंत्रियों ने कई क्षेत्रों में आपसी हित के मुद्दों पर चर्चा की। एडुन ने नाइजीरियाई अर्थव्यवस्था के विकास में भारतीय मूल के नाइजीरियाई नागरिकों के समृद्ध योगदान की सराहना की।

# आयकर अधिकारी स्टार्टअप निवेशकों से मांग सकते हैं आईटीआर की जानकारी

*__नयी दिल्ली।__ आयकर अधिकारी स्टार्टअप निवेशकों द्वारा दाखिल किए गए आईटीआर के बारे में विवरण मांग सकते हैं ताकि यह पता लगाया जा सके कि निवेश की गई राशि उनके व्यक्तिगत आईटीआर में दिखाई गई आय के अनुरूप है या नहीं। आयकर विभाग ने यह जानकारी दी।*

सोशल नेटवर्किंग मंच एक्स पर शुक्रवार को भारतपे के सह-संस्थापक अश्नीर ग्रोवर की एक पोस्ट का जवाब देते हुए आयकर विभाग ने कहा कि वित्त अधिनियम 2012 में कहा गया है कि किसी निवेशक को स्टार्टअप में निवासी शेयरधारक से धन के स्रोत के बारे में भी बताना होगा। ग्रोवर ने यह मुद्दा उठाया था कि %पिछले एक महीने में कई स्टार्टअप को टैक्स नोटिस मिले हैं, जिसमें उनके शेयरधारकों के बारे में जानकारी देने को कहा गया है। आयकर विभाग ने कहा, इस मामले में, प्रतीत होता है कि विभाग ने शेयरधारक-निवेशक द्वारा लेनदेन की वास्तविकता और निवेश के स्रोत की जांच करने की मांग की है, ताकि यह सत्यापित किया जा सके कि निवेश की गई राशि निवेशकों के आईटीआर में दिखाई गई आय के अनुरूप है या नहीं। विभाग ने कहा, वैकल्पिक रूप से, यदि कंपनी द्वारा निवेशकों के पैन निर्धारण अधिकारी (एओ) के साथ साझा किए जाते हैं, तो वह निवेशकों के आईटीआर को सत्यापित कर सकता है।




## अडानी के प्रमोटर्स ने खरीदे अपनी ही कंपनी के शेयर

**नई दिल्ली।** गौतम अडानी समूह की कंपनी अडानी एंटरप्राइजेज के प्रमोटर्स ने अपनी हिस्सेदारी को बढ़ाई है। अडानी एंटरप्राइजेज के प्रमोटरों ने 21 अगस्त से 7 सितंबर के बीच कंपनी में 2.06 प्रतिशत अतिरिक्त हिस्सेदारी हासिल की, जिससे उनकी हिस्सेदारी 71.93 प्रतिशत हो गई। भारतीय बाजार के नियमों के मुताबिक प्रमोटर किसी कंपनी में 75 फीसदी से ज्यादा हिस्सेदारी हासिल नहीं कर सकते। कितनी बढ़ाई हिस्सेदारी- केंपास ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड द्वारा 21 अगस्त से 22 अगस्त के बीच 0.61 प्रतिशत हिस्सेदारी खरीदी गई।

वहीं, 30 अगस्त से 7 सितंबर के बीच अतिरिक्त 1.46 प्रतिशत हिस्सेदारी इनफिनिट ट्रेड एंड इन्वेस्टमेंट लिमिटेड ने खरीदी। दोनों कंपनियों को अडानी समूह द्वारा प्रवर्तकों के रूप में पहचाना गया है।

# अमेरिका से पोल्ट्री उत्पाद का आयात होगा सस्ता, टैक्स घटाने पर भारत राजी

*__नई दिल्ली।__ भारत से अमेरिका में कुछ पोल्ट्री प्रोडक्ट का आयात सस्ता होने जा रहा है क्योंकि पोल्ट्री उत्पादों के ट्रेड को लेकर भारत और अमेरिका के बीच डब्ल्यूटीओ में चल रहा विवाद अब खत्म हो गया है, भारत पोल्ट्री प्रोडक्ट्स पर टैरिफ घटाने पर राजी हो गया है.भारत ने यह कदम अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन की भारत यात्रा से ठीक पहले उठाया है. जो बाइडेन भारत में जी-20 शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए पहुंचे हैं.*



भारत की तरफ से अमेरिका से इंपोर्ट होने वाले फ्रोजन टर्की, फ्रोजन बतख, फ्रेस-सूखे और प्रोसेस किए हुए ब्लूबेरी तथा क्रेनबेरी के इंपोर्ट पर लगाए गए टैरिफ को हटाया जाएगा. अमेरिका के ट्रेड रिप्रिजेंटेटिव कार्यालय एसटीआर की तरफ से यह जानकारी दी गई है. स्ञ्रक्र के अधिकारियों ने कहा है कि भारत की तरफ से टैरिफ हटाए जाने से दोनों देशों के बीच आर्थिक और व्यापारिक रिश्ते मजबूत होंगे. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा के दौरान भारत और अमेरिका में सहमति बनी थी, जिसके तहत विश्व व्यापार संगठन यानी डब्ल्यूटीओ में चल रहे ट्रेड विवादों को डब्ल्यूटीओ से बाहर सेटल किया जाना था. अभी तक इस समझौते के तहत भारत और अमेरिका के बीच 6 ट्रेड विवाद डब्ल्यूटीओ के बाहर सेटल हो चुके हैं. समझौते के तहत अमेरिका ने भा भारत से इंपोर्ट होने वाले कई प्रोडक्ट्स पर टैक्स में कटौती की है, जिनमें स्टील और एल्यूमीनियम प्रोडक्ट शामिल हैं.भारत का सबसे बड़ा व्यापार साझीदार अमेरिका है और दोनों देशों के बीच सालाना 100 अरब डॉलर से ज्यादा का व्यापार होता है जिसमें भारत से अमेरिका को निर्यात होने वाला सामान ज्यादा है और अमेरिका से भारत में आयात होने वाला सामान कम. वित्तवर्ष 2022-23 के दौरान दोनों देशों के बीच 128 अरब डॉलर का वस्तु व्यापार हुआ है, इसमें 78.31 अरब डॉलर का भारत से अमेरिका को निर्यात हुआ है और 50.24 अरब डॉलर का भारत में आयात. वित्तवर्ष 2021-22 के दौरान दोनों देशों के बीच 119.5 अरब डॉलर का व्यापार हुआ था.

# कनाडा और अमेरिका की पाबंदी, पर्यटन से जुड़े लोग निराशा!, इस साल 18000 विदेशी टूरिस्ट पहुंचे

*__जम्मू।__ कश्मीरियों के लिए वाकई खुशी के पल हैं कि एक लंबे अरसे के बाद कश्मीर में आने वाले विदेशी पर्यटकों की संख्या में भारी उछाल आया है। हालांकि प्रशासन कहता है यह जी-20 की बैठक का नतीजा है इस साल अभी तक चाहे रिकार्ड तोड़ 1.27 करोड़ देसी पर्यटकों ने अभी तक जम्मू कश्मीर का दौरा किया है।*

पर कश्मीरियों को सबसे ज्यादा खुशी विदेशी पर्यटकों के आने से हो रही है, चाहे विदेशी पर्यटकों की संख्या मुट्ठी भर ही है। पर अभी तक कनाडा और अमेरिका द्वारा अपने नागरिकों पर जम्मू कश्मीर जाने पर लगाई गई पाबंदियों को न हटाए जाने से पर्यटन व्यवसाय से जुड़े लोगों के माथे पर चिंता की लकीरें साफ दिखती हैं।

इस साल अभी तक कोई ज्यादा विदेशी पर्यटक कश्मीर नहीं आए। इनकी संख्या 18000 के लगभग है जो पिछले एक दशक में बहुज ज्यादा मानी जा रही है। हालांकि आने वाले कुल पर्यटकों की संख्या के मुकाबले यह आंकड़ा ऊंट के मुंह में जीरे के समान ही है। यह आंकड़ा जनवरी से अगस्त के अंत तक का है।



पर वे देसी पर्यटकों की संख्या के आगे भारी इसलिए पड़ते थे क्योंकि जहां देसी पर्यटक 3 से 5 दिनों तक ही कश्मीर में रुकते थे तो विदेशी पर्यटक कम से कम दो सप्ताह और कभी कभी तीन महीने तक का कार्यक्रम बना कश्मीर की खूबसूरत वादियों का नजारा ले रहे हैं। यही नहीं खर्च के मामले में भी विदेशी पर्यटक सबसे आगे माने जाते हैं। एक हाउसबोट वाले रियाज अहमद के बकौल, देसी पर्यटकों का बजट कुछ भी नहीं होता है पर विदेशी पर्यटक जन्नत का नजारा लुटने को लूटने को भी तैयार रहते हैं। यही कारण है कि कश्मीर में जब से आतंकवाद फैला है तबसे लेकर अब तक तत्कालीन सरकारों का जोर ज्यादा से ज्यादा विदेशी पर्यटकों को कश्मीर की ओर आकर्षित करने का इसलिए रहा था। ताकि वे कश्मीर की अर्थव्यवस्था को ढर्रे पर लाने में योगदान दे सकें। यह बात अलग है कि इस साल जनवरी में यहां मात्र 260 विदेशी पर्यटकों नें कश्मीर का रुख किया था वह संख्या अगस्त के अंत तक आते आते 18 हजार को पार कर गई। पर अभी तक कनाडा और अमेरिका जैसे देशों द्वारा अपने नागरिकों के कश्मीर की ओर जाने से आगाह किए जाने के कारण कश्मीर में पर्यटन व्यवसाय से जुड़े कश्मीरी चिंता में हैं। उनकी संख्या अर्थ व्यवस्था को लेकर है।

जबकि यह भी सच्चाई है कि अभी भी कुछेक अन्य देशों द्वारा अपने नागरिकों की कश्मीर यात्रा प्रतिबिंधित है। इस प्रतिबंध को इतने सालों से हटवा पाने में भारत सरकार कामयाब नहीं हो पाई है।

# विदेशी मुद्रा भंडार 4.039 अरब डॉलर से बढ़कर 598.89 अरब डॉलर पर

*__मुंबई/नई दिल्ली।__ अर्थव्यवस्था के मोंचे पर अच्छी खबर है। देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक सितंबर को समाप्त हफ्ते में 4.039 अरब डॉलर बढ़कर 598.897 अरब डॉलर हो गया है। रिजर्व बैंक ऑफ इंडिया (आरबीआई) ने यह जानकारी दी। आरबीआई ने शुक्रवार को जारी आंकड़ों में बताया कि एक सितंबर को समाप्त हफ्ते में देश का विदेशी मुद्रा भंडार 4.039 अरब डॉलर से बढ़कर 598.897 अरब डॉलर हो गया है।*



इससे पिछले हफ्ते देश का विदेशी मुद्रा भंडार तीन करोड़ डॉलर से घटकर 594.858 अरब डॉलर रह गया था। आंकड़ों के मुताबिक एक सितंबर को समाप्त हफ्ते में विदेशी मुद्रा भंडार का अहम घटक विदेशी मुद्रा परिसंपत्तियां 3.442 अरब डॉलर से बढ़कर 530.691 अरब डॉलर पर पहुंच गया है। इस अवधि में स्वर्ण भंडार का मूल्य 58.4 करोड़ डॉलर से बढ़कर 44.939 अरब डॉलर हो गया। रिजर्व बैंक के अनुसार विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 10 लाख डॉलर से बढ़कर 18.195 अरब डॉलर हो गया। वहीं, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास रखा देश का मुद्रा भंडार 1.2 करोड़ डॉलर से बढ़कर 5.073 अरब डॉलर हो गया। उल्लेखनीय है कि अक्टूबर, 2021 में देश का विदेशी कुल मुद्रा भंडार बढ़कर 645 अरब अमेरिकी डॉलर के सर्वकालिक उच्चतम स्तर पर पहुंच गया था।

# अगस्त में खुले करीब 31 लाख नए डीमैट खाते

*__नई दिल्ली।__ अगस्त में करीब 31 लाख नए डीमैट खाते खुले क्योंकि मिड व स्मॉलकैप में तेजी और आरंभिक सार्वजनिक निर्गम के अच्छे प्रदर्शन ने निवेशकों को इक्विटी बाजार की ओर खींचा।*

शेयरों की ट्रेडिंग और उसे इलेक्ट्रॉनिक रूप में रखने के लिए आवश्यक 31 लाख नए डीमैट खाते अगस्त में दो डिपॉजिटरीज सीडीएसएल और एनएसडीएल के पास खुले, जो जनवरी 2022 के बाद सबसे ज्यादा है।अगस्त में खुले नए डीमैट खाते मासिक आधार पर 2.4 फीसदी ज्यादा हैं और पिछले 12 महीने के औसत 20 लाख से 47 फीसदी अधिक है। अब कुल डीमैट खातों की संख्या 12.66 करोड़ हो गई है, जो कोविड के बाद 3.1 गुना बढ़ा है। एक्सचेंज के सूत्रों ने कहा कि पहली बार यूनिक क्लाइंट कोड (यूसीसी) 14 करोड़ पर पहुंचा है। एक डीमैट खाते के कई यूसीसी हो सकते हैं और एक पैन के तहत कई डीमैट खाते खुलवाए जा सकते हैं। देश में यूनिक इन्वेस्टर की संख्या अनुमानित तौर पर 6 करोड़ हो सकती है। बेंचमार्क सूचकांकों में अगस्त के दौरान हालांकि गिरावट आी, लेकिन मिड व स्मॉलकैप सूचकांकों ने बेहतर प्रदर्शन किया। अगस्त में निफ्टी 2.5 फीसदी टूटा, लेकिन निफ्टी मिडकैप 100 और निफ्टी स्मॉलकैप 100 में




क्रमशः 3.7 फीसदी व 4.6 फीसदी की तेजी दर्ज हुई। इसके अतिरिक्त चढ़ने वाले शेयरों की संख्या गिरावट वालों के मुकाबले ज्यादा रही। अगस्त में बीएसई पर 2,126 शेयर चढ़े जबकि 1,955 में गिरावट आई, जो चढ़ने व गिरने वाले शेयरों का अनुपात 1.1 बताता है। देसी बाजार में चढ़ने व गिरने वाले शेयरों का अनुपात व्यापक बाजार में उम्दा प्रदर्शन के बीच अप्रैल के बाद से एक से ऊपर रहा है। 5 पैसा के पूर्णकालिक निदेशक और चीफ बिजनेस अफसर प्रकाश गगडानी ने कहा, कई मिडकैप शेयर सर्वोच्च स्तर पर पहुंच रहे हैं और उनका ट्रेडिंग वॉल्यूम भी काफी है।


**महावर ट्रेडिंग कंपनी, गांधीगंज**

फोन- 4067270, 9826035338

प्रति क्विंटल- राहर दाल एवरेज 12000-13000, मीडियम बोल्ड 13000-14000, फाइन 14000-15000, एक्स्ट्रा बोल्ड 14500-15000, चना दाल एवरेज 6300-6500 चना दाल मार्का 6600-6800, मसूर दाल एवरेज 7000-7200, मसूर दाल फाइन 7400-7500, उड़द छिलका 8000-8500, फाइन 8500-9000, उड़द धुली 9000-9500, फाइन 10000-11000, मूंग दाल छिलका 8500-9000, मूंग दाल फाइन 9000-9500, मूंगदाल धुली 9000-9500,फाइन 9500-10000।

चावल - पुराना चावल सरना चालू 3000-3200, बेस्ट 3200-3300, बीपीटी चालू 3800-4000, फाइन 4200-4500,एचएमटी-4500-4900 फाइन-5200-5400 दुबराज भाटापारा 5000-5500, जेजेएल चालू 5200-5300, फाइन 5500-5600, बासमती कनकी चालू 2500-2800, बासमती कनकी मीडियम 3200-3600, बेस्ट 4000-4500, मोगरा-5000-5200, दुबार- 5500-6000, तिबार- 7000-7500, बासमती 8000-10000, बेस्ट 11000-11500 पोहा-4000-4200, फाइन 4400-4600, मुरमुरा-5000-5500, फाइन- 6800-7200, रु.।

**सोहन लाल एण्ड संस**

रसल चौक फोन- 9425156095

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60450 चांदी टंच- 72300 चांदी रिफाइन -73500

**दुल्हन श्री आभूषण**

कमानिया गेट, सराफा बाजार- मो. 9425860998,9826307100

सोना बुलियन (प्रति 10 ग्राम) फाइन भाव-60450 चांदी टंच- 72300 चांदी रिफाइन -73500


**रुपया के मुकाबले अन्य मुद्राएं**

| मुद्रा | रुपया |
|---|---|
| एक अमेरिकी डॉलर | 82.94 |
| एक यूरो | 88.76 |
| एक ब्रिटिश पाउंड | 103.43 |
| एक आस्ट्रेलियन डॉलर | 52.87 |
| एक जापानी येन | 0.56 |


**परफेक्ट हैचरीज एंड पोल्ट्री प्रोडेक्ट इंडिया प्रा. लि.**

864 मारुति शोरूम के सामने फोन- 2412223,9329428085

जिंदा बायलर्स बड़ा- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स मीडियम- फार्म रेट 130 प्रति कि.
जिंदा बायलर्स छोटा- फार्म रेट-132 प्रति कि.
जिंदा मुर्गी लेयर कल्स- 75 नेट प्रति किलो
जिंदा काकरेल-मुर्गा- 160रु. किलो
(जिंदा थोक फार्म रेट)

**अग्रवाल आयरन ट्रेडर्स**

शास्त्री-ब्रिज 4004070, 2402070

भाव प्रति क्विं.- 5.5 एम एम 6400, 6 एम एम 6400, 8 एम एम 6000, 10 एम एम 5800,12 एम एम, 5 ]00 एवं 16 एम 5800 रु.। तार- 75 रु. किलो।

**देशबन्धु**

**ग्राहक सेवा**

रेमण्ड से ट्रेनिंग प्राप्त फ्यूजिंग सूट, ट्राउजर शर्ट स्पेशलिस्ट

**टेलर्स वारिस**

शॉप नं. 3 आनंद टॉकीज शॉपिंग काम्पलेक्स, जबलपुर फोन: 2405596

मो.-9424392281, 9425152707

देग्रासे सी 30/7/2022

100 प्रतिशत गारन्टेड इलाज

क्या आपको गुप्त रोग है। अंडकोष, बवासीर, सेक्स से संबंधित रोगों के स्थायी इलाज के लिए मिलें

**बिना ऑपरेशन**

**डॉ. विश्वास**

राइट टाउन, प्रेम मंदिर, होटल पंकज पेलेश के पीछे

मो: 9827042596

देग्रासे-सी-31/7/22

नोट- पाठकों को सूचना दी जाती है कि किसी भी विज्ञापन पर कार्यवाही जैसे पैसा भेजना, कोई खर्च करना या प्रकाशित विज्ञापन के विश्वास पर किसी प्रकार संबंध बनाना आदि करने से पूर्व आवश्यक/संपूर्ण जानकारी कर लेवें। देशबन्धु यह भी घोषित करता है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित होने वाले किसी भी राजनैतिक, सामाजिक अथवा अन्य प्रकार के विज्ञापनों से देशबन्धु का कोई सरोकार नहीं है। अतः विज्ञापनदाता द्वारा जारी किये गये किसी भी प्रकार के दावे/ प्रस्तुतिकरण के लिये जिम्मेदार नहीं हैं।


प्रकाशक-गिरिराज चाचा, मुद्रक-मोहन सुरजन द्वारा पत्रकार प्रकाशन प्रा. लिमि. के लिये देशबन्धु काम्पलेक्स नौदराब्रिज जबलपुर से प्रकाशित एवं श्रीजी प्रिंटर्स से मुद्रित, सम्पादक-अशोक मिश्रा, * ( * पी.आर.बी. एक्ट के तहत समाचार चयन के लिये जिम्मेदार )
फोन संपादकीय-4006577 व्यवस्था - 4085031, 4085679, 2626244 आर.एन.आई. पंजी. क्रमांक 38276/71 डाक पंजीयन क्रमांक-एसएसपी जबलपुर /04/2020-2022 E mail- Jabdesh1@yahoo.com

मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना

# जीवन को मिला है नया हौसला नयी उमंग



## मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान आज भेजेंगे

**1.31 करोड़** लाड़ली बहनों को

सिंगल क्लिक से **₹ 1269 करोड़**


अक्टूबर से मिलेंगे **₹ 1250**

बढ़कर मिलेंगे हर महीने **₹ 3000**



10 सितम्बर, 2023 । अपराह्न 1:00 बजे

फूलबाग मैदान, ग्वालियर



सीधा प्रसारण Webcast.gov.in/mp/cmevents @Cmmadhyapradesh @jansampark.madhyapradesh @Cmmadhyapradesh @jansamparkMP JansamparkMP

D-11097/23

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2023